फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 78 प्रभात जयपुर, मंगलवार 18 अक्टूबर , 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBIT



A Small News Item

"Times have changed," one of the beggars had told her.
"People have no money to give us and no food to throw out."

These Sports Are Better For Young Athletes

Lokrang: Myriad Hues of Folk Culture — The annual cultural festival @ JKK



*गत 6 सप्ताह में बर्ड फ्लू की वजह से साउथ अफ्रीका के एक ब्रीडिंग सैंटर में 30 अफ्रीकन पैनग्विन्स की मौत हो गई। सदर्न एफ्रिकन फाउण्डेशन फॉर द कोस्टल बड्र्स संस्था के पशु चिकित्सक डॉ. डेविड रॉबट्र्स ने बताया कि "28 सी बड्र्स बर्ड फ्लू की वजह से या तो मर गए या संक्रमित हो गए जिसकी वजह से उन्हें मारना पड़ा।" केपटाउन से 12 मील दूर बोल्डर्स बीच कॉलोनी, जहाँ 3000 पैनग्विन हैं, में सबसे पहले मई में बर्ड फ्लू का वायरस मिला था। अफ्रीकन पैनग्विन पहले से ही इंटरनैशनल यूनियन फॉर कंज़र्वेशन ऑफ नेचर की रैड लिस्ट में सूचीबद्ध हैं, इसका अर्थ है कि ये इस समय विलुप्ति के गंभीर संकट का सामना कर रही हैं। डॉ. रॉबट्र्स ने कहा, "पहले से ही पैनग्विन भोजन की कमी से लेकर आवास विनाश तक और महासागरों का इकोसिस्टम नष्ट होने जैसी समस्याओं का सामना कर रही हैं इसलिए हमें चिंता है कि यह रोग इन्हें विलुप्ति के एकदम करीब ले जा सकता है।" इस वर्ष बर्ड फ्लू का सीज़न बहुत खराब था जिसके कारण विश्वभर में लाखों जंगली पक्षी और मुर्गियां आदि मरी हैं और अब यह अन्य प्रजातियों, खासकर स्तनपायी, में भी फैल रहा है, जिनमें डॉलफिन, सील व लोमड़ियाँ प्रमुख हैं। यूरोपियन फूड सेफ्टी अथॉरिटी और यूरोपियन सेंटर फॉर डिज़ीज़ प्रिवैंशन एंड कंट्रोल के अनुसार पूरे महाद्वीप में बर्ड फ्लू की यह अब तक की सबसे बड़ी लहर है। आंकड़ों के अनुसार अब तक 4.80 करोड़ पक्षी मारे जा चुके हैं। स्वालबार्ड से साउथ पुर्तगाल और पूर्वी यूक्रेन तक यूरोप के लोगों में बर्ड फ्लू के कुछ केस मिले हैं। यूरोपियन सैंटर फॉर डिज़ीज़ प्रिवैंशन एण्ड कन्ट्रोल की डायरैक्टर एण्ड्रिया एमन ने बताया कि, जानवरों के साथ काम करने वाले लोगों में संक्रमण का खतरा ज्यादा है। फ्रांसिस क्रिक इंस्टीट्यूट के वर्ल्डवाइड व इन्फ्लुएंजा सैंटर के डायरैक्टर डॉ. जॉन मैकॉले ने कहा कि, यूरोप व उत्तरी अमेरिका में भारी सक्रियता की वजह से शायद इस वायरस का तेजी से प्रसार हुआ है और अभी इसके और बढ़ने की संभावना है।*

# 'मुझे आप से यह उम्मीद नहीं थी'

## राहुल गांधी द्वारा गहलोत को कही गयी इस पंक्ति के बाद, गहलोत ने खड़गे के नजदीक जाने के (चमचागिरी के) प्रयास और तेज किये

- **प्रयास की श्रृंखला में, मु.मंत्री ने खड़गे के पक्ष में वोट करने के लिये "डैलिगेट्स" में प्रचार किया तथा विडियो भी जारी किया, हालांकि इस प्रकार प्रचार करना कांग्रेस की चुनाव समिति के अध्यक्ष मधुसूदन मिस्री ने अपने आदेश से वर्जित किया था।**
- **शशि थरूर ने गहलोत के इस आचरण के प्रति काफी नाखुशी दिखायी।**
- **पर, मधुसुदन मिस्री से इस बारे में पूछा गया तो, उन्होंने कहा, चुनाव सम्पन्न हो चुका है, अतः इसके साथ स्वयमेव सभी शिकायतें भी खत्म हो गयीं। वैसे भी उन्हें (मधुसूदन मिस्री को) शशि थरूर की ओर से कोई लिखित में शिकायत प्राप्त नहीं हुई थी।**
- **मु.मंत्री के खेमे से यह तर्क भी दिया जा रहा है कि, क्योंकि गहलोत गुजरात चुनाव के प्रभारी भी हैं, अतः गुजरात के चुनाव समाप्त होने का इंतजार करना चाहिये, राजस्थान के मसलों पर कोई निर्णय लेने से पहले। इसी संदर्भ में चर्चा यह भी है कि, गुजरात चुनाव में बहुत पैसा लग रहा है, जो राजस्थान के मु.मंत्री उपलब्ध करा रहे हैं।**

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 अक्टूबर। अपनी कुर्सी बचाने के संघर्ष में लगे अशोक गहलोत खड़गे का दिल जीतने के लिए उनकी खुलकर चमचागिरी कर रहे हैं। वह मुख्यमंत्री पद की कुर्सी पर बने रहने के लिए रात-दिन प्रयास कर रहे हैं।

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कांग्रेस चुनाव कमेटी के चेयरमैन मधुसूदन मिस्त्री द्वारा तय की गईं उन गाइडलाइन्स का उल्लंघन किया कि पार्टी का कोई भी पदाधिकारी का कोई सत्तासीन व्यक्ति कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव लड़ रहे दोनों प्रत्याशियों में से किसी के लिए प्रचार नहीं करेगा।

अशोक गहलोत ने एक वीडियो जारी किया था जिसमें उन्होंने प्रतिनिधियों से मल्लिकार्जुन खड़गे को वोट देने के लिए कहा था।

इसे एक खुल्लम-खुल्ला उल्लंघन के रुप में देखा गया क्योंकि किसी भी अन्य नेता ने इस तरह खुलकर प्रचार नहीं किया था।

शशि थरुर ने अशोक गहलोत के व्यवहार और खड़गे के पक्ष में वोटर्स को प्रभावित करने को लेकर अपनी नाखुशी जाहिर की थी।

आज वोटिंग पूर्ण होने के बाद, यह प्रश्न मधुसूदन मिस्त्री से पूछा गया, जिन्होंने कहा कि उन्हें थरुर से कोई शिकायत नहीं मिली और मतदान पूरा होने के साथ ही सभी बकाया मुद्दे स्वतः निस्तारित हो चुके हैं।

लेकिन मिस्त्री ने पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं की प्रशंसा भी की और कहा कि उनमें से अधिकांश ने किस तरह से गाइडलाइन्स का पालन किया और उनका उल्लंघन नहीं किया।

समझा जाता है कि गहलोत अब हताश हो रहे हैं क्योंकि राहुल ने उनसे इतनी ही बात की उनसे इतनी ही बात की "मुझे आपसे ये उम्मीद नहीं थी।" इसके बाद उन्होंने गहलोत से बात नहीं की।

अशोक गहलोत अब सोनिया गांधी के निकट के लोगों को यह समझाने का प्रयास कर रहे हैं कि, चूंकि वह गुजरात के प्रभारी हैं, इसलिए पार्टी को राजस्थान पर ध्यान देने से पूर्व गुजरात के चुनावों की प्रतीक्षा करनी चाहिए।

सूत्र कहते हैं कि गुजरात पर भारी धनराशि खर्च की जा रही है और इस राशि को गहलोत द्वारा उपलब्ध करवाया जा रहा है।

स्थिति बुधवार को ही स्पष्ट होगी जब कांग्रेस के नए अध्यक्ष का निर्वाचन हो जाएगा।

# राज्यपाल व सरकार में झगड़ा, एक दूसरे को धमकी देने तक पहुंचा

## केरल के राज्यपाल ने उन मंत्रियों को बर्खास्त करने की धमकी दी, जो राज्यपाल के पद की गरिमा गिराने का प्रयास कर रहे हैं

- **वामपंथी सरकार ने प्रत्युत्तर में कहा, यह एक थोथी गीदड़ भभकी है, क्योंकि राज्यपाल को ऐसे कोई अधिकार प्राप्त नहीं हैं कि, चुनकर आये जन प्रतिनिधियों के साथ ऐसा कुछ कर सकें।**
- **वामपंथी सरकार ने संशोधन विधेयक के मार्फत विश्वविद्यालय में वाइस चांसलर की नियुक्ति के मामले में परिवर्तन लाने का प्रयास किया तथा राज्यपाल की भूमिका खत्म करने की कोशिश की।**
- **राज्यपाल ने इस विधेयक को लागू करने की अनुमति नहीं दी। राज्यपाल के इस कृत्य को सरकार ने पसंद नहीं किया व कई मंत्रियों ने राज्यपाल को "अपनी औकात" में रहने की सलाह दी।**
- **इससे मामला और भड़का तथा राज्यपाल ने ऐसा वक्तव्य देने वाले मंत्रियों को बर्खास्त करने की धमकी दी। क्योंकि, राज्यपाल के अनुसार सरकार व मंत्री कानूनन राज्यपाल के "प्लैज़र" में रहने तक ही सरकार में रह सकते हैं।**

-लक्ष्मण वेंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 अक्टूबर। केरल के नाराज राज्यपाल द्वारा उन मंत्रियों को पद से हटाने की धमकी दी जा रही है जो राज्य के उच्च संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति की गरिमा को कम कर रहे हैं। इससे यहां पर बड़ी लड़ाई आसन्न है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान की इस धमकी को अब राज्य सरकार के मंत्रियों से एक त्वरित प्रतिक्रिया मिली है। ये मंत्री उनकी धमकी को खोखला बताते हुए कहते हैं कि निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, जो खासतौर पर राज्य के मंत्री भी हैं, पर राज्यपाल की कोई पावर नहीं है।

राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री आर. बिन्दु ने जब विश्वविद्यालय के संदर्भ में संशोधित कानूनों के एक विधेयक पर मंजूरी ना दिए जाने पर सवाल उठाया तो अब राज्यपाल ने अपना भावेश ट्वीट्स के जरिए सार्वजनिक कर दिया है। बिन्दु ने कहा कि यह विधेयक विधानसभा द्वारा पारित किया जा चुकी है। उन्होंने राज्यपाल को स्मरण कराया कि वह संवैधानिक कर्त्तव्यों से बंधे हैं।

मजेदार बात यह है कि केरल में सरकार और राज्यपाल की तनातनी में कभी जारी रहती है तो कभी शांत हो जाती है। राज्य सरकार और शासन की संचालन सी.पी.एम. ने आरोप लगाया है कि राज्यपाल एक निष्पक्ष गवर्नर, जिनके नाम पर शासन चलता है, के बजाए एक भाजपा नेता और केन्द्र सरकार के प्रतिनिधि के रूप में अधिक कार्य कर रहे हैं।

बड़ी लड़ाई का नवीनतम कारण

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# नया अध्यक्ष बुधवार को

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 अक्टूबर। कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव सोमवार को अपरान्ह 4 बजे समाप्त हो गया। अब ये सभी मतपेटियाँ बुधवार को होने वाली मतगणना के लिये यहाँ पार्टी मुख्यालय लाई जायेंगी।

मतदान यहाँ ए.आई.सी.सी. मुख्यालय तथा दिल्ली प्रदेश कांग्रेस

- **कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव की मतगणना बुधवार को होगी और उसी दिन नए अध्यक्ष की घोषणा होगी।**

मुख्यालय के साथ ही, सभी राज्यों के पार्टी-मुख्यालयों पर सम्पन्न हुआ। इसके अतिरिक्त, एक अस्थाई मतदान केन्द्र की व्यवस्था भारत जोड़ो यात्रा के आज के मार्ग पर भी की गई थी, जिससे राहुल गांधी तथा यात्रा में भाग ले रहे अन्य प्रतिनिधि अपने वोट डाल सकें।

ऐसी उम्मीद की जा रही है कि 22 साल के अन्तराल के बाद हुये इस सीधे

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# राज ठाकरे व शरद पवार का दबाव कामयाब हुआ

## भाजपा ने अंधेरी उपचुनाव में उम्मीदवार को बिठा दिया

- **भाजपा ने एक तीर से दो शिकार किये। एक तरफ तो दिवंगत शिव सेना विधायक की पत्नी को निर्विरोध जीतने का मौका दिया और शिव सैनिकों की सहानुभूति अर्जित की।**
- **राज ठाकरे के सुझाव को स्वीकार कर यह जताया कि, राज ठाकरे का काफी प्रभाव है सरकार में तथा वे उद्धव ठाकरे के मुकाबले एक दम प्रभावहीन नहीं हैं।**

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 अक्टूबर। राज ठाकरे तथा शरद पवार की अपीलों के दबाव से घिर चुकी भाजपा ने आज उदारता दर्शाते हुये मुम्बई की अंधेरी (पूर्व) सीट के महत्वपूर्ण उपचुनाव से अपना उम्मीदवार हटा लिया तथा इस प्रकार उनके प्रतिद्वंदी उद्धव ठाकरे की विजय सुनिश्चित हो गई।

शिव सेना के उद्धव ठाकरे गुट की प्रत्याशी रुतुजा लटके अब अंधेरी (पूर्व) विधानसभा क्षेत्र से निर्विरोध जीत जायेगी। यह सीट उनके पति तथा शिव सेना विधायक रमेश लटके का इस साल के शुरु में निधन हो जाने के कारण खाली हो गई थी।

उनके भाजपा प्रतिद्वंदी मुरजी पटेल 3 नवम्बर को होने वाले उपचुनाव से आज हट गये।

भाजपा ने यह प्रतिक्रिया रविवार को हुई दो अपीलों में दर्शाई। पहली अपील के अन्तर्गत, महाराष्ट के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के विरोधी चचेरे भाई तथा महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे ने उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस को पत्र लिखकर, उनसे भाजपा प्रत्याशी के चुनाव मैदान से हटा लेने के लिये कहा था क्योंकि यह कदम स्व. लटके, जो शिव सेना के एक निष्ठावान तथा मेहनती एवं ज़मीन से जुड़े नेता थे, के प्रति एक सकारात्मक भाव दर्शायेगा। एम.एन.एस. प्रमुख की इस अपील का समर्थन एन.सी.पी. प्रमुख शरद पवार ने भी किया था तथा कहा था कि भाजपा द्वारा अपने उम्मीदवार को हटा लिया जाना महाराष्ट्र की समृद्ध राजनैतिक परम्परा का अनुसरण होगा।

भाजपा उस समय और ज्यादा दबाव में आ गई, जब एक और अपील आई तथा यह अपील महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के सेना-गुट ने की थी। शिव सेना के शिंदे गुट के विधायक प्रताप सरनाइक ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा कि रुजुता लटके के स्व. पति के प्रति श्रद्धांजलि के रूप में भाजपा को श्रीमती लटके के खिलाफ अपना उम्मीदवार खड़ा नहीं करना चाहिये। सरनाइक ने अपने पार्टी प्रमुख से कहा था कि सभी दलों को रुजुता लटके का

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# खिलाड़ियों के साथ घिनौना मजाक

जयपुर 17 अक्टूबर। भारतीय जनता पार्टी के विधायक कालीचरण सराफ ने कहा कि तीन महीने पूर्व झूठी वाहवाही लूटने के लिए राजस्थान क्रीड़ा परिषद ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के हाथों उनके बीकानेर दौरे के दौरान 15 प्रतिभावान एवं होनहार

- **भाजपा विधायक कालीचरण सर्राफ ने आरोप लगाया कि, कोष में पैसा नहीं होने के बाद भी राजस्थान क्रीड़ा परिषद ने बीकानेर में मुख्यमंत्री से खिलाड़ियों को चैक बंटवा दिए और अब खिलाड़ी भुगतान के लिए भटक रहे हैं।**

खिलाड़ियों को चैक वितरित करवा दिए, जबकि परिषद के कोष में पैसा ही नहीं था। सराफ ने इस गंभीर लापरवाही की कटु शब्दों में निंदा की है।

बताया जा रहा है कि क्रीड़ा परिषद के द्वारा मुख्यमंत्री के बीकानेर दौरे के दौरान आनन-फानन में होनहार खिलाड़ियों को चैक वितरित करा दिए गए थे। लेकिन खिलाड़ियों को आज तक चैक का भुगतान नहीं किया गया। प्रदेश के होनहार खिलाड़ी चैक के भुगतान के लिए इधर से उधर भटक रहे हैं परंतु उनको

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# 'युवा शक्ति मेहनत कर सकती है, लेकिन अनुभव का कोई विकल्प नहीं, अनुभव से ही पार्टी चलती है'

## मुख्यमंत्री गहलोत ने बिना नाम लिए फिर सचिन पायलट पर तंज कसा

- **मेरे और गांधी परिवार के रिश्ते उसी तरह हैं, जिस तरह विनोबा भावे और गीता माता के संबंध तर्क से परे हैं, 19 के बाद भी वैसे ही रहेंगे जैसे 50 साल से हैं।**
- **गहलोत ने यह भी कहा कि, जिन्हें बिना रगड़ाई के पद मिल गया, वो देश में फितूर कर रहे हैं, जल्दबाजी ठीक नहीं, क्योंकि जल्दबाजी में केवल ठोकर लगती है।**

जयपुर, 17 अक्टूबर (का.प्र.)। राजस्थान कांग्रेस के सियासी अंतर्द्वंद के बीच मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक बार फिर "रगड़ाई" शब्द का प्रयोग करते हुए किसी का नाम लिए बिना सचिन पायलट सहित कांग्रेस के युवा नेताओं पर तंज कसा। उन्होंने गांधी परिवार से खुद के रिश्तों को लेकर भी कहा कि 19 अक्टूबर के बाद भी उनके रिश्ते वही रहेंगे, जो हमेशा से रहे हैं। इन दोनों बातों के जरिए मुख्यमंत्री ने कहीं ना कहीं बदलाव की खबरों पर विराम लगाने का प्रयास किया है। यद्यपि वास्तव में विराम लगेगा या नहीं यह तो आने वाले दिनों में ही पता चलेगा।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए मतदान करने आए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि "जिन्हें बिना रगड़ाई" के पद मिल गया, वो देश में फितूर कर रहे हैं। जब कांग्रेस के अच्छे दिन आएंगे तो इनके दिन भी अच्छे आएंगे, कोई रोक नहीं सकता। कांग्रेस में सभी को अवसर मिलता है। जल्दीबाज ठीक नहीं है, क्योंकि जल्दबाजी में केवल ठोकर लगती हैं।"

उन्होंने कहा कि "युवा शक्ति मेहनत कर सकती है, लेकिन अनुभव का कोई विकल्प नहीं हो सकता है। अनुभव से ही गांव, कस्बा और पार्टी चलती हैं। युवाओं को तवज्जो नहीं मिलने की बात पर उन्होंने कहा कि जो लोग पार्टी छोड़कर गए हैं, वे अवसरवादी हैं। इस दौरान गहलोत ने ज्योतिरादित्य सिंधिया, जितिन प्रसाद के साथ ही आरपीएन सिंह के नामों का भी जिक्र करते हुए खुद का उदाहरण दिया और कहा कि मैं इंदिरा गांधी सरकार में उप मंत्री बना, लेकिन इन्हें अच्छे पोर्टफोलियो के साथ राज्य मंत्री बना दिया गया।

25 सितंबर की घटना के बाद गांधी परिवार के साथ तल्ख हुए रिश्तों को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने खुद के ओर गांधी परिवार के रिश्ते विनोबा भावे और गीता माता के रिश्तों की तरह बताते हुए उन्हें तर्क से परे बताया और दावा किया कि भले ही मीडिया में किसी भी तरीके की खबरें चल रही हों, लेकिन 19 अक्टूबर के बाद भी उनके और गांधी परिवार के रिश्ते वैसे ही बने रहेंगे, जैसे पहले थे।

राहुल गांधी से बेल्लारी में हुई चर्चा को लेकर गहलोत ने कहा कि "राहुल गांधी से पहले भी चर्चा होती रही है और आगे भी होती रहेगी। जितनी भी आशंकाएं मीडिया व्यक्त करता है वह उनकी मेहरबानी है कि पता नहीं आगे क्या होगा। आज उसका जवाब मैंने आपको दे दिया है।" गहलोत ने कहा कि "19 अक्टूबर के बाद में भी मेरे रिश्ते गांधी परिवार से वही रहेंगे, जो पिछले 50 साल से रहे हैं। यह मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि अब मल्लिकार्जुन खड़गे चुनाव जीतेंगे। उसके बाद आगे का जवाब वह देंगे।

# स्मार्त ब्राह्मणों की याचिका खारिज

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 अक्टूबर। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडू के स्मार्त ब्राह्मणों की एक याचिका को सोमवार को खारिज कर दिया। याचिका में मांग की गई थी कि स्मार्त ब्राह्मणों को अल्पसंख्यक का दर्जा दिया जाए ताकि उन्हें अपने अद्वैत धर्म के दर्शन का प्रचार-प्रसार करने की स्वतंत्रता मिल सके।

- **सुप्रीम कोर्ट ने अल्पसंख्यकों का दर्जा मांग रहे तमिलनाडू के स्मार्त ब्राह्मणों की याचिका खारिज कर दी और कहा कि, अद्वैत दर्शन का पालन करने वाले सभी समुदायों को अल्पसंख्यक दर्जा दे दिया तो भारत अल्पसंख्यकों का देश बन जाएगा।**

जस्टिस कृष्णा मुरारी और जस्टिस एस. रविन्द्र भाट की एक बैंच ने इस संबंध में मद्रास हाई कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा जिसमें व्यवस्था दी गई थी कि स्मार्त ब्राह्मण कोर्ट धार्मिक सम्प्रदाय नहीं है, अतः इसे अल्पसंख्यक का दर्जा नहीं दिया जा सकता।

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## विचार बिन्दु

अतिथि जिसका अन्न खाता है, उसके पाप धुल जाते हैं। -अथर्ववेद

# 'जो तुमको हो पसंद वही बात कहेंगे'

एक पुरानी हिंदी फिल्म सफर का यह गीत है :

**''जो तुमको हो पसंद, वही बात कहेंगे**
**तुम दिन को कहो रात, तो रात कहेंगे''।**

विभिन्न स्तर के अधिकारियों द्वारा जिस प्रकार से राजनीतिक जनप्रतिनिधियों, विशेषकर सत्ताधारी दल के प्रति पूर्ण समर्पण की प्रवृत्ति हो गई है, उससे तो यही पंक्तियां शत प्रतिशत इन पर लागू होती हैं। समर्पण का भाव केवल नीतियां बनाने में ही नहीं, अपितु उनके क्रियान्वयन के सम्बंध में निर्णय लेने में भी दिखाई देता है। यही नहीं, अपने अधीनस्थों के स्थानांतरण करने तक में यही प्रवृत्ति दिखाई देती है।

एक समय था जब भारतीय प्रशासनिक सेवा को 'स्टील फ्रेम' कहा जाता था। इसके अधिकारियों से अपेक्षा की जाती थी कि बिना किसी दबाव के, कानून नियम के अंतर्गत रहते हुए जनता के हित की बात करेंगे।उन्होंने प्रारंभिक कई सालों तक ऐसा किया भी था। धीर-धीरे अधिकारियों ने अपने विवेक को एक प्रकार से नेताओं के गिरवी ही रख दिया।

तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने भारत के प्रशासनिक तंत्र का ढांचा तैयार किया था। उन्हें यह पता था कि जनप्रतिनिधि चाहे किसी भी स्तर के हों, अपनी स्वार्थ सिद्धी, अफसरशाही के माध्यम से करने का प्रयास करेंगे। इसी पर अंकुश लगाने की दृष्टि से अखिल भारतीय सेवाओं को बनाया गया, जिनमें पुलिस सेवा एवं प्रशासनिक सेवा प्रमुख थीं। इनकी स्थापना अखिल भारतीय स्तर और प्रत्येक राज्य के स्तर पर भी की गई। इसके माध्यम से देश के एकीकरण की बात को भी बल दिया जाने का उद्देश्य था। प्रारंभिक अवस्था में जनप्रतिनिधि इस बात पर बल दिया करते थे कि संविधान सम्मत राय प्रत्येक स्तर के अधिकारी, स्पष्ट रूप से कहें एवं लिखें। उसके बाद अंतिम निर्णय निश्चित रूप से राजनीतिक प्रतिनिधियों के ऊपर छोड़ा जाता था। यह देखा गया है कि बहुत कम जनप्रतिनिधियों में यह नैतिक बल होता है कि वह लिखित में अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत किसी सही प्रस्ताव को ठुकरा सकें।

आवश्यक है कि, जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी गण समन्वित रूप से कार्य करें ताकि योजना का लाभ, समाज के वंचित वर्ग तक प्रभावी रूप से पहुंच सके। धीरे-धीरे समय के साथ ,स्वार्थ पूर्ण व्यवहार बढ़ता गया और सामान्य जनता का हित गौण हो गया। जनप्रतिनिधि गणों को तो प्रत्येक पांच वर्ष में चुनाव में जाना होता है, जिसके कारण कई बार वे ऐसे निर्णय भी लेते हैं जो उपयुक्त ना हों। इस प्रकार के निर्णय के विभिन्न वर्गों पर प्रभाव का अध्ययन करना एवं उसके संबंध में कानून सम्मत दृष्टिकोण व्यक्त करने की जिम्मेदारी अधिकारियों की होती है। वे कुछ सालों पहले तक तो यह काम भली- भांति करते थे। पिछले कुछ वर्षों से देखा गया कि अधिकारीगण नेताओं के उचित -अनुचित सभी प्रकार के काम करने के लिए तत्पर रहते हैं। आजकल यह एक सामान्य बात हो गई है कि कनिष्ठ कर्मचारियों तक के स्थानांतरण मंत्रियों एवं मुख्यमंत्री तक के स्तर पर होने लगे हैं। गत कुछ वर्षों से तो विधायकों की डिजायर से ही स्थानांतरण होने लगे हैं। जबकि यह काम करने का अधिकार एवं दायित्व अधिकारियों का है। जब अधीनस्थ अधिकारी एवं कर्मचारी , विभागाध्यक्ष एवं सचिव के नियंत्रण में नहीं होंगे तो फिर उन से काम लेना किसी भी प्रकार से उनके के लिए संभव नहीं हो पाएगा।यही कारण है कि वरिष्ठ अधिकारियों का अपने कार्य पर नियंत्रण कम होता गया। इसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है।

मसूरी एवं अन्य राज्य स्तरीय प्रशिक्षण संस्थानों में आज भी अधिकारियों को सही एवं स्पष्ट बात करने की सलाह दी जाती है।प्रशिक्षण में तो वही बातें बताई जाती हैं जो पहले के समय में बताई जाती थीं, किंतु शायद अब अधिकारीगण तथाकथित महत्वपूर्ण पोस्टिंग के लोभ में, वह सब करने को तैयार हो जाते हैं ,जो उन्हें नहीं कर ने चाहिए। ऐसा करके वे न केवल जनहित के विरुद्ध काम करते हैं, बल्कि अपनी अंतरात्मा को भी गिरवी रखने का काम करते हैं। जैसा कि ऊपर बताया गया है, गलत काम करने हेतु सामान्यतया कोई भी मंत्री लिखित में आदेश जारी नहीं करते हैं। वे अधिकारियों के कंधे पर रखकर बंदूक चलाने का काम करने के आदी हो गए हैं। समस्या यह है कि अधिकारी गण इस काम के लिए अपना कंधा उपलब्ध कराने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। ऐसी परिस्थिति में सुशासन नहीं होने का दोष केवल जनप्रतिनिधियों पर डालना उचित प्रतीत नहीं होता है। यदि कोई काम करने योग्य नहीं था एवं अनुचित था, तो वही काम फिर किसी भी मंत्री के कहने पर क्यों और कैसे कर दिया जाता है? यदि काम सही था तो प्रारंभिक अवस्था में ही समय पर कर दिया जाना चाहिए था और यदि काम गलत था, तो फिर उन्हीं दस्तावेजों के आधार पर किसी के कहने पर क्यों कर दिया जाता है?

**तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने भारत के प्रशासनिक तंत्र का ढांचा तैयार किया था। उन्हें यह पता था कि जनप्रतिनिधि चाहे किसी भी स्तर के हों, अपनी स्वार्थ सिद्धी, अफसरशाही के माध्यम से करने का प्रयास करेंगे। इसी पर अंकुश लगाने की दृष्टि से अखिल भारतीय सेवाओं को बनाया गया, जिनमें पुलिस सेवा एवं प्रशासनिक सेवा प्रमुख थीं।**

किसी प्रकरण की एफ आई आर थाने द्वारा दर्ज नहीं की जाती, वहीं किसी जनप्रतिनिधि के कहने पर तत्काल दर्ज कर दी जाती है।किसी भी भूमि का पट्टा सामान्य तरीके से जारी नहीं हो रहा है तो उच्च स्तर से कहने पर वह तत्काल जारी हो जाता है।किसी छात्र को यदि किसी संस्थान में प्रवेश नहीं मिल रहा है तो फिर मंत्री या जनप्रतिनिधि के कहने पर कैसे हो जाता है? इसी प्रकार चाहे बैंक से लोन लेने का प्रकरण हो, सरकार में किसी प्रकार का ठेका प्राप्त करने का प्रकरण हो, किसी प्रकार के स्थानांतरण का प्रश्न हो, किसी विभाग में खरीद का मामला हो, इन सब में अधिकारीगण अपनी भूमिका को लगभग बिलकुल छोड़ चुके हैं।जिस कार्य को करने के लिए उन्हें विशेष प्रकार का प्रशिक्षण दिया जाता है और उनसे अपेक्षा की जाती है वह निर्भीक होकर पत्रावली पर लिखें और प्रस्ताव प्रस्तुत करें वे ऐसा नहीं करने लगे हैं। आजकल तो अधिकारी इतने समझदार हो गए हैं कि मंत्रियों की मंशा को भांप कर, उसी के अनुसार काम करना प्रारंभ कर देते हैं, चाहे वह जनता के हित के विरुद्ध ही क्यों न हो? ऐसा करके, वे कमजोर व्यक्ति के हित के विरुद्ध ही काम कर रहे हैं। ऐसा कृत्य उनके लिए दंड का कारण बनना चाहिए। प्रश्न यह भी है कि दंड देने के लिए जिन व्यक्तियों को कार्रवाई करनी चाहिए वही इस प्रकार के कार्य करने के लिए उन्हें बाध्य करते हैं। अधिकारियों में संगठन का अभाव इसका एक कारण है। वे एक दूसरे को हटाकर उसके स्थान पर पदस्थापन पाने के प्रयास में लगे रहते हैं और इसी का लाभ जनप्रतिनिधि सामान्यतया उठाते हैं।

अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों में समन्वय तो शासन के प्रत्येक स्थल पर आवश्यक है चाहे वह पंचायत हो, पंचायत समिति हो, जिला हो या राज्य स्तर पर हो। जनप्रतिनिधि और अधिकारी ,कार्यपालिका के दो पहिए की तरह होते हैं जिनके परस्पर उपयुक्त समन्वय के आधार पर ही विकास कार्यों की गाड़ी सुगमता से चलती है। जनप्रतिनिधि जनता के हित को ज्यादा भली-भांति समझ सकते हैं एवं उनका सीधा जुड़ाव जनता से होता है। उनसे यह अपेक्षा की जाती है कि वे जनता के मुद्दों को अधिक अच्छी तरह से समझ कर उनके निराकरण का प्रयास करेंगे। यहां तक तो ठीक है, किंतु समस्या तब उत्पन्न होती है जब जनप्रतिनिधि जनता के हित को सर्वोपरि मानने के स्थान पर अपनी स्वार्थ सिद्धि में लिप्त हो जाते हैं। ऐसा करते समय वह उस व्यक्ति के हित की बलि दे देते हैं जो प्रशासनिक अथवा राजनीतिक रूप से सक्षम नहीं है कि वह अपने दम पर अपना काम सरकारी कार्यालयों से करवा सके। अधिकारियों का काम यह देखने का होता है कि वह निर्णय विधि सम्मत है या नहीं एवं क्या उससे अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति का लाभ होगा या नहीं ? नियमों की परिधि में रहते हुए अपने सुझाव और प्रस्ताव जनप्रतिनिधियों को देने के लिए वे न केवल स्वतंत्र हैं, अपितु ऐसा करना उनका कर्तव्य भी है।

उच्च स्तरीय संस्थाएँ, यहां तक कि संवैधानिक संरक्षण प्राप्त संस्थाएँ भी सत्ता धारी दल के सम्मुख नत- मस्तक हो गई हैं।

सीबीआई, ईडी, इनकम टैक्स आदि विभाग जिस प्रकार से चुनावों से ठीक पहले विपक्षी दलों के कुछ गिने चुने नेताओं पर छापेमारी की कार्रवाई करते हैं, उससे लगता है कि वह निष्पक्ष रूप से निर्णय नहीं ले कर केवल राजनीतिक आकाओं से मिले निर्देश के आधार पर कार्यवाही करते हैं। अन्यथा, यह कैसे संभव है कि अधिकांश कार्रवाई केवल विपक्षी दलों के नेताओं के विरुद्ध ही हो?

सरकार पहले तो रीढ़ विहीन लोगों को इन संस्थाओं में उच्च पदों पर पद स्थापित करती है एवं उसके बाद यह मनमाने तौर पर इनसे कार्य कराती है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग हो, सीवीसी हो, यहां तक कि न्यायपालिका भी इसमें सम्मिलित हो जाती है। शिक्षाविदों के समर्पण की स्थिति तो यह है कि कर्नाटक के पाठ्य पुस्तकों में एक पाठ में यह तक लिख दिया गया है कि कैसेअंडमान निकोबार के जेल से वीर सावरकर बुलबुल पर बैठकर भारत के अन्य भागों में गए थे। भारतीय व्यवस्था में इस प्रकार की स्थिति भविष्य के लिए कोई शुभ संकेत नहीं है।सत्ताधारी दल में परिवर्तन तो लोकतंत्र में अवश्यंभावी है और यदि अपने दलों के आधार पर अधिकारियों का उपयोग होता रहा एवं अधिकारीगण भी अपने को बचाने का कोई प्रयास नहीं करेंगे तो फिर ये संस्थाएँ सत्ताधारी दलों के स्वार्थों की पूर्ति का हथियार मात्र बन कर रह जाएंगी।

गत कुछ वर्षों में यह भी देखा गया है कि न केवल सरकारी अधिकारी जो कि सीधे रूप से जनप्रतिनिधियों के अधीन काम करते हैं एवं जिन पर सरकार का नियंत्रण है, वे बिना कोई प्रतिरोध किए जनप्रतिनिधियों के उचित- अनुचित आदेश मानने को न केवल तैयार रहते हैं अपितु संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्ति भी समर्पण हेतु लालायित रहते हैं। ये सब सेवा से निवृत्ति के बाद किसी आयोग का अध्यक्ष बनने, राज्य सभा का सदस्य या राज्यपाल बनने के मोह के कारण ऐसा करते हैं। संवैधानिक संरक्षण प्राप्त व्यक्ति भी यदि पूर्ण निष्पक्षता के साथ निर्णय न लें, तो इसे विडंबना ही कहा जाएगा क्योंकि सरकार चाहे तब भी ,उनको नहीं हटा सकती।

निर्वाचन आयोग द्वारा सत्ताधारी दल की सुविधा के अनुसार चुनाव का कार्यक्रम बनाया जाता है। जैसे हिमाचल प्रदेश के साथ ही गुजरात विधानसभा के चुनाव घोषित हो सकते थे, लेकिन ऐसा नहीं किया ताकि सत्ताधारी दल के नेताओं को और घोषणाएँ करने का अवसर मिल जाए। चुनावी बांड की योजना जिसमें पारदर्शिता का अभाव है जो भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाली है। नोटबंदी का निर्णय हो अथवा लॉकडाउन लगाने का निर्णय जैसे सभी निर्णयों का प्रतिरोध न करके उच्च स्तर की संस्थाओं में बैठे लोगों ने फिल्म की इन्हीं पंक्तियों को सच सिद्ध किया है कि वे रात को दिन और दिन को रात कहने में भी संकोच नहीं करते हैं।

**-अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# पशुओं के चारे पर भी पड़ी महंगाई की मार

**सांभरझील, (निसं)।** गुढा साल्ट मुख्यालय सहित आस-पास के क्षेत्र में इन दिनो पशुओं के लिए चारे की कटाई ट्रेक्टर की सहायता से की जा रही है। गौरतलब है कि महंगाई की मार अब पशुओं के चारे पर भी पड़ रही है। किसान रामकुमार लोरा ने बताया कि पशुओं का सूखा चारा इन दिनो 700 रुपये मण के हिसाब से बिक रहा है। इसलिए पशु पालक किसानों के सामने चारे का संकट खड़ा हो गया है। महंगा चारा पशुओं को मोल खरीदकर खिलाना पशुपालकों के बूते से बाहर दिखाई दे रहा है।

सूखे चारे के दाम पहली बार इतने महंगे बताए जा रहे हैं। एक एकड़ सूखे चारे की औसत लगाई जाए तो एक मन 40 किलो ग्राम सूखा चारा करीब 700 रुपये में पड़ रहा है। आसमान छूते इन भावों ने पशुपालक किसानों की चिता बढ़ा दी है।

किसानों का कहना है कि उन्होंने इतने महंगे दाम पहले कभी नहीं देखे। सात सौ रूपए मण के भाव देख किसान घास की खुदाई में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा है कि अगर चारे के दामों में यही बढ़ोतरी रही तो पशुओं को चारे का संकट पैदा हो सकता है।

चारे के बढ़े दामों के कारण कुछ पशुपालक किसान अपने पशुओं को बेचने की सोचने लगे हैं। सोहन देवी, ओमप्रकाश,नीतेश लोरा,गजराज सहित कई किसान भाई और महिलाए चारा एकत्रित करते नजर आए।



सांभर में खेत पर चारा एकत्रित करते किसान।

# सोनू हुडील ने गोवा में बॉलीवॉल नैशनल गेम में राजस्थान का नाम रोशन किया

**झुंझुनूं, (निसं)।** गोवा में हुई नेशनल बॉलीवॉल गेम्स में नागौर जिले के गांव भींचरों का बास की बेटी सोनू हुडील ने प्रथम स्थान पर रहकर देश का एवं राजस्थान का नाम रोशन किया।

एक किसान रामेश्वर लाल की बेटी ने गोवा में परचम लहराया। जिसमें देवसेना टीम झुंझुनूं के पदाधिकारी गण भी मौजूद रहे।


- **सोनू हुडील ने गोवा में वॉलीबॉल नेशनल गेम में राजस्थान का नाम रोशन किया**

देवसेना संगठन झुंझुनूं के जिलाध्यक्ष रोहिताश गुर्जर डोई ने बधाई भी दी और साथ ही बताया कि आज के समय में बेटियों ने यह साबित करके दिखाया की लड़कियां किसी भी क्षेत्र में कम नहीं। अगर उनको सही दिशा एवं सही मार्गदर्शन मिले।

मैं सभी बहन बेटियों के परिवारजनों से अनुरोध करता हूं कि उनको सही दिशा एवं सही मार्गदर्शन दें ताकि देश का समाज का नाम रोशन करें।

इस मौके पर कोच रोहिताश गुर्जर खोरा, कोच कुलजीत कौर, देवसेना संगठन झुंझुनूं से जिला सचिव सिंगर देव गुर्जर बागोरा, नवलगढ़ तहसील महामंत्री बलवीर सिंह छावड़ी, जीतू गुर्जर, भास्कर बावता, दीपक गुर्जर, लाला गुर्जर अन्य लोग मौजूद थे। देवसेना संगठन झुंझुनूं के जिला सचिव सिंगर देव गुर्जर बागोरा ने बताया कि इन बेटियों को समस्त देवसेना टीम झुंझुनूं के द्वारा बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं देते हैं।

साथ ही उज्जवल भविष्य और भविष्य में ऐसे ही देश एवं राजस्थान का नाम रोशन करते रहे।




पदक जीतने के बाद खिलाड़ी सोनू हुडील खुश नजर आईं।

# मेघवाल को भूपेन हजारिका समर्पण समाज गौरव सम्मान




समर्पण संस्था ने पन्नालाल मेघवाल को समाज गौरव सम्मान 2022 से सम्मानित किया।

**जयपुर, (कासं)।** समर्पण संस्था द्वारा रविवार को जयपुर में आयोजित समर्पण समाज गौरव सम्मान समारोह में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के पूर्व संयुक्त निदेशक पन्नालाल मेघवाल को कला एवं संस्कृति क्षेत्र में उल्लेखनीय लेखन कार्य के लिए सिक्किम के पूर्व राज्यपाल जस्टिस एस. एन. भार्गव ने भूपेन हजारिका समर्पण समाज गौरव सम्मान- 2022 से सम्मानित किया गया।

संस्थापक अध्यक्ष डॉ. दौलतराम माल्या ने बताया कि पन्नालाल मेघवाल की कला एवं संस्कृति में बारह पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं। राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय पत्र-पत्रिकाओं में 500 से अधिक आलेख प्रकाशित हुए हैं। उनकी पुस्तकों एवं आलेखों से देश-विदेश के सुधि पाठक, कला एवं संस्कृति प्रेमी, शोधार्थी एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के परीक्षार्थी अध्ययन करके लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि मेघवाल की कला एवं संस्कृति में राजस्थान के मांड गीत, राजस्थान शिल्प सौंदर्य प्रतिमान, राजस्थान के लोकगीत, राजस्थान के दुर्ग, राजस्थान लोकाभिव्यक्ति के आयाम, दी फोक डांसेज ऑफ राजस्थान, राजस्थान के प्रचलित लोक नृत्य, राजस्थान हस्तशिल्प कलाएं, दी हैंडीक्राफ्ट्स आफ राजस्थान, राजस्थान कथौड़ी जनजाति, राजस्थान कला एवं संस्कृति के विविध आयाम और राजस्थान कथौड़ी जनजाति कला एवं परंपरा पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं।

# चार सौ वर्ष पुराने ऐतिहासिक तालाब पर भू माफिया ने तारबंदी की

**खेतड़ी, (निसं)।** खेतड़ी उपखंड के पपुरना गांव में ऐतिहासिक तालाब पर भूमाफियाओं द्वारा तारबंदी कर कब्जा करने के प्रयास के मामले को लेकर सोमवार को ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया है। इस दौरान ग्रामीणों ने प्रशासन पर मिलीभगत करने का आरोप भी लगाया है। विरोध कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि पपुरना से डाबला जाने वाली सड़क पर दहलासरी के नाम से ऐतिहासिक तालाब है। जिसे दहलासरी (महाजन) समाज के लोगों ने करीब चार सौ वर्ष पूर्व बनाया था।

- **ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया, प्रशासन पर लगाए मिलीभगत के आरोप**

इस तालाब पर पूर्व में शिवरात्रि के मेले पर कुश्ती का आयोजन होता था तथा तीज के त्यौहार पर नवविवाहित जोड़े झूला झूलने की परंपरा भी थी। तालाब के पास में सती माता का मंदिर व शमशान भूमि भी है। जहां ग्राम पंचायत की ओर से महिला व पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालय बनवाए गए हैं। इसके अलावा आवारा पशुओं के पीने के लिए पानी की व्यवस्था भी की गई हुई है। सेठों ने पूर्व में राहगीरों के ठहरने के लिए इस ऐतिहासिक तालाब का निर्माण करवाया था। जिस पर कुछ दिनों से बाहर के भूमाफिया की नजर इस ऐतिहासिक तालाब की बेशकीमती जगह पर टिकी हुई है। जिन्होंने पोल लगाकर तारबंदी कर कब्जा करने का प्रयास किया है। ऐतिहासिक तालाब पर कब्जे की सूचना को लेकर सैंकड़ों ग्रामीण एकत्रित हो गए। ग्रामीणों के विरोध के चलते भूमाफिया ने तारबंदी का काम राक दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस संबंध में दो दिन पूर्व एसडीएम को ज्ञापन देने के बाद भी प्रशासन की मिलीभगत के चलते इस ऐतिहासिक तालाब पर भूमाफिया कब्जा करना चाह रहे हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि इस ऐतिहासिक तालाब पर किसी प्रकार का कब्जा नहीं होने दिया जाएगा। आंदोलन के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना होने को लेकर प्रशासन पूर्ण रूप से जिम्मेदार होगा। इस दौरान ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध भी जताया। इस मौके पर रमेश गुप्ता, पवन दाधीच, भागीरथ मेघवाल, मानप्रकाश कुमावत, संजयदेव गुर्जर, दुर्गा प्रसाद, नेमुद्दीन कुरैशी, उमाशंकर फरेरा, जगमाल महरानिया, अंजनी गुप्ता, उमराव मेघवाल, शुभम गुप्ता, धर्मपाल गुर्जर, कैलाश शर्मा सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।



पपुरना गांव के ग्रामीणों ने तालाब पर कब्जे के विरोध में प्रदर्शन किया।

## राशिफल मंगलवार 18 अक्टूबर, 2022



पंडित अनिल शर्मा

कार्तिक मास, कृष्ण पक्ष, अष्टेमी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2079, पुष्य नक्षत्र गुरूवार प्रातः 8:02 तक, सिद्ध योग सांय 4:52 तक, कौलव करण दिन 11:58 तक, चन्द्रमा कर्क राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-तुला, चन्द्रमा-कर्क, मंगल-मिथुन, बुध-कन्या, गुरू-मीन, शुक्र-कन्या, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज शुक्र तुला राशि में रात्रि 9:39 पर प्रवेश करेगा।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 9:22 से 10:47 तक, लाभ-अमृत 10:47 से 1:37 तक, शुभ 3:02 से 4:27 तक।

**राहूकालः** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 6:31, सूर्यास्त 5:52

**मेष**
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**वृष**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले सुसंदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में

**मिथुन**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले सुसंदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में

**कर्क**
मन:स्थिति ठीक रहेगी। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में प्रसन्नता-हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। व्यावसायिक यात्रा संभव है।

**सिंह**
मन:स्थिति ठीक रहेगी। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में प्रसन्नता-हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। व्यावसायिक यात्रा संभव है।

**कन्या**
मन:स्थिति ठीक रहेगी। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में प्रसन्नता-हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। व्यावसायिक यात्रा संभव है।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिल सकती है।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी और उच्चाधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।

**धनु**
व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी और उच्चाधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।

**मकर**
व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी और उच्चाधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।

**कुंभ**
व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी और उच्चाधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।

**मीन**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य में सफलता से मनोबल ऊंचा रहेगा। व्यावसायिक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे।

# बीकानेर में 29 बीघा भूमि पर भूमाफियाओं का कब्जा, यूआईटी प्रशासन मौन?

## इस अतिक्रमण के चलते पटवार हलका करमीसर की मुरलीधर व्यास कॉलोनी एक्सटेंशन-7 योजना खटाई में पड़ी



- हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद निकाय अफसरों ने भूमाफियाओं पर कार्रवाई नहीं की तो भारतीय किसान यूनियन ने बीकानेर संभागीय आयुक्त को पत्र लिखा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर/बीकानेर।** बीकानेर शहर में पटवार हलका करमीसर की साढ़े 29 बीघा भूमि पर प्रस्तावित मुरलीधर व्यास कॉलोनी एक्सटेंशन-7 की योजना एक बार फिर से खटाई में पड़ गई है। करोड़ों की इस भूमि पर भूमाफियाओं ने फिर से जबरन अवैध कब्जा कर लिया है। शहर में सत्ताधारियों के गुर्गों का भय "यूआईटी" पर इस कदर हावी है कि उसे राजस्थान उच्च न्यायालय के निर्णय की भी परवाह नहीं है। कोर्ट के निर्णय की पालना तो दूर नगर विकास न्यास के अधिकारी आंख मूंदकर अतिक्रमणकारियों का अपरोक्ष रूप साथ दे रहे है।

इसकी शिकायत भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के बीकानेर संभाग अध्यक्ष महेंद्र भाकर ने संभागीय आयुक्त नीरज के. पवन को ज्ञापन भेजकर की है। भाकर ने ज्ञापन में कहा है कि वर्ष-2021 में जोधपुर हाईकोर्ट में बीकानेर के एडवोकेट योगेंद्र तंवर की डी.बी. सिविल पिटिशन संख्या 13538/2022, दिनांक 15 सितंबर-2022 के फैसले की अनुपालना कराई जाए।

महेंद्र भाकर ने बताया कि एडवोकेट योगेंद्र तंवर की जोधपुर हाईकोर्ट की डबल बैंच में रिट दायर होने के बाद जुलाई-2022 में जिला प्रशासन व यूआईटी के अधिकारियों ने न्यायालय की फटकार से बचने से पहले ही महज 10 बीघा भूमि के अतिक्रमण तोड़कर वहां पर सरकारी संपत्ति के बोर्ड लगा दिये। इसके बाद राजनीतिक दबाव के चलते यूआईटी निष्क्रिय हो गया और वहां फिर से भूमाफिया काबिज हो गए। भाकर ने कहा कि 15 सितंबर 2022 को जोधपुर हाईकोर्ट की डबल बैंच के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव व रेखा बोराना की खंडपीठ ने मुख्य सचिव, राजस्व सचिव, बीकानेर कलेक्टर व बीकानेर यूआईटी सचिव को उक्त भूमि का सीमांज्ञान करके 3 माह के भीतर अतिक्रमण हटाने का आदेश जारी किया है। खंडपीठ के आदेश की एक माह बाद भी पालना नहीं होने पर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने संभागीय आयुक्त नीरज के. पवन को शिकायत की है।

# प्रदेश में 21 नए करोना संक्रमित मिले सोमवार को

- सबसे ज्यादा 8 नए संक्रमित अजमेर में मिले है।
- राज्य में रिकवरी कम होने से एक्टिव केस बढ़कर पौने चार सौ हो गए हैं।

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** प्रदेश में सोमवार को थोड़ी और गिरावट के बाद 21 नए करोना संक्रमित मिले हैं। वहीं इस बीच 15 मरीज ठीक भी हुए हैं। राज्य में रिकवरी कम होने से एक्टिव केस बढ़कर पौने चार सौ हो गए हैं।

प्रदेश में सोमवार को 6 जिलों में 21 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले रविवार को इनकी संख्या 39 रही थी। इधर आज सबसे ज्यादा 8 नए संक्रमित अजमेर जिले में मिले हैं। इसके अलावा सिरोही में 5, जयपुर में 3, राजसमंद और उदयपुर में 2-2 तथा जोधपुर में एक संक्रमित मिला है। इस बीच राज्य में 1175 जांचें हुई है।

प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से रिकवरी में कमी आई है। राज्य में पिछले चौबीस घंटों में केवल 15 मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस बढ़कर 375 हो गए हैं। जयपुर में सोमवार को 7 मरीज ठीक हुए हैं। फिलहाल जिले में 62 संक्रमितों का इलाज चल रहा है। प्रदेश में सोमवार को भी करोना से किसी मरीज की मौत नहीं हुई है। राज्य में अब तक इस बीमारी से 9644 लोगों की मौत हो चुकी है।

राजधानी जयपुर में पिछले चौबीस घंटे में सी-स्कीम और सिविल लाइन में 1-1 नया संक्रमित मिला है। वहीं एक मरीज का पता गलत पाया गया है।

# ऑनलाइन गैंबलिंग नियंत्रित करने का ड्राफ्ट तैयार

**जयपुर, (का.सं.)।** राज्य सरकार ने प्रदेश में ऑनलाइन गैंबलिंग को नियंत्रित और वैध करने के जुडा ड्राफ्ट बिल तैयार कर लिया है और इसे कानूनी रूप देने के लिए जल्दी ही विधानसभा में पेश कर पारित कराया जाएगा। राज्य सरकार के महाधिवक्ता ने यह जानकारी ऑनलाइन गैंबलिंग व बैटिंग को लेकर दायर जनहित याचिका में पेश की। जिसे रिकॉर्ड पर लेते हुए हाईकोर्ट ने जनहित याचिका का निस्तारण कर दिया। जस्टिस एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस विनोद कुमार भारवानी की खंडपीठ ने यह आदेश रिसॉर्स इंस्टीट्यूट फॉर ह्यूमन राइट्स की जनहित याचिका पर दिए।

जनहित याचिका में अधिवक्ता करण टिबरेवाल ने अदालत को बताया कि ऑनलाइन गैंबलिंग व बैटिंग को नियंत्रित करने के लिए केन्द्र व राज्य का कोई कानून नहीं है। ऐसे में ये बिना कोई कानून के ही चल रहे हैं। इस संबंध में कानून बनाए जाने के लिए प्रार्थी ने केंद्र व राज्य सरकार को कई प्रतिवेदन दिए हैं, लेकिन कोई भी कार्रवाई नहीं हुई।

## सौर कृषि आजीविका योजना पोर्टल लांच

**जयपुर।** ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी ने आज विद्युत भवन में सौर कृषि आजीविका योजना के पोर्टल का शुभारंभ किया। यह पोर्टल किसानों एवं विकासकर्ताओं को किसानों की बंजर/अनुपयोगी भूमि पर सौर ऊर्जा संयत्रों की स्थापना में मदद करेगा। इस अवसर पर भाटी ने पत्रकारों से बात करते हुये बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्य रूप से कृषि भार वाले लोड सेन्टर पर पी.एम. कुसुम कम्पोनेन्ट सी में विकसित विकेन्द्रिकृत सौर ऊर्जा संयंत्रों को बढ़ावा देने के उद्देश्य के लिए सौर कृषि आजीविका योजना तैयार की है।

# गहलोत ने जयपुर, पायलट ने दिल्ली में किया मतदान

**जयपुर, (का.प्र.)।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए सोमवार को पीसीसी में सुबह 10 से दोपहर 4 बजे तक वोट डाले गए। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बनाए गए दो बूथ पर 414 में से 396 डेलिगेट्स ने वोट डाले।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, विधायक दिव्या मदेरणा, सचेतक महेंद्र चौधरी समेत 396 डेलिगेट्स ने वोट डाले। सचिन पायलट ने दिल्ली स्थित कांग्रेस कार्यालय में वोट डाला। इससे पहले वोटिंग नियम में भी रातों-रात बदलाव किया गया था।

चुनाव में राजस्थान के 414 में से 393 डेलिगेट्स ने वोट डाले । 6 नेता वोट डालने नहीं पहुंचे। 15 नेताओं ने दिल्ली और दूसरी जगह वोट डाला। विधानसभा स्पीकर सीपी जोशी, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष नारायण सिंह, कांग्रेस नेता लीला मदेरणा, राघवेंद्र मिर्धा, श्रवण कुमार, विधायक वाजिब अली वोट डालने नहीं पहुंचे। वाजिब अली ऑस्ट्रेलिया हैं। नारायण सिंह और श्रवण कुमार बीमार हैं। वही राघवेंद्र मिर्धा की माताजी के निधन के चलते हुए वोट डालने नहीं आए।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत खुद खड़गे के प्रस्तावक के तौर पर उन्हें वोट देने की अपील कर चुके हैं। राजस्थान के कांग्रेस डेलिगेट्स को भी खड़गे को वोट देने के लिए अलग से फोन किए गए थे। वहीं, शशि थरूर को राजस्थान से वोट मिलने की संभावना न के बराबर हैं।

## प्रदेश की दो इकाईयों में विद्युत उत्पादन शुरू

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम के लम्बे समय से तकनीकी फाल्ट एवं दुर्घटना के कारण बन्द इकाइयों में से 660 मेगावाट क्षमता की सूरतगढ़ सुपर क्रिटिकल की इकाई सं. 7 से 14 अक्टूबर को रात्रि 8.50 बजे से तथा 250 मेगावाट क्षमता की छबड़ा थर्मल की इकाई सं. 4 से सोमवार 17 अक्टूबर को प्रात: 5.57 बजे से विद्युत उत्पादन प्रारम्भ हो गया है।

राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक आर. के. शर्मा ने बताया कि श्रीगंगानगर जिले के सूरतगढ़ तहसील में स्थित सूरतगढ़ सुपर क्रिटिकल थर्मल विद्युत गृह की 660 मेगावाट क्षमता की इकाई संख्या 7 करीब 7 माह पूर्व 13 मार्च 2022 को जनरेशन ट्रांसफार्मर के आर फेज में हुए ब्लास्ट के कारण बन्द हो गई थी। इस ब्लास्ट से खराब हुए जनरेशन ट्रांसफार्मर को भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लि. के भोपाल स्थित वर्कशॉप में भेजने के पश्चात् उत्पादन निगम की विशेषज्ञ टीम ने बी.एच.ई.एल. भोपाल में लगातार समन्वय कर 1 वर्ष के संभावित सुधार कार्य को मात्र 5 माह में पूरा करवा लिया। जनरेशन ट्रांसफार्मर को मरम्मत पश्चात् 22 सितम्बर को सूरतगढ़ सुपरक्रिटिकल में लाकर युद्ध स्तर पर कार्य करते हुए मात्र 21 दिनों में स्थापित किया।

# 'एक लाख परिवारों को मिलेगा ब्याज मुक्त ऋण'

**जयपुर, (का.सं.)।** प्रमुख शासन सचिव, सहकारिता श्रेया गुहा ने कहा कि राजस्थान ग्रामीण परिवार आजीविका योजना के तहत एक लाख परिवारों को अकृषि कार्यो के लिए 2000 करोड़ रूपये का ब्याज मुक्त ऋण दिया जाना है। राज्य सरकार ने योजना को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि वाणिज्यिक बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक एवं सहकारी बैंक इस वित्तीय वर्ष में दिए गए लक्ष्य के अनुसार एक लाख परिवारों को ब्याज मुक्त ऋण देना सुनिश्चित करें।

गुहा सोमवार को सहकार भवन में राजस्थान ग्रामीण परिवार आजीविका योजना के दायरे में आने वाले वाणिज्यिक, क्षेत्रीय ग्रामीण एवं सहकारी बैंकों के प्रतिनिधियों को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की यह योजना अकृषि कार्यों की गतिविधियों में आजीविका पर निर्भर परिवारों के बेहतरी के लिए लागू की है। उन्होंने कहा कि इस योजना से राजीविका से जुड़े समूहों को विशेष रूप से फायदा होगा।

प्रमुख शासन सचिव ने सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रतिनिधि को निर्देश दिए कि एक माह में पोर्टल तैयार किया जाए ताकि योजना के पात्र लाभार्थियों को जल्द ही ऋण वितरण की प्रक्रिया शुरू की जा सके। उन्होंने कहा कि बैठक में आये विभिन्न सुझावों को ध्यान में रखते हुए योजना को और सरलीकृत किया जाएगा ताकि बैंकों एवं ऋण के लिए पात्र लाभार्थियों को योजना से मिलने वाले लाभ में आसानी हो सके।

सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, मंजू राजपाल ने कहा कि इस योजना में राजीविका के समूहों को ब्याज मुक्त ऋण से जोड़ना महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक अहम कदम है। उन्होंने कहा कि राजीविका के महिला समूहों के व्यक्तिगत सदस्यों को ऋण वितरण के लिए कुल ब्याज मुक्त ऋण वितरण का निर्धारित प्रतिशत दिया जाए। जिससे समूहों की गतिविधियों को आगे बढ़ाने में आसानी हो सके। उन्होंने इससे संबंधित सुझाव भी बैठक में रखें।

रजिस्ट्रार, सहकारिता, मुक्तानंद अग्रवाल ने योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में कई परिवार कृषि एवं पशुपालन के साथ-साथ अकृषि कार्यो जैसे हस्तशिल्प, लघु उद्योग, कताई-बुनाई, रंगाई-छपाई आदि से आजीविका पर निर्भर है।

# मानसरोवर में बने सिटी पार्क का लोकार्पण 21 अक्टूबर को होगा



- हाऊसिंग बोर्ड ने 52 एकड़ भूमि पर विकसित किया है अत्याधुनिक पार्क
- स्वच्छ आबोहवा के लिए 32 प्रजातियों के 25 हजार फूलदार-फलदार पौधे और करीब 40 हजार फुलवारी लगाई
- 213 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज, फाउंटेन और मध्यम मार्ग एंट्री प्लाजा का भव्य स्टील स्ट्रक्चर प्रमुख आकर्षण

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** मानसरोवर में हाऊसिंग बोर्ड द्वारा 52 एकड़ जमीन पर तैयार सिटी पार्क का लोकार्पण मुख्यमंत्री 21 अक्टूबर को करेंगे। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि समारोह शाम 5 बजे मध्यम मार्ग स्थित पार्क के एंट्रेस प्लाजा पर होगा। जहां यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल, सांगानेर विधायक अशोक लाहोटी, सचिव उषा शर्मा, डीजीपी एम.एल. लाठर, यूडीएच प्रमुख शासन सचिव कुंजीलाल मीणा समेत कई वरिष्ठ अफसर मौजूद होंगे। समारोह में मुख्यमंत्री 15 आवासीय योजनाओं में निर्मित 2967 आवासों का भी लोकार्पण भी करेंगे।

पवन अरोड़ा ने बताया कि इस पार्क में राजस्थान का सबसे ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज (213 फीट) और मध्यम मार्ग एंट्री प्लाजा का भव्य स्टील स्ट्रक्चर और आकर्षक फाउंटेन प्रमुख आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। तिरंगे झंड़े के निकट करीब 2 हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में मनोरम लोअर लेक तैयार की गई है। पार्क में 20 फीट चौडा एवं 3.5 कि.मी. लम्बा जॉगिंग ट्रेक बनाया गया है। जिस पर भ्रमण करते हुए लोग आकर्षक लाइटिंग और म्यूजिक का आनंद ले सकेंगे। अरोड़ा ने बताया कि करीब 52 एकड भूमि पर विकसित इस पार्क में मानसरोवर और इसके आस-पास की कॉलोनियों के लाखों लोगों को स्वच्छ आबोहवा मिलेगी। यहां 32 विभिन्न प्रजातियों के 25 हजार फूलदार एवं फलदार पौधे तथा लगभग 40 हजार फुलवारी लगाए गए हैं। जापानी मियावाकी पद्धित से पौधारोपण किया गया है।

उन्होंने बताया कि पार्क में पत्थर-मेटल से बनी 17 विशिष्ट कलाकृतियां (स्कल्पचर्स), टॉयलेट ब्लॉक, 2 पार्किंग एरिया, ऑक्सी हब, रॉक फाउंटेन, बैठने के लिये आकर्षक बैंचें एवं आर.ओ. वाटर पेयजल स्टेशन बनाये है। पार्क में पहले चरण में 61.31 करोड़ रुपये के विकास कार्य होने थे, जिनमें से 55 करोड़ की लागत से कार्य हो चुके है। दूसरे चरण में यहां फाउंटेन स्क्वायर, वी.टी. रोड, अरावली मार्ग एवं न्यू सांगानेर रोड पर एंट्री प्लाजा, बॉटेनिकल गार्डन, एक्सपोजिशन ग्राउंड, जयपुर चौपाटी की तर्ज पर फूड कोर्ट का निर्माण तथा 2500 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में अपर लेक के कार्य निर्माणाधीन है।

## यथा-स्थिति के आदेश

**जयपुर।** हाईकोर्ट ने सीकर जिले में एसटीपी प्लांट के लिए अवाप्त भूमि पर बने निर्माण को हटाने पर यथा-स्थिति के आदेश दिए हैं। जस्टिस महेन्द्र गोयल की एकलपीठ ने श्रवण कुमार व अन्य की याचिकाओं पर सुनवाई की।

# दुष्कर्म करने वाले को दस साल की सजा

**जयपुर, (का.सं.)।** पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-2 महानगर द्वितीय ने मां को धर्म बहन बनाकर उसकी बेटी से कई बार दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त सज्जाद उर्फ कालू को दस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर पचास हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। पीठासीन अधिकारी तारा अग्रवाल ने कहा कि अभियुक्त ने समाज में रिश्तों की गरिमा को कलंकित कर तार-तार किया है। पीड़िता विश्वास कर उसके साथ आई थी, लेकिन उसने उसका विश्वास तोड़ दिया।

अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत को बताया गया कि तीस जनवरी 2019 को पीड़िता ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि उसकी शादी चार अप्रैल 2013 को हुई थी। उसके दो संतान हैं और वह मायके में रह रही थी। मार्च 2018 को अभियुक्त उसे अपना अवसाद दूर करने के लिए जयपुर साथ चलने को कहा।

इसके बाद पीड़िता के परिजनों ने उसे अभियुक्त के साथ भेज दिया। यहां अभियुक्त ने उसे ईदगाह के पास मकान में रखा। इस दौरान अभियुक्त ने उसे नशीला ज्यूस पिलाया। जिसके चलते वह बेसुध हो गई और उसे होटल में होश आया। यहां अभियुक्त ने उसके साथ दुष्कर्म किया था।


**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rrajasthan.gov.in. Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/1823 दिनांक-06.10.2022

**जाहिर आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 150/20 मानसरोवर जयपुर क्षेत्रफल 266.522 वर्गमीटर/वर्गगज का आवंटन श्री बिश्वम्भर पाही पुत्र श्री नन्द किशोर पाही को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 2671 दिनांक 30.06.1994 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 14.12.1994 को प्राप्त कर लिया गया था। तत्पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 1613 दिनांक 22.03.1995 के द्वारा श्री बिश्वम्भर पाही पुत्र श्री नन्द किशोर पाही के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 23.03.1995 को करवाया गया। तत्पश्चात श्री बिश्वम्भर पाही की मृत्यु दिनांक 03.03.2020 को हो जाने के कारण वसीयतनामा के आधार पर इनकी पुत्री श्रीमती सुदक्षिणा पाही पत्नी श्री देवी सिंह ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। श्रीमती सुदक्षिणा पाही पत्नी श्री देवी सिंह के द्वारा मण्डल अभिलेख में उक्त आवास का मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण अपने पक्ष में करने का निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्रीमती सुदक्षिणा पाही पत्नी श्री देवी सिंह के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्लॉट नं. बी 217, योजना विज्ञान नगर, जगतपुरा, जयपुर क्षेत्रफल 355.55 वर्ग गज को बस्सी सीतारामपुरा बी भवन निर्माण सहकारी समिति लि., जयपुर द्वारा श्री राकेश चन्द तायल को जरिये संशोधित आवंटन मय कब्जा पत्र दिनांक 18.11.1999 को आवंटित किया गया था। तत्पश्चात श्रीमती निशा झालानी बहैसियत मुख्तयार- आम श्री राकेश चन्द तायल ने उक्त प्लाट को श्रीमती अन्नु अग्रवाल, श्रीमती कविता अग्रवाल एवं श्रीमती निर्मला चौधरी को जरिये पंजीकृत विक्रय-पत्र दिनांक 06.12.2012 को विक्रय कर दिया। इसी प्रकार प्लॉट नं. बी-218, क्षेत्रफल 355.55 वर्ग गज को उक्त सोसायटी द्वारा श्रीमती रंजना तायल को जरिये संशोधित आवंटन मय कब्जा पत्र दिनांक 18.11.1999 को आवंटित किया गया था। तत्पश्चात श्रीमती सुमन झालानी बहैसियत मुख्तयार-आम श्रीमती रंजना तायल ने उक्त प्लॉट को श्रीमती अन्नु अग्रवाल, श्रीमती कविता अग्रवाल एवं श्रीमती निर्मला चौधरी को जरिये पंजीकृत विक्रय-पत्र दिनांक 06.12.2012 को विक्रय कर दिया। यह कि ज.वि.प्रा., जयपुर में उक्त सोसायटी द्वारा पेश की गई सदस्यता सूची में प्लॉट नं.बी-217 पर श्रीमती रंजना तायल एवं प्लॉट नं.बी- 218 पर श्री राकेश चन्द तायल का नाम अदल-बदल लिख दिया गया है। उक्त दोनों प्लॉटों की मालकिन श्रीमती अन्नु अग्रवाल, श्रीमती कविता अग्रवाल एवं श्रीमती निर्मला चौधरी ने उक्त प्लॉटो को विक्रय करने का इकरार श्रीमती हंसा मीणा से किया है जिसकी खरीद हेतु श्रीमती हंसा मीणा ने उक्त संपति पर ऋण हेतु HDFC Ltd. में आवेदन किया है। उक्त सम्पति बाबत एवं ज.वि.प्रा., जयपुर में उक्त सोसायटी द्वारा पेश की गई सदस्यता सूची बाबत किसी प्रकार का किसी भी व्यक्ति, संस्था, जनसाधारण आदि को कोई भी आपत्ति हो तो निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उक्त सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस में अपना अधिकार या हक मय दस्तावेज प्रस्तुत करें, अन्यथा HDFC Ltd. द्वारा उक्त संपति को रहन कर लिया जावेगा एवं उसके पश्चात किसी भी प्रकार की कोई हक या अधिकार मान्य नही होगा।
(पियूष भार्गव एडवोकेट)
6, रघुकमल निवास, गणपति प्लाजा के सामने, एम.आई.रोड, जयपुर
फोन नंबर 0141-4112154
Email-vkbhargavaassociates@gmail.com

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 61/22
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
नाम प्रार्थी (1) विनोद कुमारी पत्नि स्व. श्री धर्मव्रत सिंह नि. ए-244, तारा नगर, ए-झोटवाडा, जयपुर (2) देव व्रत सिंह पुत्र श्री जयसिंह राजपूत नि. 185, ब्रज मण्डल कॉलोनी, झोटवाडा, जयपुर (3) ओमव्रत सिंह पुत्र श्री जयसिंह राजपूत नि. 186-ए, गणेश नगर, झोटवाडा, जयपुर, विवाद स्थान जयपुर
मृतक विद्यावती चौहान की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 16.11.22
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम विद्यावती चौहान पुत्री स्व. जयसिंह जाति राजपूति निवासी ए-222, तारानगर, झोटवाडा, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 16 माह 11 सन् 2022 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 15 माह 10 सन् 2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
मोहर अदालत
आज्ञा न्यायालय से-वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सैशन न्यायालय
जयपुर महानगर-द्वितीय

**आम सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल गंगाराम धाभाई पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण धाभाई निवासी मकान नंबर 4206 मेहता मार्ग, सूरजपोल गलता रोड, जयपुर का है जिसके एक वसीयत दिनांक 20.09.2022 को वर्णित अचल संपत्ति बाबत अपने पाँचों पुत्रान देवीलाल धाभाई, संतोष नारायण धाभाई दिनेश धाभाई, महेश धाभाई, मुकेश धाभाई के हक में निष्पादित कर रजिस्टर्ड करवायी है उक्त वसीयत के बाबत यदि किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार से कोई एतराज व आक्षेप हो तो प्रकाशित दिनांक18-10-2022 से सात दिवस में एतराज जाहिर करे इसके उपरांत एतराज मान्य नहीं रहेगा।
दिनांक: भवदीय
(महेन्द्र सिंह गुर्जर) एडवोकेट

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य बुन्दू खां कुरेशी आयु 73 साल पुत्र नजीर जाति मुसलमान निवासी व्यापारियों का मोहल्ला छोटा बाजार सांभरलेक तहसील फुलेरा मु. सांभरलेक जो कि जरिये मुख्त्यारनामा आम है। आराजी कृषि भूमि वाके ग्राम दूदू पटवार हल्का दूदू के भू-अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र दूदू तहसील दूदू जिला जयपुर के राजस्व रिकोर्ड में अंतिम चौसला आधार संवत 2071 से 2074 जमाबंदी 2076 से स्थायी के नया खाता सं. 1583 व पुराना खाता सं. 1236 में स्थित खसरा नम्बर 7280/4583 रकबा 0.1800 हेक्टेयर है के सम्बन्ध में दिनांक 19.06.2013 को रामचरण चोधरी पुत्र रामअवतार चोधरी जाति जाट निवासी बीचला बास गंगाती कलां तहसील दूदू व कैलाश गुर्जर पुत्र रामकरण गुर्जर निवासी शिवाजी नगर दूदू जिला जयपुर का किया था। जिसे जरिये विधिक नोटिस दिनांक 06.02.2004 को नोटिस मियाद बीतने व पर्याप्त प्रतिफल नहीं देने से इकरारनामा निरस्त किया जा चुका है। इसलिए उक्त इकरारनामा से अब मेरा अभिभाष्य किसी प्रकार से पाबंद नहीं है तथा उक्त आराजीयात को अन्यत्र विक्रय करने के लिए मेरा अभिभाष्य स्वतंत्र है। अतः सूचनार्थ
अरविन्द सिंह एडवोकेट मो.नं. 7891268961

**नाम परिवर्तन**

मैं रजिया बेगम पत्नी मोहम्मद हुसैन ने अपना नाम Rajiya Begum से बदलकर Razia Begum कर लिया है। निवासी नीम की कोठारी, भींचरी, सीकर, राज।

मैं मीठालाल मीणा पुत्र श्री हुरडाराम मीणा निवासी ग्राम-चोरपुरा, तह. निवाई (टोंक) हूँ। मेरी पुत्री गोलमा मीणा के स्कूल रिकार्ड में गलती से मेरी पत्नी का नाम (छात्रा की माता का नाम) इलायची देवी दर्ज हो गया हैं जबकि अन्य सभी दस्तावेज में लाली देवी हैं। जो सही एवं सत्य है। अतः भविष्य में इसी नाम से जाना जावें। मीठालाल मीणा, निवासी-चोरपुरा, तह. निवाई (टोंक)

I, Sweta Anand D/o Ramanand Sharma and W/o Shakil Khan, residing at 102, Radha Apartment, Hanuman Nagar-A, Vaishali Nagar, Scheme No.5, Jaipur, Rajasthan-302021, have embraced ISLAM and renounced HINDUISM with effect from 16.01.2016 and also have changed my name from Sweta Anand to Aliya Khan.

I have changed my name from Dharmendra Jat S/o Ramesh Chand Jat to Dharmendra Choudhary S/o Ramesh Chand Choudhary for all purposes R/o-2805 Hari Jethi Ka chowk, Bagru Walon Ka Rasta, Chandpole Bazar, Jaipur (Raj.)

**खोया पाया**

मेरे मकान नम्बर 70/216 सैक्टर-7 प्रतापनगर सांगानेर का ओरिजनल लीज डीड व Conveyance and Perpetual deed कहीं गुम हो गये है मिलने पर सूचित करें। नरेश कुमार-9828135602

मेरा प्लॉट संख्या 16,17,18 महावीर कॉलोनी ई गोविंदपुरा टोंक रोड जयपुर के मूल दस्तावेज जो मित्र गृह निर्माण सहकारी समिति के हैं, कहीं खो गए है। मिलने पर सूचित करें। मिलने पर सूचित करें। केसु लाल 9602419545

**कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.**
क्रमांक-नपाश्रीमा./2022-23/4189-90 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-17.10.2022

श्री रमेन्द्र पाल सिंह पुत्र श्री उपेन्द्र सिंह निवासी वार्ड नं. 24 सुराणी बाजार कस्बा श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार व्यावसायिक प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/कॉलोनी/गली का नाम | पड़ौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं. | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौड़ाई सहित क्षेत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) | वर्तमान वार्ड नं.24 सुराणी बाजार, श्रीमाधोपुर | चर्तु सीमाऐं निम्न प्रकार से है पूर्व दिशा में सत्यनारायण थोईवाला की दुकान, पश्चिम दिशा में बनवारी लाल चौधरी की दुकान, उत्तर दिशा में महावीर चोधरी का मकान व दक्षिण दिशा में आम रास्ता सुराणी बाजार अवस्थित है। | दुकान व्यावसायिक प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरब से पश्चिम 14 फुट 7 इंच व उत्तर से दक्षिण 27 फुट कुल क्षेत्रफल 44.58 वर्गगज या 37.27 वर्गमीटर है। |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 17.10.2022 को जारी की गयी।
अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर




# फसल खराबे के मुआवजे की मांग, किसानों ने ट्रैक्टर ट्रॉली रैली निकाली

## नवीन मंडी यार्ड अनाज मंडी से जिला कलेक्ट्रेट तक सैकड़ों टैक्टरों के साथ निकाली रैली

**भरतपुर, (निसं)।** भारतीय किसान संघ जिलाध्यक्ष रमन सिंह कसौदा एवं मंजू दीक्षित प्रदेश मंत्री एवं अखिल भारतीय महिला प्रमुख एवं डॉ लटूरसिंह जयपुर प्रांतीय मंत्री एवं राजीव दीक्षित भारतीय किसान संघ प्रदेश मीडिया प्रमुख की मौजूदगी में जिला कलेक्टर को भरतपुर जिले में हुई बेमौसम अतिवृष्टि से भरतपुर जिले की समस्त तहसीलों में फसल खराबे का मुआवजा दिलवाने के लिए विशाल किसान ट्रैक्टर रैली का आयोजन नवीन मंडी यार्ड अनाज मंडी से जिला कलेक्ट्रेट तक सैकड़ों की संख्या में ट्रैक्टर मोटरसाइकिल एवं सैकड़ों की संख्या में किसान भाई मौजूद रहे। भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष रमन सिंह कसौदा ने बताया कि दीपावली के त्यौहार को देखते हुए भारतीय किसान संघ द्वारा केवल विशाल ट्रैक्टर ट्रॉली रैली का आयोजन किया गया है। भारतीय किसान संघ ने जिला प्रशासन को चेतावनी देते हुए कलेक्टर को 7 दिन के अंदर जिले की समस्त तहसीलों में जो 90 से 100 प्रतिशत तक ज्वार बाजरा की फसल का खराबा हुआ है। उसका राजस्थान सरकार एवं बीमा कंपनी तुरंत प्रभाव से जिले के समस्त किसानों को फसल खराबे का मुआवजा दें।

भरतपुर जिले के किसानों को फसल खराबे का मुआवजा नहीं दिया गया तो दीपावली त्यौहार बाद जिले के समस्त किसान पशुओं अपने बच्चों महिलाओं सभी के साथ अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे। जिला अध्यक्ष रमन सिंह कसौदा की अगुवाई में अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया और जिला प्रशासन ने 7 दिन का आश्वासन दिया है और फसल खराबे का मुआवजा सभी तहसीलों में मिलेगा ऐसा आश्वासन अतिरिक्त जिला कलेक्टर से मिला है।

इस अवसर पर मंजू दीक्षित राजस्थान प्रदेश मंत्री एवं महिला प्रमुख, डॉ. लटूरसिंह जयपुर प्रांतीय मंत्री, राजीव दीक्षित राजस्थान प्रदेश प्रचार प्रमुख, रमनसिंह कसौदा, मोहन सिंह सेत, अजमेर सिंह, इंजीनियर घमंडीसिंह नहारौली, रूप सिंह बहनेरा, लाखन सिंह अनीपुर, राजेंद्र सिंह कसौदा, जलसिंह बुरावई, जगतार सिंह उज्जैन सहित काफी की संख्या में किसान भाई मौजूद रहे।



भारतीय किसान संघ जिलाध्यक्ष रमन सिंह के नेतृत्व में ट्रैक्टर रैली का आयोजन किया।

# शिक्षा विभाग में गेस्ट फैकल्टी व्यवस्था लागू

## फिजिकल टीचर से लेक्चरर तक गेस्ट फैकल्टी, पीरियड के हिसाब से मिलेगा वेतन

- **कभी भी बिना कारण बताए हटा सकते हैं गेस्ट फेकल्टी के स्टाफ को**
- **12 नवम्बर को गेस्ट फेकल्टी की नियुक्ति के आदेश जारी हो जाएंगे**

**बीकानेर, (कासं)।** प्रदेशभर में सरकारी स्कूलों में रिक्त पदों को भरने के लिए आखिरकार शिक्षा विभाग ने गेस्ट फेकल्टी व्यवस्था लागू कर दी है। अब प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में शिक्षा संबल योजना के तहत गेस्ट फेकल्टी लगाने का अधिकार एक कमेटी को दिया गया है। ये कमेटी रिटायर्ड टीचर्स के साथ रीट उत्तीर्ण नए युवाओं को भी गेस्ट फेकल्टी पर रख सकती है।

माध्यमिक शिक्षा निदेशक गौरव अग्रवाल ने बताया कि विद्या संबल योजना के तहत लेक्चरर, सीनियर टीचर, टीचर लेवल वन और टू, प्रयोगशाला सहायक और फिजिकल टीचर्स लगाए जा सकते हैं। यहां रिटायर्ड टीचर्स को लगाते वक्त उनकी उम्र 65 वर्ष से अधिक नहीं होने की शर्त रहेगी। वहीं रीट उत्तीर्ण होने की शर्त लागू नहीं होगी। उधर, प्राइवेट अभ्यर्थियों को रीट एग्जाम क्लियर होने पर ही पढ़ाने का अवसर दिया जाएगा।

गेस्ट फेकल्टी के तहत काम करने के इच्छुक युवाओं व रिटायर्ड टीचर्स को दो नवम्बर से आवेदन करना है। एक नंवबर को सभी स्कूल अपने यहां रिक्त पदों के बारे में विज्ञापन जारी करेंगे। इसी विज्ञापन के आधार पर दो से चार नवंबर तक आवेदन दिए जा सकते हैं। पांच नवम्बर को आवेदन करने वालों की सूची चस्पा की जाएगी । सात नवंबर को स्कूल पात्रता की जांच करेगा और इसी दिन मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी नौ नवंबर को आवेदन पर आपत्ति की जा सकती है। दस नवम्बर को अंतिम मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी। 11 नवम्बर को मूल दस्तावेजों की जांच की जाएगी। 12 नवम्बर को गेस्ट फेकल्टी की नियुक्ति के आदेश जारी हो जाएंगे। इसके बाद वो 19 नवम्बर तक कार्यभार ग्रहण कर सकते हैं।

गेस्ट फेकल्टी के लिए सभी पदों के लिए अलग अलग मानदेय तय किया गया है। इसी आधार पर अधिकतम मानदेय भी तय कर दिया गया है। पहली से आठवीं क्लास को पढ़ाने वाले लेवल वन और टू के टीचर्स को प्रति पीरियड तीन सौ रुपए मिलेंगे और अधिकतम भुगतान 21 हजार रुपए होगा । प्रयोगशाला सहायक और फिजिकल टीचर्स के लिए भी ये ही मानदेय होगा। वरिष्ठ अध्यापक को साढ़े तीन सौ रुपए प्रति पीरियड मिलेंगे और अधिकतम 25 हजार रुपए दिए जाएंगे। इसी तरह लेक्चरर को प्रति पीरियड चार सौ रुपए और अधिकतम तीस हजार रुपए मिलेंगे।

# होटल में पति ने पत्नी बदलने का खेल खेला, मुकदमा दर्ज

## दोस्तों के साथ पत्नी पर फिजिकल रिलेशन का दबाव बनाया

- **भोपाल की महिला ने बीकानेर में होटल मैनेजर पति मोहम्मद अम्मार पर लगाये आरोप**

**बीकानेर, (कासं)।** यहां के होटल में पति ने पत्नी बदलने (वाइफ स्वैप ) का खेल खेला। दोस्तों के साथ पत्नी को फिजिकल रिलेशन का दबाव बनाया, मना किया तो मारपीट की। ये आरोप मध्यप्रदेश के भोपाल के कोहेफिजा इलाके की रहने वाली महिला ने होटल मैनेजर पति मोहम्मद अम्मार पर लगाये हैं। महिला का पति बीकानेर के एक होटल में मैनेजर है। मामला भोपाल के महिला थाने में दर्ज कराया गया है। हालांकि बीकानेर पुलिस इस पूरे मामले से खुद को अनजान बता रही है।

एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि उसका पति बीकानेर के होटल में मैनेजर है। पति ने होटल के कमरे में बंद करके मोबाइल छीन लिया। वाइफ पर स्वैप गेम का हिस्सा बनने के लिए दबाव डाला। मना करने पर पति ने मारपीट की, जिसके निशान बॉडी पर बन गए। मुझे कहा कि तुम गंवार हो। अप्राकृतिक रूप से फिजिकल रिलेशन भी बनाए।

महिला ने ये भी आरोप लगाया कि उसके पति को शराब और ड्रग्स की लत है। इसके चलते लड़कियों के साथ ही लड़कों से भी रिलेशन बनाता रहता है। भोपाल की महिला थाना इंचार्ज अंजना धुर्वे ने बताया कि मानसिक प्रताड़ना के चलते महिला करीब दो महीने पहले भोपाल पीहर आ गई थी। महिला की मां उस समय सऊदी अरब गई हुई थी। मां लौटी तो महिला ने पूरी बात बताई। इसके बाद मुकदमा दर्ज कराया। मामला दर्ज होने के बाद से उसका पति फरार है।

रिपोर्ट में महिला ने यह भी आरोप लगाया कि उसकी सास और भाभी दोनों ने उसके पति के साथ मिलकर 50 लाख रुपए दहेज की मांग की। उसने यह भी बताया कि उसके ससुराल वालों ने उसकी शिकायतों पर कभी ध्यान नहीं दिया और उसे आधुनिक होने के लिए कहते रहे। महिला ने रिपोर्ट में बताया कि घायल होने के बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई और हमले महीनों तक जारी रहे।

# गैस विस्फोट कांड: दो और झुलसे लोगों ने दम तोड़ा

- **अब तक आठ मौतें हो चुकीं**
- **आठ अक्टूबर को हुआ था हादसा**

**जोधपुर, (कास)।** जोधपुर शहर के कीर्तिनगर अन्नसागर इलाके में 8 अक्टूबर हुए अवैध रूप से गैस रिफिलिंग करते हादसे में गंभीर रूप से झुलसे दो और लोगों की मौत हो गई। एक ने रविवार की रात में दम तोड़ा तो दूसरे ने आज सुबह एमजीएच के बर्न यूनिट में दम तोड़ दिया। एक मृतक घर मालिक भोमाराम का बहनोई लगता था और दूसरा पडौसी है। इस प्रकरण में अब तक आठ जानें जा चुकी है। 12 लोग अब अस्पताल में भर्ती हैं । 16 घायलों में चार लोगों की अब तक जान चली गई है।

माता का थान थानाधिकारी राजूराम बामणिया ने बताया कि इस गैस विस्फोट कांड में भोमाराम की मां शोभादेवी, पत्नी सरोज, पुत्री कोमल, नीकू, पुत्र विक्की, उसका साला सुरेश लोहार की मौत पहले ही चुकी है। रविवार की रात को भोमाराम का बहनोई नागौर जिले मेडता स्थित जालोरा का रहने वाला 35 वर्षीय पारसराम पुत्र बाबूलाल की मौत हो गई। जबकि आज सुबह भोमाराम का पडौसी 35 वर्षीय अशोक जोशी पुत्र मूलाराम भी चल बसा। शवों को कार्रवाई कर उनके परिजन के सुपुर्द किए गए है।

गैस सिलेण्डरों में आग व विस्फोट से आठ अक्टूबर शनिवार को अन्नासागर गली-1 निवासी भोमाराम लोहार की पुत्री कोमल व नीकू, पुत्र विक्की और साला सुरेश लोहार जिंदा जल गए थे। उसकी पत्नी सरोज और मां शोभादेवी भी झुलसे थे। हादसे में घायल 16 में चार लोगों की और मौत हो चुकी है।

# दो मास्टर माइंड गिरफ्तार

**बांसवाड़ा, (निसं.)।** पुलिस ने गत 13 अक्टूबर को शहर में हुई फायरिंग की सनसनीखेज घटना करवाने वाले 2 मास्टरमाईंड आरोपियों को मात्र 72 घण्टे में गिरफ्तार कर लिया है। ध्यान रहे कि पुलिस ने गत 13 अक्टूबर को शहर में हुई फायरिंग की सनसनीखेज घटना का मात्र 27 घण्टे में खुलासा करते हुए फायरिंग करने वाले 2 युवकों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त पिस्टल को बरामद कर लिया था।

पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना ने बताया कि 13 अक्टूबर को प्रार्थी इरशाद हुसैन पुत्र स्व. हाजी रसीद हुसैन निवासी मुस्लिम कोलोनी ने बमुकाम एमजीएच हॉस्पीटल में रिपोर्ट दी कि सायं छः बजे वह अपनी बुलट मोटरसाईकिल से कब्रिस्तान से वापस अपने घर मुस्लिम कोलोनी जा रहा था कि रास्ते में मैक्स सुपर मार्केट के पास पहुंचा ही था कि पीछे से दो हमलावर मोटरसाईकिल पर आये और उसे जान से मारने की नियत से गोली चलाई जो उसके दाहिने पैर की जांघ में लगी। दोनो हमलावर मौके से भाग गये।

# लॉरेंस गैंग के नाम पर परिषद चेयरमैन से मांगी थी फिरौती

## तीनों बदमाशों को किया गिरफ्तार, नगर परिषद चेयरमैन को दी थी धमकी

- **धमकी देकर मांगी थी एक करोड़ रुपये की फिरौती**

**हनुमानगढ़, (निसं)।** जंक्शन पुलिस ने लॉरेंस गैंग के नाम पर फिरौती मांगने वाले तीनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। बदमाशों ने नगर परिषद चेयरमैन को फोन कर एक करोड़ रुपए की फिरौती की मांग की थी। बदमाशों ने रुपए नहीं देने पर चेयरमैन को जान से मारने की धमकी दी थी।

जंक्शन थाने के कॉन्स्टेबल बलदेव सिंह ने बताया कि 6 अक्टूबर को नगर परिषद चेयरमैन गणेश बंसल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोबाइल पर लारेंस गैंग का सदस्य बताकर जान से मारने की धमकी दी और 1 करोड़ रुपए की फिरौती की मांग की। जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। जंक्शन पुलिस की टीम ने आ. सूचना और तकनीकी सहायता से ट्रैस कर बदमाश गुरविन्द्र सिंह पुत्र नत्था सिंह जटसिख निवासी गोदारावास फतेहगढ़ पुलिस थाना हनुमानगढ़ टाउन, नरेन्द्र शर्मा पुत्र शंकरलाल शर्मा निवासी वार्ड-18 हनुमानगढ़ टाउन और नवजोत सिंह पुत्र दौलत सिंह निवासी रामपुरा नारायणपुरा पुलिस थाना बहाववाला जिला फाजिल्का पंजाब को गिरफ्तार किया। सभी बदमाशों ने पूछताछ में धमकी देकर 1 करोड़ की मांग करने की बात स्वीकार कर ली है।

# छह देशों के राजदूत आज करौली आएंगे

**करौली, (नि.स.)।** करौली जिले के सेंड स्टोन को अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान मिलने की संभावना अब प्रबल हो गई है । आज मंगलवार को 6 देशों के राजदूत करौली क्षेत्र का दौरा कर स्टोन फैक्ट्रियों का निरीक्षण करते हुए प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक लेंगे। इस दौरे के दौरान प्रतिनिधिमंडल करौली के अलावा हिण्डौन सिटी में भी सेंड स्टोन की फैक्ट्रियों का अवलोकन करेगा इससे पहले प्रतिनिधिमंडल श्री महावीर जी में भगवान महावीर के दर्शन करेंगे और हिण्डौन में 6 देशों के राजदूतों के आने के कार्यक्रम को देखते हुए उपखंड प्रशासन और जिला प्रशासन के अधिकारी तैयारियों में जुट गए हैं।

ज्ञात रहे कि एमएसएमई क्षेत्र संवर्धन एवं विकास में उत्कृष्ट कार्य के लिए पीएम मोदी द्वारा आकांक्षी जिला करौली श्रेणी में देश में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर करौली जिले को सम्मानित किया गया था। जिले में पत्थर आधारित उद्योग उत्पादों के निर्यात की संभावनाओं को देखते हुए बुलगारीया में भारतीय राजदूत संजय राणा के नेतृत्व में यूक्रेन, मोरक्को, नामीबिया, अरेमियां और दक्षिण सूडान के राजदूतों का शिष्टमंडल आज मंगलवार को जिले के दौरे पर रहेगा अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने बताया कि भारत के 6 एंबेसडर, हाई कमिश्नर की अध्यक्षता में आशान्वित जिला, आंचल अभियान, अमृत सरोवर योजना एवं एक जिला एक उत्पाद ओडीओपी के संबंध मे समीक्षा बैठक आज मंगलवार को प्रातः 11.15 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जायेगी।

# दस क्विंटल प्लास्टिक कैरी बेग जप्त किये

**चूरू, (कासं)।** प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं चूरू नगर परिषद की टीम ने शहर का औचक निरीक्षण कर प्रतिबंधित प्लास्टिक की थैली जप्त की। नगरपरिषद् आयुक्त मघराज डूडी ने बताया कि प्रदूषण नियंत्रण मण्डल नागौर व नगरपरिषद् चूरू की टीम ने संयुक्त तत्वावधान में शहर का औचक दौरा कर सफेद घंटाघर के पास लगभग आठ से दस स्थानों पर छापामारी कर दस क्विंटल के करीब प्रतिबन्धित प्लास्टिक कैरी बैग जप्त की गई। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्लास्टिक कैरी बैग को प्रतिबन्धित किया जा चुका है। भविष्य में भी इस प्रकार की कार्यवाही की जायेगी। आयुक्त डूडी ने कहा कि शहरवासियों को प्लास्टिक कैरी बैग का उपयोग नही करना चाहिए। क्योंकि कैरी बैग को जब आप उपयोग करके बाहर डालते है।

# रेप के मामले में मौलवी को आजीवन कारावास

## जफरू ने अप्रैल 2021 को मस्जिद में पढ़ने वाली 13 साल की नाबालिग से रेप किया था

**अलवर, (निसं)।** अलवर के एक थाना क्षेत्र में 13 साल की नाबालिग से रेप के मामले में सोमवार को कोर्ट ने एक मौलवी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मौलवी पीडिता का टीचर भी था। रेप के बाद पीडिता व उसके माता-पिता बयान से पलट गए थे। लेकिन कोर्ट ने एफएसल के साक्ष्य और अन्य तथ्यों के आधार पर जुर्म साबित होने पर सजा सुनाई। कोर्ट को फैसला करने में डेढ साल का समय लगा। विशिष्ट लोक अभियोजक रोशनद्दीन खान ने बताया कि आरोपी जफरुद्दीन उर्फ जफरु पुत्र अयूब निवासी बिसरु हथीन पलवल हरियाणा हाल चौपानकी का रहने वाला है। जफरू एक मस्जिद में मौलवी था।

जफरू ने अप्रैल 2021 को मस्जिद में पढने आने वाली 13 साल की नाबालिग से रेप किया था। नाबालिग अपने घर से मौलवी के लिए खाना लेकर गई थी। उसी दिन मौलवी ने रेप की वारदात की। जब परिवार के लोग मौलवी के पास शिकायत लेकर पहुंचे तो उसने पीडित बच्ची को कुएं में धक्का दे दिया। लेकिन बच्ची की जान बच गई। इसके बाद मौलवी के खिलाफ वारंट पेश कर गिरफ्तार किया गया। अब मौलवी को करीब डेढ साल बाद सजा सुनाई गई है। इस मामले में परिवार व पीडिता बयानों से मुकर गए थे। इसके बाद कोर्ट में पहले से एफएसल रिपोर्ट व अन्य तथ्यों के आधार पर कोर्ट में सुनवाई आगे बढी। अब मौलवी को आजीवन कारावास व 6500 रुपए के जुर्माने से दंडित किया।

# दुष्कर्मी का जमानत प्रार्थना पत्र खारिज

**बौंली-बामनवास, (निसं)।** सवाई माधोपुर पोक्सो न्यायालय ने नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी श्यामलाल माली निवासी सवाई गंज थाना रवांजना डूंगर का मामले की गंभीरता को देखते हुए जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया। पीड़िता व राज्य सरकार की ओर से पैरवी करते हुए विशिष्ट लोक अभियोजक अनिल कुमार जैन ने जमानत प्रार्थना पत्र का विरोध दर्ज कराते हुए न्यायालय को अवगत कराया कि जिले के एक थाने में एक पीड़ित ने मामला दर्ज कर बताया था कि 14 सितंबर 2022 को आरोपी श्यामलाल माली बाइक लेकर मेरे भाई के घर पर आया वह मेरी भतीजी को उड़द कटाने के बहाने घर से ले गया वह आरोपी खेत पर नहीं ले जाकर अपने घर खाना खाने के बाद चलने का बहाना बनाकर ले गया और अंदर घुसने के बाद गेट बंद कर दिया मेरी नाबालिग भतीजी रोने लगी तो उसने 2-3 थप्पड़ उसको मार दिए एवं उसके साथ गलत काम किया। मेरी भतीजी के चिल्लाने पर मैं वहां पर पहुंचा तो आरोपी ने गेट नहीं खोला एवं दूसरी डोडी से कूदकर भाग निकला फिर मेरी भतीजी ने गेट खोला आपबीती मुझे बताई। उसकी जन्म तिथि 12 अगस्त 2005 है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान के बाद आरोपी श्यामलाल माली को गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान पेश किया आरोपी तब से ही न्यायिक अभिरक्षा में चल रहा है।

# पत्नी के साथ 16 दिन की मासूम पुत्री की हत्या

**जोधपुर, (कास)।** जोधपुर जिले के खेड़ापा थानान्तर्गत डांवरा गांव के गोविंदपुरा में दो पुत्रियों के बाद एक और पुत्री के जन्म पर सूर्य पूजन के कुछ घंटों बाद ही मां व 16 दिन की मासूम पुत्री की हत्या कर दी गई। पिता ने गुपचुप नवजात पुत्री का शव जमीन में गाड़ दिया। मृतका के वृद्ध ससुर को सोमवार को पता लगा तो समधी को सूचित किया। हत्या का मामला दर्ज कर पुलिस ने पति को हिरासत में लिया।

- **खड़ापा थाने के डांवरा गांव का मामला**

थानाधिकारी नेमाराम ने बताया कि डांवरा गांव में गोविंदपुरा निवासी तीस वर्षीय सीता व उसकी 16 दिन की पुत्री की मौत हुई है। हतुण्डी निवासी मृतका के पिता ने अपने दामाद के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने एफएसएल को बुलाकर मौका मुआयना कराया तथा जांच के बाद शव का महात्मा गांधी अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया। आरोपी पति को हिरासत में लिया गया है। पुलिस का कहना है कि पति अभी तक हत्या का कारण पता नहीं लग पाया है। पति से पूछताछ की जा रही है।

# महंगे बीज खरीदे, लेकिन अंकुरित ही नहीं हुए

## भारतीय किसान संघ ने कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

- **बाजरा और मूंग की खरीद तुरंत प्रभाव से शुरू की जाए**

**हनुमानगढ़, (कासं)** भारतीय किसान संघ तहसील कार्यकारिणी की बैठक रावत सिंह की अध्यक्षता में कृषक विश्राम गृह नोहर में हुई। बैठक में किसानों ने बताया कि नरमा कपास की तुलाई पर अवैध कटौती और क्षेत्र में ग्वार की फसल जो किसानों ने बिजाई की थी। बीज सही नहीं होने के कारण उसके फल नहीं लगा। ऐसे में कंपनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई कर किसानों को उचित मुआवजा दिलाया जाए। किसानों ने उपज मंडी के सचिव पंडित विष्णु दत्त शर्मा के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर तुरंत प्रभाव में किसानों की समस्याओं के निदान की मांग की। बैठक में तहसील अध्यक्ष राजेंद्र सिहाग ने बताया कि जिला कमेटी की बैठक में हुए निर्णय को तहसील स्तर पर लागू करने का निर्णय लिया गया।

इसके अलावा डीएपी और यूरिया की कालाबाजारी तुरंत प्रभाव से बंद करवा कर गांव स्तर पर डीएपी और यूरिया का वितरण करवाया जाए । बकाया फसल बीमा क्लेम 2020-21 और 2021 का क्लेम ब्याज सहित किसानों को तुरंत प्रभाव से दिया जाए। वर्षा के अभाव में हुए नुकसान का उसका उचित मुआवजा दिया जाए, फसल की सरकारी खरीद वर्ष भर चालू रखी जाए और बाजरा और मूंग की खरीद तुरंत प्रभाव से शुरू की जाए।

इसी प्रकार अधूरे और टूटे खालो का पुनर्निर्माण करवाया जाए, नहरों में टेल तक पूरा पानी दिया जाए। बैठक में रावत सिह, राजेंद्र सिहाग एडवोकेट, पृथ्वी सिंह पांडर, कृष्ण कुमार देव, अनिल बेडू एडवोकेट, गोविंद राम गोदारा, केसु राम महार, पृथ्वी सिंह बिरकली, राकेश भारती अर्जुन बेनीवाल, प्रताप सिंह आदि किसान उपस्थित थे।

# मरीज के परिजनों ने डॉक्टर से की हाथापाई

**भरतपुर, (निसं)।** मथुरा गेट थाना क्षेत्र स्थित न्यू राज ट्रोमा अस्पताल में एक चिकित्सक व मरीज में इलाज के दौरान विवाद हो गया। जिससे नाराज होकर मरीज के परिजन ने अपने साथियों के साथ मिलकर चिकित्सक के साथ मारपीट कर दी। मारपीट की सूचना मिलने पर सिओ सिटी सतीष वर्मा, मथुरा गेट थाना पुलिस एवं क्यूआरटी टीम अस्पताल पहुंचे। फिलहाल पुलिस घटना के अनुसंधान में जुटी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के काली बगीची स्थित न्यू राज ट्रोमा अस्पताल में पुलिसकर्मी कप्तान सिंह अपना इलाज कराने पहुंचा था। जहां किसी बात को लेकर कप्तान सिंह की चिकित्सक से बहस हो गई। जिससे नाराज होकर मरीज के परिजन अपने साथियों के साथ अस्पताल पहुंच गए। जिन्होंने चिकित्सक के केबिन में घुसकर चिकित्सक प्रतीक बंसल के साथ मारपीट कर दी और अंदर तोड़फोड़ कर फरार हो गए। इस घटना की सूचना मिलते ही सिओ सिटी सतीष वर्मा, मथुरा गेट थाना पुलिस और क्यूआरटी टीम मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। अस्पताल में हुई वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फिलहाल पुलिस घटना के अनुसंधान में जुटी हुए है।

# मकान में डकैती की योजना बनाते छह लोग गिरफ्तार

## साढे सात लाख की नगदी, तीन बाइक, दस एंड्रॉइड फोन भी जब्त किए

- **चार पिस्टल, 62 जिंदा कारतूस मिले**
- **जयपुर-आगरा, जोधपुर पाली हाइवे पर ज्वैलरों को लूटने की योजना थी**

**जोधपुर, (कास)।** कमिश्नरेट पुलिस ने रविवार की देर रात झालामंड स्थित एक घर की घेराबंदी कर रेड दी। मकान में डकैती की योजना बना रहे छह लोगों को पकड़ा गया। इनके पास से चार देशी पिस्टल, 62 जिंदा कारतूस बरामद हुए। मौके से चार कारें और तीन बाइक आदि जब्त किए गए है। साथ ही 7.50 लाख की नगदी और दस मोबाइल फोन भी जब्त किए गए है।

पुलिस आयुक्त रविदत्त गौड ने बताया कि रविवार की देर रात बनाड पुलिस को सूचना मिली कि झालामंड स्थित एक मकान शांतिसूरी नैनो हाउस हनुमाननगर में कुछ लोग एकत्र होकर डकैती की योजना बना रहे हैं । जिस पर पुलिस ने मकान की घेराबंदी की। बाद में एक साथ रेड दी। मकान में रेड देते ही उसमें मौजूद युवकों में हडकंप मच गया। उन्होंने भागने का प्रयास भी किया मगर मौके पर पुलिस का भारी जाब्ता होने से वे भागने में सफल नहीं हो पाए। मौके से पुलिस ने छह युवकों को पकड़ा है। जिनके पास से चार देशी पिस्टलें, 62 जिंदा कारतूस बरामद हुए है। इसके अलावा मौके से चार कारें, तीन टू व्हीलर को भी जब्त किया गया है। इनके पास से साढे सात लाख की नगदी, दस एंड्राइड फोन भी जब्त किए गए है। पकडे गए अभियुक्तों से पता लगा कि यह लोग जयपुर - आगरा, जोधपुर पाली हाइवे पर ज्वैलरों को लूटने या डकैती डालने की योजना को अंजाम देने वाले थे।

**इन्हें पकडा गया, यह हथियार मिलें:-** पुलिस आयुक्त रविदत्त गौड ने बताया कि जाजीवाल विश्नोईयान बनाड निवासी रामनिवास पुत्र जींयाराम विश्नोई से एक देशी पिस्टल दस जिंदा कारतूस, लोडेड मैगजीन से पांच जिंदा कारतूस, रामपाल पुत्र जीवणराम से एक देशी पिस्टल, दस जिंदा कारतूस, लोडेड मैगजीन मय पांच जिंदा कारतूस, पीथावास डांगियावास निवासी विष्णु पुत्र ओमप्रकाश विश्नोई से एक देशी पिस्टल दस जिंदा कारतूस एवं लोडेड मैगजीन में पांच जिंदा कारतूस मिले। विनायक पुरा भवाद करवड निवासी कैलाश पुत्र सुरजाराम विश्नोई से एक देशी पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस, लोडेड मैगजीन में पांच जिंदा कारतूस मिले। जबकि रूकडती डांगियवास के पुखराज पंवार पुत्र शिवलाल विश्नोई के पास से सात जिंदा कारतूस बरामद हुए। आरोपी रामनिवास, रामपाल, विष्णु, कैलाश पुत्र सुरजाराम, पुखराज, कैलाश पुत्र चैनाराम ने दीपावली से पूर्व रात में जयपुर आगरा हाइवे से आने वाले किसी ज्वैलर को लूटने की योजना थी। आरोपियों के पास से बोलेरो पिकअप, दो क्रेटा कार, एक ब्रेजा कार एवं तीन बाइक को जब्त किया गया है। गाडियां चोरी की होने की संभावना है।

पुलिस आयुक्त रविदत्त गौड के अनुसार बनाड का रामनिवास बनाड का एक हजार का इनामी बदमाश है और मतोडा में दो हजार का इनाम घोषित हो रखा है। घटनास्थल से फरार होने वाला खारडा रणधीर का सुनील पुत्र हरीराम जाणी जयपुर में करोडों रूपयों की एक्सिस बैंक डकैती में शामिल रहा है।

पुलिस के रेड देने के समय तीन आरोपी छत से कूद कर भागने में सफल हो गए । इनमें खारडा रणधीर का सुनील पुत्र हरिराम जाणी विश्नोई, हाणियां खिंदाकौर ओसियां निवासी सुनील पुत्र मांगीलाल विश्नोई एवं कानासर बाप का हडमान पुत्र जगदीश विश्नोई है। अपराधियों का आपराधिक रिकार्ड रहा है। जोकि मादक पदार्थ से लेकर चोरी, आर्म्स एक्ट में मामले दर्ज हो रखे है। कई थानों में आपराधिक रिकार्ड सामने आया है।

# गंदगी और खराब रोड लाइट्स से आक्रोशित लोगों का ग्रेटर निगम पर हंगामेदार प्रदर्शन

## सांगानेर विधायक अशोक लाहोटी कचरे से भरी ट्रैक्टर-टॉली लेकर निगम पहुंचे

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** ग्रेटर नगर निगम प्रशासन हर महीने करोड़ों रुपये खर्च करके भी शहर में बदत्तर सफाई-सीवरेज सुविधा और खराब रोड लाइट्स को नहीं सुधार पा रहा है। न तो वार्डों में कचरा उठाने को गाड़ी पहुंच रही है और न ही झाड़ू लगाने को स्वीपर। बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट्स के कारण दीपावली के त्यौंहार पर भी बाहरी वार्डों की कॉलोनियों में अंधेरा छाया रहता है।

- **पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर आक्रोशित भीड़ को रोकना चाहा तो धक्का-मुक्की हुई**
- **लाहोटी ने मेयर शील धाबाई और आयुक्त महेन्द्र सोनी के पास पहुंचकर जल्द हालात सुधारने का अल्टीमेटम दिया**

सोमवार को इन्हीं समस्याओं से आक्रोशित 400 कॉलोनियों के हजारों लोगों ने सांगानेर विधायक अशोक लाहोटी के साथ ग्रेटर नगर निगम मुख्यालय का घेराव किया।



**सांगानेर क्षेत्र की 400 कॉलोनियों के हजारों लोगों ने सोमवार को ग्रेटर निगम मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया।**

खुद विधायक लाहोटी भी दो ट्रैक्टर-टॉली में कचरा भरकर पहुंचे। एक साथ भारी भीड़ उमड़ती देख पुलिस जाप्ते ने बैरिकेड्स लगाकर लोगों को रोकना चाहा, लेकिन लोग बैरिकेड्स के ऊपर से अंदर घुसने की कोशिश करते रहे। इस बीच पुलिसकर्मियों और लोगों में जमकर धक्का-मुक्की भी हुई।

बाद में महापौर शील धाबाई और कमिश्नर महेन्द्र सोनी से वार्ता करके विधायक अशोक लाहोटी ने दीपावली से पहले हालात सुधारने का अल्टीमेटम दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर व्यवस्था नहीं सुधरी तो सांगानेर और मानसरोवर जोन में हल्ला बोला जाएगा। लाहोटी ने अधिकारियों को भी चेताया कि राजनीतिक कार्यकर्ता बनकर काम नहीं करें। हमने भी लिस्ट बना रखी है। हमारी सरकार आई तो ब्याज सहित बदला लिया जाएगा।

लाहोटी ने कहा कि लम्पी रोग से जयपुर में सैकड़ों गौवंश की मौत हुई, लेकिन इसका जिम्मेदार नगर निगम है, क्योंकि सफाई की कोई व्यवस्था ही नहीं है। डेंगू रोग से कॉलोनियों में सैकड़ों लोग बीमार है, इसलिए सुधार की जरूरत है। हमने आज तक काली दीपावली नहीं देखी, शिकायतों के बावजूद रोड लाइट्स नहीं सुधारी जा रही। बारिश का पानी आज भी सांगानेर की कॉलोनियों में भरा हुआ है। टूटी सड़कें व फेरो कवर, पार्कों में टूटे झूले और खराब लाइट्स से आमजन परेशान है। कचरे की गाड़ी एक-एक महीने से नहीं आती। पार्षदों की कोई सुनवाई नहीं हो रही। लाहोटी ने कहा कि अधिकारी मस्त होकर सो रहे हैं। केवल भूमाफिया और प्रोपर्टी डीलर के साथ मिलकर बिल्डिंग बनवाने और थड़ी-ठेला से वसूली का काम किया जा रहा है। बोर्ड भले ही भाजपा का हो, लेकिन पूरा काम राज्य सरकार के कहने पर हो रहा है। सफाई कर्मचारी से लेकर कोई भी स्थानांतरण सरकार के निर्देश पर हो रहे हैं। ये सरकार कभी महापौर को हटाती है और कभी लगा देती है। क्या लोकतंत्र में विरोध करने का हक भी किसी को नहीं है।

## घर में सो रही युवती से दुष्कर्म का प्रयास

**जयपुर।** मुरलीपुरा थाना इलाके में घर में सो रही एक युवती से दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया इलाके निवासी युवती ने रिपोर्ट दी है कि विजेंद्र काफी समय से परेशान कर रहा है। आरोप है 13 अक्टूबर की रात 10 बजे पीड़िता घर में सो रही थी। इस दौरान विजेंद्र घर में घुस आया और पीड़िता से जबरन शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास करने लगा। पीड़िता ने मना किया तो उसने गला दबा कर जान से मारने की कोशिश की। पीड़िता के चिल्लाने पर उसकी मां और बहन आ गई, जिसने उसे विजेंद्र से बचाया। इस दौरान मौका पाकर विजेंद्र फरार हो गया। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

## छात्रा से गैंगरेप मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर।** मालपुरा गेट पुलिस ने दसवीं कक्षा की छात्रा से बलात्कार के मामले में एक होटल के केयर टेकर समेत चार आरोपियों को और गिरफ्तार किया है। मामले में मुहाना निवासी मुख्य आरोपी आयुष कुमावत को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। इसी मामले में मुहाना क्षेत्र निवासी किशन मीणा, लक्खा गुर्जर, रोहित कुमावत और शिकारपुरा रोड स्थित होटल राज महल के केयर टेकर प्रकाश पंडित को गिरफ्तार किया है। आरोपी प्रकाश ने बिना पहचान पत्र लिए और रिकॉर्ड में एन्ट्री किए बिना नाबालिग बच्चों को कमरा दिया था। जबकि अन्य आरोपियों के खिलाफ छात्रा ने बलात्कार और ब्लैकमेलिंग करने का मामला दर्ज कराया था।

## पांच हुक्का बार में पुलिस का छापा, आठ गिरफ्तार

### पुलिस टीम ने 10 युवक-युवतियों को शांतिभंग में भी पकड़ा



**जयपुर (कासं)।** कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने जयपुर शहर में चल रहे अवैध हुक्का बारों पर छापेमार कार्रवाई की है। पुलिस ने पांच हुक्का बारों पर दबिश देकर 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं, मौके से 13 हुक्का, 13 पाइप, 12 चिलम, कई फ्लेवर पैकेट सहित 2 डीजे जब्त किए गए है।

वहीं 15 व्यक्तियों के खिलाफ कोटपा अधिनियम के तहत कार्रवाई कर 10 युवक-युवतियों को शांति भंग में गिरफ्तार किया गया है। डीसीपी (क्राइम) परिस देशमुख ने बताया जवाहर सर्किल, श्याम नगर, अशोक नगर, एयरपोर्ट एवं मानसरोवर थाना इलाके में कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। सीएसटी ने आरोपित राजकुमार जैन निवासी नंदपुरी, विनोद कुमार यादव निवासी मनोहरपुरा, महावीर योगी निवासी जवाहर सर्किल, रामजीलाल गुर्जर निवासी चौथ का बरवाड़ा, विजय प्रकाश शर्मा निवासी नई दिल्ली, हाकम सिंह शेखावत निवासी चितावा जिला नागौर और हरि धांधिया उर्फ रोहन निवासी जोधपुर को गिरफ्तार किया गया है। वहीं 15 व्यक्तियों के खिलाफ कोटपा अधिनियम के तहत कार्रवाई कर 10 युवक-युवतियों को शांतिभंग में गिरफ्तार किया गया है।

## सार-समाचार

### मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि



**जयपुर (का.सं.)।** स्व. मुलायम सिंह यादव के स्वर्गवास के बाद सम्पूर्ण देश में शोक लहर दौड़ पड़ी। पूरे देश मे सभी जगह विभिन्न जगहों पर श्रद्धांजलि सभाएं आयोजित की जा रही है, इसी क्रम में राजस्थान यादव युवा महासभा के तत्वावधान में होटल रॉयल हवेली में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम संयोजिका कुसुम यादव ने बताया कि सर्वप्रथम हरि कीर्तन किया गया तत्पश्चात दो मिनट का मौन रखकर, मुलायम सिंह की आत्मशांति की प्रार्थना के बाद में आगन्तुकों ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर युवा महासभा के प्रदेश सचिव डॉ एस.पी.यादव, महिपाल यादव, राजस्थान युवा यादव महिला प्रदेश अध्यक्ष कुसुम यादव, जयपुर युवा यादव महासभा अध्यक्ष मुकेश यादव, पूर्व पार्षद एवं चेयरमैन अजय यादव, जिला अध्यक्ष वर्षा यादव, राहुल यादव, एडवोकेट ओपी यादव, घनश्याम यादव, टीकम यादव अनिल यादव, नरेश शर्मा, मुकेश यादव, बजरंग बहड़, मुरारी शर्मा, सीताराम यादव, मुकेश सैनी, गोपाल खामरा, सुमेर कुमावत, राम कुमावत, देवराज, बंशीधर यादव, गोपाल यादव, राधा गोविंद, डॉ. सुभाष यादव, विकास यादव, सचिन यादव, विजय यादव, ओबीसी आरक्षण संघर्ष समिति के योगेश यादव, शेरसिंह यादव और वीरेंद्र यादव उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों ने जानी संसदीय कार्यप्रणाली

**जयपुर (का.सं.)।** एस एस जैन सुबोध पी जी महाविद्यालय की और से सोमवार को मॉक पार्लियामेंट का आयोजन कर लोकसभा की कार्यवाह को प्रदर्शित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संसद जैसी पवित्र संस्था की गरिमा का प्रदर्शन करना था। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को संसदीय कार्यप्रणाली से अवगत कराया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ श्याम मोहन अग्रवाल (प्रोफेसर राजनीति विज्ञान यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान) तथा डॉ विजेंद्र कुमार गलचानिया (पूर्व प्रिंसिपल गवर्नमेंट लॉ कॉलेज), कोटा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ रेनू जोशी ने दीप प्रज्वलन कर किया। प्राचार्या डॉक्टर रेनू जोशी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत दुनिया का एक बड़ा प्रजातांत्रिक देश है, जहां लोगों में प्रजातंत्र के प्रति जागरूकता होनी चाहिए विशेषकर युवाओं में। इस संसद के आयोजन का उद्देश्य छात्राओं को संसद की गतिविधियां किस प्रकार होती है इसकी जानकारी देना है। डॉ श्याम मोहन शर्मा ने बताया कि वर्तमान में प्रजातंत्र के बारे में युवाओं में जागरूकता भारत के भविष्य के निर्माण में सहायक होगी। डॉ विजेंद्र ने छात्रों की युवा संसद में भागीदारी की प्रशंसा की। महाविद्यालय की राजनीति विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ रूचि अग्रवाल ने कार्यक्रम का संचालन किया तथा कार्यक्रम के अंत में विजय लक्ष्मी मिश्रा सहायक प्रोफेसर लोक प्रशासन ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### महाआंदोलन की तैयारी में शिक्षक

**जयपुर (का.सं.)।** राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के प्रदेश पदाधिकारियों व जिला अध्यक्ष की मीटिंग जयपुर में राजाराम मील के कार्यालय पर हुई जिसमें तृतीय श्रेणी अध्यापकों के ट्रांसफर के लिए 19 अक्टूबर से शहीद स्मारक जयपुर में होने वाले आंदोलन की रणनीति तय की गई। प्रदेश अध्यक्ष गिर्राज शर्मा ने सभी पदाधिकारियों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में प्रदेश के हर जिले से लाने के निर्देश दिए। संगठन के सभी पदाधिकारियों ने एकमत होकर तृतीय श्रेणी अध्यापकों के हित में 19 अक्टूबर से होने वाले इस आंदोलन को सफल बनाने के लिए अपना समर्थन दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि संगठन को आंदोलन की अनुमति मिल गयी है। इस अवसर पर चंद्रभान चौधरी प्रदेश संगठन मंत्री, राकेश प्रजापति प्रदेश उपाध्यक्ष, महेश चौधरी जिला अध्यक्ष राजसमंद, सुनील मेहला प्रदेश सचिव अतिरिक्त, सूरज भान सिंह जिला अध्यक्ष झालावाड़, दिनेश परेवा जिला अध्यक्ष जालौर, मनीष सोनी जिला अध्यक्ष जयपुर, अर्चना टॉक जिला महिला अध्यक्ष अजमेर, गोपीराम जिला सचिव राजसमंद। यह जानकारी प्रदेश प्रवक्ता डॉ रनजीत मीणा ने दी। डॉ मीणा ने बताया कि तृतीय श्रेणी अध्यापकों के होने वाले आंदोलन की मांग राजस्थान में ट्विटर पर दिनभर ट्रेंड करती रही।

### एयरपोर्ट पर 19 लाख का सोना पकड़ा

**जयपुर (कासं)।** जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सोने की तस्करी के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। कस्टम विभाग की टीम ने सोमवार को दुबई से जयपुर पहुंचे यात्री से 355.800 ग्राम सोना जब्त किया है। इसकी बाजार कीमत करीब 19 लाख रुपए आंकी जा रही है। कस्टम विभाग के अधिकारियों के मुताबिक सोमवार को एक यात्री दुबई से फ्लाइट में बैठकर जयपुर एयरपोर्ट पहुंचा था। संदिग्ध लगने पर उसे रोका गया और तलाशी ली गई। एक्सरे मशीन से यात्री की जांच की गई। पूछताछ करने पर वह संतोषपूर्वक जवाब नहीं दे पाया और अपने पास किसी भी तरह का सामान होने से मना करता रहा। इसके बाद कस्टम टीम ने जांच की तो पता चला कि उसने अपने सैंडल में सोना का पैस्ट बनाकर छिपा रखा है, इसका वजन 355.800 ग्राम था।

### युवक से मोबाइल लूट का प्रयास

**जयपुर।** बजाज नगर इलाके में बाइक सवार बदमाशों ने साइकिल पर पेटीज बेचने वाले एक युवक से मोबाइल लूटने का प्रयास किया। पुलिस ने बताया ज्योति नगर थाने के सामने रहने वाला मनीराम साइकिल पर पेटीज बेचने का कार्य करता है। वह 15 अक्टूबर की शाम करीब 4 बजे नेहरू गार्डन से बजाज नगर की तरफ जा रहा था। बाइक सवार दो लड़के आए और मोबाइल छीनने लगे, लेकिन मोबाइल नीचे गिर गया।

## मीणा समाज ने किया गलता गेट थाना पुलिस का सम्मान



**जयपुर (कासं)।** गलता गेट इलाके में पिछले दिनों 108 वर्षीय वृद्धा के पैर काटकर चांदी के कड़े लूटने वाले बदमाश को पकड़ने वाले पुलिसकर्मियों का सोमवार को सम्मान किया गया। मीणा समाज ने वारदात का खुलासा करने वाले पुलिसकर्मियों को साफा-फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

- **वृद्धा के पैर काटने वाले बदमाशों को 36 घंटे में पकड़ने की सराहना**

मीणा समाज के अध्यक्ष किशनलाल मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगिता मीणा, मीणा कॉलोनी के अध्यक्ष राजेश मीणा, संयोजक लल्लूलाल मीणा ने गलता गेट थानाधिकारी मुकेश कुमार खारड़िया, सहायक उपनिरीक्षक मुकेश कुमार व कांस्टेबल प्रधान चौधरी का स्वागत किया। उन्होंने इस वारदात का खुलासा करने और 36 घंटे के भीतर आरोपी को जेल भेजने की तारीफ भी की। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि जिस तरह से पूर्व किरायेदार ने वृद्धा के पैर काटकर सभी लोगों को झकझोरने वाली वारदात की थी। हजारों लोगों की भीड़ में से आरोपी की पहचान करना भी पुलिस के लिए उतना ही मुश्किल था, लेकिन पुलिस ने बखूबी अपनी ड्यूटी निभाई।

## नकली घी बनाने वाली फैक्ट्री पर छापा

### सरस और कृष्णा ब्राँड का 549 किलो नकली घी बरामद हुआ

**जयपुर, (कासं)।** राजधानी जयपुर में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने करणी विहार इलाके में धाबास अजमेर रोड पर नकली घी बनाने वाली फैक्ट्री में छापा मारकर 549 किलो सरस और कृष्णा ब्रांड का नकली घी समेत अन्य सामग्री जब्त की है। टीम ने एक आरोपी का गिरफ्तार भी किया है।




- **रिफाइंड व सोयाबीन तेल में वनस्पति घी मिलाकर बना रहे थे नकली घी**
- **धाबास रोड पर रिहायशी मकान में चल रही थी फैक्ट्री, आरोपी गिरफ्तार**

मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ विजय सिंह फौजदार के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रतन सिंह गोदारा, नरेश कुमार, डेयरी प्रतिनिधि राहुल मिश्रा और पुखराज ने सुबह धाबास अजमेर रोड एक फैक्ट्री में दबिश दी। इस दौरान मौके पर नकली घी बनाते हुए मौके पकड़ा गया।

फैक्ट्री में नकली घी बनाने के लिए रिफाइंड, सोयाबीन तेल के तीन टीन, एक टीन वनस्पति, 42 खाली टीन, फ्लेवर की 500 मिलीलीटर की बोतल, गैस भट्टी, स्टील की टंकी, पैकिंग मशीन, खाली थैलियां एवं रेपर आदि सामान पाया गया। इसके अलावा टीम को मौके पर सरस ब्रांड का आधा लीटर एवं कृष्णा ब्रांड का 1 लीटर के 160 व आधा लीटर के 110 पैकेट, 1 लीटर के 234 पैकेट एवं 1 टीन 15 किलोग्राम सहित 549 किलो नकली घी पाया गया।

जयपुर डेयरी के प्रतिनिधि नेहा सैनी, महेंद्र कुमार सैनी राहुल मिश्रा बाबा मिल्क फूड आगरा के कृष्णा के प्रतिनिधि दिवाकर मिश्रा ने पुलिस थाना करणी विहार को कॉपीराइट एक्ट के तहत कार्रवाई के लिए सूचना भिजवाई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घी को जब्त कर आरोपी योगेंद्र कुमार जैन को गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी में सामने आया कि सरस और कृष्णा ब्रांड के नाम से बनाए इस घी को सोमवार सुबह मार्केट में सप्लाई के लिए ट्रांसपोर्ट गाड़ियों में लोड किया जा रहा था। उस समय टीम ने छापा मारा और सारा सामान जब्त कर लिया। सीएमएचओ डॉ. फौजदार ने बताया कि रविवार देर रात इनपुट मिला था कि अजमेर रोड धाबास पर मिलावटी घी बनाने का कारखाना चल रहा है। इस पर सोमवार सुबह बजे टीम ने कारखाने पर जाकर सर्च किया तो देखा एक रिहायशी मकान में यह कारखाना चल रहा था। यहां नकली घी के कार्टन एक टेंपो में लोड किए जा रहे थे। इन सभी को रुकवाया और वहां मौजूद माल की जांच की। डॉ. फौजदार ने बताया कि इस कारखाने में घी बनाने के साथ ही गोदाम भी था, जहां बड़ी संख्या में बना हुआ घी का स्टॉक रखा था। इनके सैंपल लेकर मौके पर ही जांच की तो प्रथम दृश्या मिलावटी मिला।

## रामगंज से लापता तीन किशोर सकुशल मिले

**जयपुर।** शहर के रामगंज इलाके में पिछले सप्ताह गुरूवार को एक बाद एक तीन बच्चों के लापता होने से इलाके में सनसनी फैल गई। इन घटनाओं को लेकर स्थानीय लोग थाने पर जमा हो गए। हालांकि पुलिस मुस्तैदी दिखाते हुए तीनों बच्चों को समय रहते दस्तयाब कर लिया।

पुलिस के अनुसार पिछले सप्ताह गुरूवार रात को रामगंज थाना इलाके में एक के बाद एक तीन बच्चों के गुमशुदा होने का मामले सामने आए। अचानक हुए इस घटनाक्रम से कुछ देर के लिए पुलिस भी सकते में आ गई। सभी मामलों को गंभीरता से लिया गया। स्थानीय लोगों को आशंका थी कि इन किशोरों का किसी बच्चा चोर गिरोह ने अपहरण किया है। लगभग एक साथ हुए ये तीनों मामले कुछ ही घंटों में व्हाट्सअप ग्रुपों पर काफी वायरल हो गए। कुछ लोगों ने इन घटनाओं को बच्चा चोर गिरोह और अपहरण से जोड़कर वायरल किया। जिसके बाद गुरूवार देर रात को स्थानीय लोगों ने थाने के बाहर जमा होना शुरू कर दिया। हालांकि पुलिस ने लोगों को समझाइश करते हुए बताया कि तीनों किशोरों का का सुराग लग गया है और अपहरण जैसा कोई मामला नहीं है। पुलिस ने विश्वास दिलाया कि जल्द ही तीनों किशोरों को तलाश कर लिया जाएगा। पुलिस ने बताया कि गुरूवार रात को ही पहला किशोर मिल गया। वहीं घाटगेट इलाके में रहने वाला 13 साल का किशोर अपने मामा के यहां हिमाचल प्रदेश जाने की जिद कर रहा था। जिद पूरी न होने पर वह नाराज होकर घर से निकल गया। देर रात को रामगंज पुलिस को सूचना मिली। हालांकि गुरूवार-शुक्रवार की मध्यरात्रि में ही किशोर के झुंझुनु में होने की सूचना मिली, तब सीआरपीएफ ने दस्तयाब किया।

## सहकार दीपोत्सव मेला शुरू

### सस्ती दरों पर मिलेंगे ग्रीन पटाखे और त्यौहारी सामग्री

**जयपुर।** सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने सोमवार को यहां भवानी सिंह रोड़ स्थित नवजीवन सहकारी बाजार में उपभोक्ता संघ के उपहार सहकार दीपोत्सव मेले का शुभारम्भ किया। यह मेला 17 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक आयोजित हो रहा है।

इस अवसर पर आंजना ने कहा कि सहकारिता गुणवत्ता का प्रतीक है और आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए समय-समय पर ऐसे आयोजन किए जाते है ताकि लोगों को गुणवतापूर्ण वस्तुएं एवं सुविधाएं उचित मूल्य पर प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता संघ की अपनी एक विशेष साख है और जिलों के उपभोक्ता भण्डारों पर भी ऐसे मेले लगाए गए है ताकि सहकारिता के माध्यम से शुद्धता लोगों के घर तक पहुंच सके। सहकारिता मंत्री ने कहा कि मेले का मुख्य आकर्षण शिवकाशी (तमिलनाडू) के ग्रीन पटाखे हैं। जिन पर 50 से 60 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। आंजना ने मेले में लगी सभी स्टॉल का अवलोकन किया उन्होंने पटाखों की स्टॉल पर पटाखों के मूल्य एवं उन पर दी जा रही छूट के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बताया कि मेले में एमएमटीसी के चांदी के सिक्के एवं चांदी के बर्तन उचित मूल्य पर उपभोक्ताओं को उपलब्ध करवाये जा रहे हैं।



**सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने पटाखों का निरीक्षण किया।**

## पत्नी ने पति को स्लो पॉइजन देकर मारने की साजिश की

### संपत्ति हड़पने के लिए पति को कालसर्प दोष का डर दिखाकर अमेरिका भेज दिया

**जयपुर।** राजधानी के मोती डूंगरी थाने में एक पत्नी द्वारा अपने एनआरआई पति की करोड़ों की संपत्ति हड़पने के लिए उसे स्लो पॉइजन देने का मामला सामने आया है।

पुलिस ने बताया कि तिलक नगर मोतीडूंगरी निवासी 52 वर्षीय नितिन उपाध्याय ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उन्होंने 50 वर्षीय पत्नी, सांगानेर निवासी शिव पुरुषोत्तम, दुर्गापुरा निवासी रिशि सक्सेना और काल्पनिक बाबा मोहम्मद युसुफ के खिलाफ धोखाधड़ी करने और स्लो पॉइजन देकर हत्या की कोशिश करने की शिकायत दी है।

रिपोर्ट में बताया कि पीड़ित एनआरआई नागरिक है। उसका उज्जैन में जन्म हुआ था। जब 2 साल का हुआ तब पिता के साथ अमेरिका चला गया था। अमेरिका में वह डॉक्टर थे। साल 2006 में उसकी शादी हुई थी। मोतीडूंगरी में पत्नी और 15 साल के बेटे के साथ रहता है। उसकी कंपनी में वर्ष 2008 से शिव पुरुषोत्तम कम्प्यूटर ऑपरेटर और रिशि सक्सेना नौकर थे। शादी के करीब 5 साल बाद पत्नी उसे अलग-अलग तरीके के काम करने को कहती थी। पत्नी ने पूछने पर बताया कि बाबा मोहम्मद युसुफ ने उसके ऊपर कालसर्प दोष बताया है। उसे डरा-धमकाकर गुमराह किया जाता। उसकी पत्नी प्लानिंग के तहत शिव पुरुषोत्तम और रिशि के साथ मिलकर स्लो पॉइजन देने लगी थी। पत्नी पर विश्वास करने के कारण उसके तीनों साथियों की बात पर हर काम करता था। शक नहीं हो इसके लिए गुलाब के फूल, भभूत व अन्य चीजों में स्लो पॉइजन मिलाकर दिया जाता था। स्लो पॉइजन से धीरे-धीरे उसका स्वास्थ्य बिगड़ने लगा। शरीर के कई अंगों पर बुरा प्रभाव पड़ गया था। प्लान के तहत उसे जयपुर से अमेरिका भेजने की योजना भी बनाई गई। उसे कहा गया कि आपके ऊपर कालसर्प दोष है। अगर आप जयपुर के घर पर रहोगे तो आपकी कभी-भी मौत हो सकती है।

वर्ष 2014 के पत्नी पर विश्वास कर अमेरिका चला गया। आरोपी अमेरिका जाने के बाद उसे सोशल मीडिया के जरिए बाबाओं से बात करवाते थे। उसके कमरे में और बेड पर सांप बैठा हुआ दिखाते थे। घर के बेड पर फूल के गुच्छे दिखाते थे। कहते थे कि ये सब कालसर्प दोष के कारण हो रहा है। वापस इंडिया मत आना। जो हमने भभूत देकर भेजी है, उसको दूध में मिलाकर पीते रहना। पीड़ित स्लो पॉइजन मिली भभूत को दूध में मिलाकर पीता रहा।

मार्च 2015 में अमेरिका से लौटकर इंडिया आ गया। पता चला कि पत्नी ने जयपुर के मुहाना स्थित प्लॉट के पेपर शिव पुरुषोत्तम को दे दिए हैं। उसने उसके फेक साइन कर प्लॉट बेच दिया है। धोखे का पता चलने पर शिव पुरुषोत्तम को जॉब से निकाल दिया और मुहाना थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में चालान पेश किया। उसके बाद से ही पत्नी ने रुखा व्यवहार करना शुरू हो गया। छोटी-छोटी बातों पर पति-बेटे से झगड़ा कर मारपीट करती। उसके बाद भी स्लो पॉइजन दिया जाता रहा। साल 2020 में आरोपियों के बहकाने में आकर बिना किसी बात के उसे और बेटे को छोड़कर चली गई। उसके ऊपर झूठे मुकदमे दर्ज करवाना शुरू कर दिया। पत्नी के जाने के बाद शक होने पर टेस्ट कराए। डॉक्टर ने राय दी कि आपको खाने और अन्य चीज में अतिरिक्त पॉइजन दिया गया। इस कारण बॉडी में लेड पॉइजन ज्यादा हो गया है। जो बॉडी को नुकसान पहुंचा रहा है। उसके बाद धीरे-धीरे समझ में आया कि पत्नी उसे अपने साथियों के साथ मिलकर धीरे-धीरे प्लानिंग के तहत मारना चाहती थी।



## World Menopause Day

Menopause has been part of the lives of women since time began. Or at least since women lived long enough to age into it! Over time and depending on the culture, a great deal of mystery, confusion and misunderstanding has encircled this season of a woman's life.As women's health changes so significantly in midlife, World Menopause Day seeks to inform and educate about menopause, raising awareness about women should expect and encouraging them to get the help they need from health care providers and other support workers.



#JKK

# Lokrang: Myriad Hues of Folk Culture

The 25th edition of Jawahar Kala Kendra's popular annual folk cultural festival 'Lokrang' is witnessing the performance of a whopping 3000 artistes from as many as 22 states of the country across 11 days. Around 170 artisans are also showcasing their handicrafts in the National Handicraft Fair in the Shilpgram area.



Chari dance.



**Tusharika Singh**
*Freelancer writer and city blogger*

Adding to the vibrant and glittering hues of the festive season, the annual cultural festival of Jaipur's art and culture center, Jawahar Kala Kendra (JKK) – 'Lokrang' is showcasing the folk art, craft and culture of India at its absolute best. Now in its 25th edition, the 11-day Lokrang which began on 10 October, is witnessing myriad dance and music performances as well as a rich display of handicrafts of several artistes on a daily basis. It is noteworthy that a whopping 3000 artistes from as many as 22 states of the country are performing across 11 days. Around 170 artisans, out of which many are award-winning ones, are also showcasing their handicrafts in the Shilpgram area. Here are some interesting glimpses of the festival:



A full house at the cultural performances of Lokrang.

### A Glimpse into the Culture of Various States

In the evenings from 6.30 pm onwards, the amphitheatre of the Kendra, Madhyavarti comes alive with the music and dance performances of folk performances of various states. In all, artistes of as many as 22 states such as Uttar Pradesh, Madhya Pradesh, Andhra Pradesh, Himachal Pradesh, Haryana, Manipur, Gujarat etc. are participating. Many diverse dance forms like Ghoomar, Bhangra, Chari, Jhoomar, Dandiya Raas, Gangaur, Lavani, among others, are being presented at the festival. During the afternoons, the Shilpgram area of the Kendra is filled with the mellifluous tunes of Shehnai-nagada, Teen Dhol, Kathputli, Algoza, Behrupiya, Kalbelia, etc.

This year as a fun element, various questions are also addressed to the audience related to the folk art and culture of the states during the performances. The audience members who answer correctly are also being given prizes.

### National Handicraft Fair at Shilpgram

The handicraft fair at Shilpgram has on display various products intricately handcrafted by artisans. Many of these artisans are also national and state award winners. Since Diwali is just around the corner, visitors can be seen buying various home decor products as well as apparel and traditional textiles such as appliqué, batik, zari, bandhej etc. There are many takers of jewellery and accessories too. Furniture, blue pottery, wooden toys, paper mache products etc. are also generating interest among visitors.

Kolkata's Kakoli Banerjee is showcasing her organic jewellery at the fair. From earrings to necklace, everything is made out of seeds of fruits and dried fruits. "These seeds have been processed for over two years and this jewellery can easily live up to over 5 years", shares the artisan, while talking about her jewellery which is available in the range of INR 30 to INR 500.

Similarly, the bamboo products of Assam such as trays, mugs, baskets, wall hanging etc. are also attracting visitors at the fair. Talking about the way these products are made, Krishnakant Raj shares that fire is used to create designs on these products.

### Regional Cuisines for Gastronomes

Some food stalls have also been put up for the gastronomes to sample the regional dishes of various states. Dishes of states like Punjab, Haryana, Bihar, Gujarat, Maharashtra as well as some local Rajasthani eats are also available to savour. Litti Chokha, Amritsari Naan, Chole Kulche, Dabeli, Doodh Jalebi are a must try when visiting Lokrang.

**When:** October 10 to 20 October
**Where:** Jawahar Kala Kendra, JLN Marg
**Timings:**
11 am to 10 pm (National Handicraft Fair)
5 pm to 9 pm (Cultural Programme)
**Entry:**
**Free** for fair and cultural programmes at Shilpgram
**INR** 30 per day for cultural programme at Madhyavarti (Tickets available at JKK Reception)



Bamboo products from Assam.

#STORY



**N.N. Sachitanand**
*Senior journalist*

Suddenly, a woman's shrill laughter pierced the confines of the hut. And Janaki remembered! Yes, there was one avenue of income she had left unexplored. The idea had fleetingly crossed her mind in the last two days, whenever she passed by the house of the prostitute, Rangamani. But, instinctively, she had shied away from the thought. Oh no! Not Rangamani's way!

# A Small News Item

"Amma, I'm hungry!"

The tearful refrain from five-year-old Sujata broke Janaki's gloomy reverie. She gazed sadly at her daughter.

Woe-begone eyes, dark with entreaty, implored from a hunger-pinched, grimy face. A tattered skirt, long past the garbage dump stage, barely covered the child's undernourished pumpkin belly.

Janaki smoothed the tousled, dust-encrusted curls on the girl's head and soothed, "Wait for some more time. Appa will be coming soon. He will be bringing something nice for you."

But, in her heart - of - hearts, she knew it was a hollow reassurance. It was a week since Kittu, her husband, had lost his job as a coolie in a contractor's firm. Shortage of cement and steel had forced the contractor to stop work and discharge his casual workers.

A week of unemployment! Seven long, interminable days, when the small store of ragi petered out to nothing, despite careful preparation of only thin, watery gruel. Seven exhausting days, in which she had dragged her children from pavement to pavement under the blistering sun, whining for money from cold, contemptuous and even hostile passers-by. Seven back-breaking days of frustrating search in the dust bins and waste pits of the city's restaurants and marriage halls, hunting desperately for scraps of food amidst snarling dogs and swarms of starving beggars.

"Times have changed," one of the beggars had told her. "People have no money to give us and no food to throw out."

And every evening, back in their cave-like hut of scrap iron and wooden boards, where the roof was a sieve when it rained, she would perk up at the familiar shuffle of feet heralding her returning husband , only to slump again in despair as he answered a dejected , "No luck," to her unspoken question.

Yesterday, her baby had fallen ill, with a rapidly rising fever and uncontrollable shivering. The doctor at the government clinic had prescribed some medicine. How was she to get it without money? Long ago, the last article worth pawning had been sold. The moneylender had since then stopped giving them credit.

Janaki had not cried since her marriage. She realized the futility of tears in a hand-to-mouth existence. But, this morning, there was a tearful appeal in her eyes as she saw her husband off. Nothing was said, but Kittu had understood the message: "You must get some money, somehow, today."

### The Wait

The evening shadows added their touch of murkiness to the tawdry landscape of the slum. Familiar sounds of dusk penetrated to where Janaki sat: the snarl and whine of dogs, the raucous wail of children, the shrill curses of quarrelling women, coarse oaths from the arrack shop, the screeching blare from a transistor radio. But, the sound she wanted to hear, the shuffling footsteps of Kittu, did not reach her.

Dusk turned into night and she still awaited her husband's return. Sujata had cried herself to sleep - a sleep of hunger and exhaustion. In the last two days, the poor child had got nothing to eat except a rotten, over-ripe banana which Janaki had begged from a fruit vendor. Glancing at the child's piteous form Janaki felt a wave of helpless frustration engulf her. What could she do? Where could she go foraging for food? She had exhausted all avenues.

Suddenly, a woman's shrill laughter pierced the confines of the hut. And Janaki remembered! Yes, there was one avenue of income she had left unexplored. The idea had fleetingly crossed her mind in the last two days, whenever she passed by the house of the prostitute, Rangamani. But, instinctively, she had shied away from the thought. Oh no! Not Rangamani's way!

Just then the baby woke up and gave a fretful cry. Janaki went anxiously towards the makeshift hammock fashioned out of an old saree. The skin of the baby was hot to the touch. It was breathing with difficulty. It urgently needed medication. What should she do? Where was Kittu?

Suddenly, Parvathi, her neighbour, whose husband was a petty smuggler, came bursting into the hut crying, "Janaki! Janaki! They have got your husband. The police! Just ten minutes ago. My Kannan told me. Kittu was caught trying to pick a man's pocket in the street. "



> Just then the baby woke up and gave a fretful cry. Janaki went anxiously towards the makeshift hammock fashioned out of an old saree. The skin of the baby was hot to the touch. It was breathing with difficulty. It urgently needed medication. What should she do? Where was Kittu?



For a moment Janaki was stunned. Her mind went blank in a desperate attempt to reject this new catastrophe. Then the full import of Parvathi's words doused her consciousness.

"Oh God!" she breathed. "No, not this! What shall I do now? I must go to the police station and see him. Parvathi, can you please look after Sujatha and the baby till I come back?"

"Go by all means, Janaki," assured Parvathi pityingly, "although I don't think it will be of any help to you or Kittu. Men are such fools. Don't worry about your children. I will take care of them till you return. Kittu has been taken to the thana just next to this hell-hole of ours."

At the police station, a disconsolate and badly bruised Kittu narrated a sad story: "I couldn't help it, Janaki. The whole day I went around from mill to mill, contractor to contractor, but nobody had a job for me. And then, I met these two fellows at the tea stall where I had gone to ask the proprietor for some work. As I was turning away after being refused by the proprietor, these two men came up to me and said they had a scheme by which I could make some money but it was a bit illegal. But they assured me that there was no danger of getting caught. I wanted to refuse. But then, I remembered the plea in your eyes this morning and the sick baby and I accepted. The plan was that I should stagger against the intended victim and during the altercation and disturbance these two would pick his pocket and that of any passers-by whose attention wandered to the fight. Unfortunately, while the two fellows vanished with the victim's purse, before I could make good my escape the victim detected his loss and collared me. And then the public thrashed me before the police came."

"What will I do, Kittu, what will I do alone now?" quavered Janaki.

"I don't know", there seems to be no place in this world for the likes of us." Kittu moaned, shaking his head dejectedly.

Confronted with a pleading Janaki, the Station House Officer scolded, "Don't be foolish, woman. Your husband has been caught red-handed. Moreover, he has confessed to being part of a gang. We cannot release him now until we have nabbed the other fellows. His case will go to court in a month or so. Most probably he will get jailed for a few months."

### The Hunger

The city had donned its nightly blanket of smog as Janaki wearily plodded home. The slum had gone to sleep. Only the arrack shop still excreted and swallowed up its habitual patrons. Janaki's mind was numb with despair as she automatically threaded her way through garbage heaps, stagnant pools, piles of human excreta and deep pits that littered the travesty of a lane leading to her hut.

Just as she came level with Rangamani's hut, the door opened and a man staggered out, followed by the giggle of the prostitute. Rangamani came to the doorway, buttoning her blouse over her voluminous breasts.



Janaki gazed at her, at first absent-mindedly, then with the force of desperate realization. Why not? What had she to lose anyhow? What was chastity when the belly was knotted with hunger? And would chastity save her baby who was dying with fever, or feed Sujata who lay curled up and moaning with hunger? But how did one go about it? How could she sell her body? How did one approach men for the purpose? She would ask Rangamani. That's it. The prostitute, who was reputed to make a good income, would be able to advise her.

Inside Rangamani's hut, the walls were cluttered with garish calendar prints of bosomy women in various stages of undress. A half-empty bottle of booze lay on a low stool near the rumpled bed. The bedsheets were dirty and must have last seen a washerman weeks ago.

Rangamani listened, first with curiosity, then with a contemptuous smile and finally with outright amusement at Janaki's request. With a jeering laugh, she dragged Janaki in front of the cracked and chipped dressing mirror and said, "So, you think you want a dig at my profession do you, my lady? Here have a look at yourself and then look at me and tell me - which man will pay you for the pleasure of having you, even if he is dead drunk?"

A long glance at the tell-tale mirror and Janaki was defeated. Staring back at her was a sunken-eyed, prematurely wrinkled, privation ridden face, a body that was all angles and bones and breasts that were flattened out with malnutrition. Her hair was like a mass of tentacles and already streaked with the grey of worry.



> Janaki sat staring into space - seeing nothing, feeling nothing. Only her thoughts churned in turmoil without arriving at any solution to her predicament.



### The Witching Hour

Rangamani, on the other hand, was plump, heavy of breast and had a face which, if not attractive, was at least coarsely enticing. Her reflection in the mirror sneered back at Janaki. Without uttering another word Janaki shuffled out of Rangamani's hut, followed by the jeering laughter of the harlot.

Back in her own place Janaki was accosted by an anxious, impatient Parvathi: "What took you so long? My husband has already called for me twice. What happened at the police station? When will they release Kittu? Your child is very sick. You must get some medicine for it immediately."

Bleakly, Janaki gazed at her and then, listlessly, recounted what she had learned at the police station. Parvathi clucked sympathetically and said, "Oh dear! How difficult it is for you! What will you do now?" She was interrupted by her husband's shout, "Paro! Paro! Hasn't Jaanaki returned yet? How long will you stay there nursing her brats?"

"I must go now," whispered Parvathi urgently, "otherwise he will get very angry and beat me. I will talk to you in the morning."

She pressed Janaki's shoulder comfortingly and hurried away.

For a long while, after Parvathi's departure, Janaki sat staring into space - seeing nothing, feeling nothing. Only her thoughts churned in turmoil without arriving at any solution to her predicament. Her reverie was disturbed by the child, which started to cry. She started, got up and went to the hammock. She stroked the child's fevered brow. As she felt the hot skin, her face tightened into a grim resolve. Her glance went to Sujatha, curled up on the floor and stirring in hunger-ridden, troubled sleep.

Janaki then knew what she must do, had to do. She gathered up her baby in her left arm, tucked Sujathja on her right hip and slowly but unhesitant walked out of her hut.

It was, as the poet called it, the "witching hour". The arrack shop's proprietor was closing the door as the last of his customers reeled out. Ranagamani blew out her lamp and crawled into bed - alone and finished for the night.

Across the city, on the rooftop restaurant of the luxury hotel, the waiters were clearing the tables as the diners made ready to leave. In the air-conditioned study room of his big bungalow, the minister was making the final corrections in the draft of the speech he was to deliver the next day. In the secret vault of his new, glass and concrete house, the food grains dealer was locking up the substantial black-market cash of the day in a specially concealed vault.

In the still and silent slum, an emaciated woman, with a child tucked on each hip, staggered grimly and silently towards a certain clearing.

The day after next, the local paper carried a two column spread of the minister's speech on the front page. It extolled the "Garibi Hatao" (Remove Poverty) slogan of the Prime Minister. On an inside page at the bottom, there was a small, four-line news item, stating that a slum dweller named Janaki had killed herself and her two children by jumping into the public well located in the slum.

writetoarbit@rashtradoot.com

#ATHLETICS

# These Sports Are Better For Young Athletes

Anyone who oversees a junior athlete or team-parents, coaches or trainers-should think twice about pushing them to specialize in one area too early. To allow for proper growth and development to occur, he recommends young athletes not specialize until at least their freshman year of high school.



Young athletes who participate in multidirectional sports, instead of specializing in a unidirectional sport like running, can build stronger bones that may be at less risk for bone injuries as adults, according to a new study.

The researchers examined Division I and II female cross-country runners, who often experience bone stress injuries like stress fractures.

The researchers found that athletes who ran and participated in sports that require movement in many directions-such as basketball or soccer-when younger had better bone structure and strength than those who solely ran, swam, or cycled.

The findings, published in the journal Medicine and Science in Sports and Exercise, support recommendations that athletes delay specialization in running and play multidirectional sports when younger to build a more robust skeleton, and potentially prevent bone stress injuries.

"Our data shows that playing multidirectional sports when younger versus specializing in one sport, such as running, decreased a person's bone injury risk by developing a bigger, stronger skeleton," says Stuart Warden, associate dean for research and professor in the Indiana University School of Health and Human Sciences.

"There is a common misperception that kids need to specialize in a single sport to succeed at higher levels. However, recent data indicate that athletes who specialize at a young age are at a greater risk of an overuse injury and are less likely to progress to higher levels of competition."

Historically, Warden says, researchers have examined the bone's mass-how much bone a person has-to determine how healthy their skeleton will be through life. But in previous studies, Warden and his colleagues found that as a person ages, both mass and size are equally important.

In the current study, the researchers used high-resolution imaging to assess the shin bone near the ankle and bones in the feet where bone stress injuries frequently occur in runners. They found that the athletes who participated in both running and multidirectional sports when younger had 10 to 20% greater bone strength than athletes who solely ran.


"Our research shows that the runners who played multidirectional sports when younger had stronger bones as collegiate athletes, which puts them at less risk for bone stress injuries including stress fractures," Warden says.

"We want to ensure people have better, stronger bones as they grow, become adolescents and go through life. Specializing in one sport at too young of an age means they are more likely to get injured and not make it at the collegiate and professional levels."

Anyone who oversees a junior athlete or team-parents, coaches or trainers-should think twice about pushing them to specialize in one area too early. To allow for proper growth and development to occur, he recommends young athletes not specialize until at least their freshman year of high school. For athletes who already play multidirectional sports, he says it is important that they take time off for rest and recovery during the year, which can improve both bone strength and performance.



## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# भूमि विवाद में युवा व्यवसायी के साथ मारपीट कर दोनों पैर तोड़े

## रिलायंस पैट्रोल पंप के सामने की घटना, नौ बीघा भूमि से जुड़ा है मामला



बूंदी पुलिस ने हमले के चारों आरोपियों को गिरफ्त में लिया।

■ पुलिस ने महज एक घंट में ही गिरफ्तार कर लिये हमले के चारों आरोपी

**बून्दी,** (निसं)। बून्दी में पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग 12 पर रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने स्थित 9 बीघा भूमि के विवाद को लेकर सोमवार सुबह चार जनों ने बून्दी के एक जाने माने व्यापारी कौशल रोहिडा के दोनों पैर तोड़ दिये। नौ बीघा जमीन की रजिस्ट्री हमले में घायल कौशल व उसके तीन अन्य पार्टनर खरीददार के पक्ष में नहीं करवा रहे थे इसको लेकर हताशा में हमले को अंजाम दिया गया। हमले में घायल रोहिडा को उपचार के लिये परिजन अहमदाबाद ले गये हैं। मारपीट के कुछ देर बाद ही कोतवाली पुलिस ने मारपीट करने के चारों आरोपियों को तत्परता दिखाते हुए गिरफ्तार कर लिया।

आम दिनो की तरह कौशल लंका गेट रोड स्थित अपने नवनिर्मित कॉम्पलेक्स पर बैठा हुआ था तभी प्रात 10 बजे के लगभग प्रोपर्टी व्यवसायी इसाक महोम्मद व उसके तीन अन्य साथी कॉम्पलेक्स पर पुहंचे तथा कौशल से भूमि की रजिस्ट्री कराने का तकाजा करने के साथ ही मारपीट करना शुरू कर दिया। मारपीट में कौशल के दोनों पैरों में फ्रैक्चर हो गया। हमले में बीचबचाव करने आया कौशल के मुनीम मोहित पांचाल को चोटें आई हैं। मारपीट में घायल कौशल को तुरन्त आस -पास के दुकानदार अस्पताल लेकर गये जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल के परिजन उसको बेहतर उपचार के लिये अहमदाबाद ले गये।

कौशल के साथ मारपीट की खबर जैसे की शहर में फैली सिंधी समाज, राईस मिलर्स, मण्डी के व्यापारियों सहित बाजार के व्यापारी अस्पताल पहुंचे और मारपीट की घटना का विरोध किया। इसके बाद सूचना पाकर पुलिस उपाधीक्षक हेमंत नोगिया, सदर थानाधिकारी अरविन्द भारद्वाज जिला अस्पताल पुहंचे और व्यापारी के साथ मारपीट की घटना की जानकारी ली।

सोमवार सुबह बून्दी के जाने माने व्यापारी कौशल रोहिडा पर हुये हमले के बाद अस्पताल में इकट्ठा हुये बून्दी के व्यापारी व व्यापार संगठनों से जुड़े प्रतिनिधी हमले के चारों आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक जय यादव से मिले। इस दौरान व्यापारियों पुलिस से आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए हमले की निंदा की। हेमंत नोगिया पुलिस उपाधीक्षक बून्दी ने बताया कि प्रोपर्टी विवाद में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के साथ मारपीट की है जिसके बाद पुलिस ने तत्वरित कार्रवाईकरते हुए चार व्यक्तियों को पकड़ लिया है। प्रकरण में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में अनुसंधान जारी है।

# भटनेर दुर्ग में निर्माण कार्य के दौरान दीवार ढही, एक मजदूर की मौत

## पांच घायल, हादसे के बाद लोगों की एंट्री बन्द

**हनुमानगढ़,** (निसं)। टाऊन स्थित भटनेर दुर्ग में चल रहे निर्माण कार्य के दौरान एक प्राचीन दीवार ढ ह गई। हादसे में मलबे के नीचे दबने से एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं 5 मजदूर घायल हो गए। सभी मजदूरों को इलाज के लिए हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

भटनेर दुर्ग में लंबे समय से मरम्मत का काम चल रहा है। सोमवार सुबह दुर्ग के अन्दर बालाजी मंदिर के पास की प्राचीन दीवार को तोड़ा जा रहा था। इस दौरान अचानक पूरी दीवार ढह गई। दीवार के ढहने से मौके पर काम कर रहे 6 मजदूर नीचे दब गए। आवाज सुनकर कुछ दूरी पर काम कर रहे मजदूर मौके पर पहुंचे और आस-पास खड़े लोगों को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद 108 को सूचना देकर मलबे में दबे मजदूरों को बाहर निकाला। सूचना मिलते ही 108 मौके पर पहुंची और घायल मजदूरों को जिला हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां टाउन के वार्ड 46 निवासी राजेंद्र को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

प्राचीन भटनेर दुर्ग की दीवार ढ हने की सूचना पर जिला कलेक्टर नथमल डिडेल और एसपी डॉ. अजय सिंह मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। घटना स्थल पर पहुंचे कलक्टर और एसपी के साथ पुलिस के जवान और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। घटना के बाद जिला प्रशासन ने दुर्ग के गेट बंद कर लोगों की एंट्री बंद कर दी है।

वार्ड-46 के पार्षद प्रदीप मित्तल ने आरोप लगाया कि भटनेर दुर्ग में कोई भी दुर्ग का कर्मचारी मौजूद नहीं था और किसी भी प्रकार की कोई सुरक्षा व्यवस्था निर्माण एजेंसी और किले के कर्मचारियों द्वारा नहीं कि गई थी । पार्षद ने बताया कि उनके पास फोन आया कि किले की दीवार ढह गई है, जिसके बाद वे मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को मलवे से बाहर निकाला। दुर्ग की दीवार ढहने से घायल मजदूरों से मिलने के लिए भाजपा नेताओं ने हॉस्पिटल पहुंचकर मजदूरों के स्वास्थ्य की जानकारी ली।

# दो हजार का ईनामी आरोपी गिरफ्तार



सूरजगढ़ पुलिस ने आरोपी को लोहारू से दस्तायाब किया।

**सूरजगढ़,** (निसं)। स्थानीय पुलिस ने दो हजार रूपए के ईनामी फरार आरोपी को दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार किया है। एसएचओ मुकेश कुमार ने बताया कि थाना इलाके के ठाामीण इलाके की एक महिला ने जरिए इस्तगासे 21 जुलाई 2022 को थाने में महपालवास निवासी 29 वर्षीय युवक संदीप उर्फ कातिया पुत्र मूंगाराम जाट के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था।

पीड़िता ने रिपोर्ट दी थी कि उसके पति के देहांत के बाद उसके ससुराल वाले उसे परेशान कर घर से निकालना चाहते थे। उसी दरमियान यह युवक पीड़िता के संपर्क में और उससे सहानुभूति दिखाते हुए उसे दिल्ली में विधवा कोटे में नौकरी दिलाने का झांसा दिया। जिसके बाद पीड़िता उसके साथ अपने आठ साल के बेटे को साथ लेकर दिल्ली चली गई। जहां पर आरोपी ने उसके बेटे को अपने परिचित के साथ वापिस गांव भेज दिया और पीड़िता को दिल्ली से जयपुर ले गया। वहां पर उसने पीड़िता के खाते से दो बार में 30 हजार रूपए भी निकाल लिए। जहां से वो पीड़िता को सालासर ले गया। सालासर में ले जाकर उससे दुष्कर्म किया और वीडियो बना लिया।

इस मामले की एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए प्रयास किए। लेकिन आरोपी भाग गया था। जिस पर एसपी झुंझुनूं ने दो हजार रूपए का ईनाम घोषित किया। पुलिस को अब सूचना मिली थी कि आरोपी लोहारू में है। जिस पर पुलिस ने आरोपी को लोहारू में दस्तयाब कर गिरफ्तार किया है। आरोपी को पकड़ने में कांस्टेबल सुधीर सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# अवैध खनन को लेकर ओम बिरला से भरतपुर सांसद ने की भेंट



अवैध खनन के मामले को लेकर बिरला से मिली सांसद कोली।

**भरतपुर,** (निस)। सांसद रंजीता कोली ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से अवैध खनन को लेकर भेंट की। उन्होंने बताया कि कामां क्षेत्र में गत दिनों अवैध खनन कार्य के दौरान पहाड़ गिरने से दो मजदूरों की मौत हो गई थी।

भरतपुर लोकसभा क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन को लेकर सांसद रंजीता कोली ने लोकसभा स्पीकर को अवगत कराया कि भरतपुर क्षेत्र में अवैध खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा है और आए दिन घटनाएं होती रहती हैं। जिनमें मजदूरों की जानें तक चली जाती हैं। वहीं जिला पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह की कार्यशैली को लेकर भी शिकायत की । भरतपुर के गोपालगढ़ थाना क्षेत्र में में हो रहे अवैध खनन से गत दिनों पहाड गिरने से दो मजदूरों की मौत हो गई थी। वहां पड़े मलबे के हटवाने की मांग भी सांसद ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से की है। सांसद कोली ने लोकसभा स्पीकर को बताया कि ग्रामीणों का कहना की और लोग भी मलबे में दबे हो सकते है। लेकिन पुलिस व प्रशासन द्वारा मलबा नहीं हटाया जा रहा है। इस पूरे अवैध खनन में पुलिस की मिली भगत के साथ-साथ रसूखदार लोगों का हाथ भी बताया जा रहा है।

# स्टोरकीपर निलंबित

■ प्रबंध निदेशक ने जांच करवाई, जांच में स्टोरकीपर को दोषी पाया गया

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर विद्युत वितरण निगम ने स्टोर के सामान में गंभीर लापरवाही बरतने पर सख्त कार्यवाही करते हुए सहायक अभियंता (प्रतापगढ़ , ग्रामीण) कार्यालय में कार्यरत वाणिज्यिक सहायक द्वितीय देवेंद्र कुमार मीणा (स्टोरकीपर) को निलंबित किया है। निलंबन काल में देवेंद्र कुमार मीणा का मुख्यालय अधीक्षण अभियंता, नागौर रहेगा।

प्रबंध निदेशक एनएस निर्वाण ने बताया कि सहायक अभियंता (ग्रामीण), प्रतापगढ़ कार्यालय द्वारा दो माह पूर्व 56 कार्यादेश के लिए सामग्री की मांग की गई थी। इन सभी कार्यादेश के लिए सामग्री सहायक अभियंता कार्यालय को उपलब्ध करवा दी गयी थी। सहायक अभियंता (ग्रामीण) प्रतापगढ़ कार्यालय द्वारा पुन: उन्ही 56 कार्यादेश के लिए इंडेन्ट भेज कर सामग्री की मांग की गयी। पुन: मांग की गई सामान की स्थिति को सन्देहप्रद मानकर जांच के लिए एक टीम का गठन कर संबंधित उपखंड में जांच के लिए भेजी गई।

टीम द्वारा सत्यता की जांच करने पर स्टोरकीपर देवेंद्र कुमार मीणा को दोषी पाया गया। इस पर प्रबन्ध निदेशक द्वारा सख्त कार्यवाही करते हुए वाणिज्यिक सहायक द्धितीय श्री देवेंद्र कुमार मीणा (स्टोरकीपर) को निलंबित किया गया। निलंबन काल में देवेंद्र कुमार मीणा का मुख्यालय अधीक्षण अभियंता, नागौर रहेगा। प्रबंध निदेशक एन एस निर्वाण ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि वे कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरतें अन्यथा डिस्कॉम द्वारा इसी तरह भविष्य में भी अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

# बुडानिया की निकिता ने कुवैत में एशियन यूथ एथलेटिक्स थ्रो में कांस्य पदक जीता



पदक जीतने के बाद तिरंगे के साथ नजर आई निकिता।

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिले के बुडानिया गांव की बेटी निकिता गुर्जर ने कुवैत में हुई अंतरराष्ट्रीय स्तर की एशियन यूथ एथलेटिक्स थ्रो में कांस्य पदक विजेता बनी निकिता गुर्जर ने इससे पहले भी नाम रोशन किया था। मध्यप्रदेश के भोपाल जिले में गोल्ड मैडल जीता था। देवसेना संगठन झुंझुनूं के जिलाध्यक्ष रोहिताश गुर्जर डोई ने बताया कि एक किसान परिवार के हवलदार सत्यवीर गुर्जर के घर जन्मी निकिता गुर्जर ने विश्व में भारत देश का नाम रोशन किया। साथ ही गुर्जर समाज को भी पहचान दिलाई हमारी समस्त देवसेना टीम झुंझुनूं के द्वारा बहन निकिता गुर्जर को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं ।

रोहिताश गुर्जर डोई ने बताया कि गांव आने पर निकिता गुर्जर का देवसेना संगठन झुंझुनूं के द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा । जम्मू कश्मीर की गुर्जर समाज की बेटी ने भी भारत देश का नाम रोशन किया और समाज को पहचान दिलाई। उनको भी समस्त देवसेना संगठन झुंझुनूं के द्वारा बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। डोई ने कहां कि आज हम उन गुर्जर समाज के सरदारों को याद करना चाहते स्व. राजेश पायलट एवं स्व. कर्नल किरोड़ीसिंह बैंसला के द्वारा बताए हुए पद चिह्नों पर चल रहे हैं।

स्व. राजेश पायलट ने कहा था कि जब तक किसान, गरीब परिवार के लड़के लड़कियां उन पदों पर नहीं पहुचेंगे जहां से देश की नीतियां बनती है। तब तक देश का विकास संभव नहीं और गुर्जर समाज को पूरे विश्व में अलग पहचान दिलाने वाले स्व. कर्नल किरोड़ीसिंह बैंसला ने कहा था कि छा जाओ और छाए रहो उन बातों का असर गुर्जर समाज में धीरे धीरे दिखाई दे रहा है और आगे भी देता रहेगा।

# पीड़िता ने न्याय की गुहार लगाई

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के आसींद थाना क्षेत्र में महिला ग्राम विकास अधिकारी को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म एवं ब्लैकमेल कर 45 लाख रुपए हडपने का आरोप लगाते हुए पीडिता ने पांच व्यक्ति एवं एक महिला के खिलाफ थाने में मामला दर्ज कराया।

पीडिता ने न्याय की गुहार लगाते हुए सुरक्षा की भी मांग की है। पीडिता ने बताया कि आसींद निवासी वीरसिंह, सतवीर सिंह, भंवर सिंह गुर्जर, प्रसादी लाल गुर्जर एवं ब्रहम सिंह एवं मौसम देवी पत्नी वीर सिंह गुर्जर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पीडिता ने बताया कि विगत 2010 से लेकर अब तक 45 लाख रुपए हडप लिए गए तथा मेरे साथ शारीरिक संबंध भी बनाकर मुझे ब्लैकमेल किया गया और आरोपियों द्वारा मारपीट करते हुए मेरी बैंक अकाउंट पासबुक चेक बुक एटीएम कार्ड एक बुलेट गाडी मेरे साथ मारपीट करके हडप कर ले गए।

# सामान्य ज्ञान और राजनीति विज्ञान की परीक्षा आयोजित

■ प्राध्यापक ग्रुप सी प्रतियोगी परीक्षा 2022 का आयोजन

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा प्राध्यापक (माध्यमिक शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा 2022 के तहत सोमवार को ग्रप-सी की जनरल अवेयरनेस एंड जनरल स्टडीज तथा राजनीति विज्ञान विषय की परीक्षा का आयोजन किया गया। आयोग सचिव एचएल अटल ने बताया कि सोमवार को सुबह 9 से 10.30 बजे तक जनरल अवेयरनेस एंड जनरल स्टडीज परीक्षा का आयोजन किया गया। इसमें 216405 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 135883 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए।

दोपहर 2 से 5 बजे तक आयोजित राजनीति विज्ञान की परीक्षा में 96558 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 61479 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। इस तरह अभ्यर्थियों का उपस्थिति प्रतिशत जनरल अवेयरनेस एंड जनरल स्टडीज में 62.79 तथा राजनीति विज्ञान विषय में 63.67 रहा। निर्धारित कार्यक्रमानुसार 18 अक्टूबर 2022 को सुबह 9 से 12 बजे तक इतिहास तथा दोपहर 2 से 5 बजे तक केमिस्ट्री विषय की परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। अटल ने कहा कि ग्रुप-डी व ई के प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किए जा चुके हैं। अभ्यर्थी यथाशीघ्र अपने प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर परीक्षा केंद्र की जानकारी कर लें। प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध एडमिट कार्ड लिंक पर जाकर आवेदन-पत्र क्रमांक व जन्म दिनांक प्रविष्ट कर डाउनलोड कर सकते हैं।

# हिस्ट्रीशीटर धर्मा पर हुआ हमला

**सिंघाना,** (निसं)। कस्बे में एक बार फिर दिन दहाड़े गैंग वार हुई है। जिसमें हिस्ट्रीशीटर धर्मेंद्र उर्फ धर्मा गुर्जर पर पथाना के बदमाश भूपसिंह ने अपने साथियों के साथ हमला किया है। धर्मा गुर्जर ने बताया कि वह सिंघाना कस्बे के बुहाना मोड़ पर अपने कुछ साथियों के साथ खडा था। इसी दरमियान पथाना निवासी बदमाश भूपसिंह अपने साथियों के साथ आया और उस पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। भूपसिंह उसकी जेब से 20 हजार रूपए नगद और गले से सोने की चैन तोड़ ले गया। घायल धर्मा को गंभीर हालत में सिंघाना सीएचसी लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे झुंझुनूं रैफर किया गया। आपको बता दें कि धर्मेंद्र उर्फ धर्मा गुर्जर का डूमोली में एक शराब ठेका है। जिस पर भी महीनेभर पहले भूपसिंह पथाना ने तोड़फोड़ की थी। वहीं भूपसिंह पथाना भी तीन महीने पहले ही पपला गुर्जर को थाने से भगाने के मामले में जमानत पर जेल से बाहर आया है।

# 40 साल से काबिज अतिक्रमण हटाया



चूरू में मंत्रियों की छतरियों पर चालीस साल से चल रहे अतिक्रमण को न्यायालय के आदेश पर प्रशासन ने हटाया।

**चूरू,** (कासं)। न्यायालय के आदेश से मंत्रियों की छत्तरियों में पिछले चालीस सालों काबिज किरायेदारों को जिला प्रशासन में बेदखल किया। चूरू जिला मुख्यालय पर झारिया मोरी स्थित मंत्रियों की छत्तरियों के नाम से स्थित दुकानदारों को व सार्वजनिक बाड़ों पर दुकान और मकान बनाकर निवास करने वाले दो दर्जन से अधिक परिवारों को नगर परिषद चूरू , पुलिस जाप्ता व तहसीलदार व यातायात कर्मियों व पुलिस कर्मियों द्वारा न्यायालय के आदेश की अनुपालना में बेदखल करने के लिए जेसीबी की सहायता लेकर जिला प्रशासन के आला अफसर व कर्मचारियों ने अतिक्रमण हटाने का प्रयास किया। जिस पर रहने वालों द्वारा भीड़ बनाकर विरोध प्रकट किया। जिस पर पुलिस ने नफरी बढ़ाकर प्रशासन द्वारा बेदखल करने का कार्य किया गया।

# मावा, तेल के नमूने लिए

**नागौर,** (निसं)। राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रहे शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत आयुक्त खाद्य सुरक्षा, जिला कलेक्टर, अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नागौर के निर्देशन स्वास्थ्य महकमे की टीम लगातार खाद्य सामग्री के नमूने ले रही है। सोमवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में उनकी टीम ने गोगेलाव में मैसर्स नरेश मावा भंडार का निरीक्षण कर मावे का एक नमूना तथा मैसर्स एसएसजी गोगेलाव का निरीक्षण कर मिक्स मिल्क का एक नमूना लिया। इसी प्रकार टीम ने नागौर में मैसर्स चौधरी श्री हरी मावा भंडार का निरीक्षण कर यहां से मीठे मावे का एक नमूना तथा मैसर्स नेमीचंद एंड ब्रदर्स कृषि मंडी का निरीक्षण कर मूंगफली तेल बालाजी का एक नमूना लिया गया। जिला कलेक्टर पीयूष समारिया ने बताया कि पूरे जिले में शुद्ध के लिए युद्ध अभियान चलाया जा रहा है। कोई भी जागरूक नागरिक इस अभियान के तहत मिलावटखोरों से संबंधित कोई सूचना एवं शिकायत 181 और कंट्रोल रूम नंबर 01582-240830 व ईमेल आईडी पर दर्ज करा सकते हैं।

# अंगदाता ने दिया पांच लोगों को नया जीवन

## गीतांजली मैडिकल हॉस्पिटल ने ग्रीन कॉरिडोर से जयपुर भेजे लीवर, किडनियां



गीतांजली मैडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में हुआ कैडेवेरिक अंगदान।

**उदयपुर,** (कासं)। गीतांजली मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, उदयपुर में पहली बार केडेवेरिक अंगदान हुआ। दक्षिण राजस्थान में पहली बार ऑर्गन ट्रांसपोर्टेशन के लिए ग्रीन कोरिडोर बनाया गया। यह अंगदान नाई की रहने वाली 44 वर्षीय स्नेहलता के ब्रेन डेड घोषित हो जाने पर उनके परिवार द्वारा निर्णय लेने पर किया गया। यह अंगदान स्टेट ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट आर्गेनाइजेशन (सोटो) द्वारा निर्धारित क्रम व नियमानुसार किया गया। रोगी को 12 अक्टूबर को गीतांजली हॉस्पिटल के न्यूरोलॉजी विभाग में भर्ती किया गया, जहां डॉक्टर्स की टीम द्वारा 15 अक्टूबर 2022 को ब्रेन डेड घोषित कर दिया।

डॉक्टर्स की टीम द्वारा परिवार वालों को अंगदान करने की सलाह दी गयी। परिवार वालों ने मिलकर अंगदान करने का निर्णय लिया। गीतांजली हॉस्पिटल की टीम के साथ समन्वय बनाया गया। गीतांजली हॉस्पिटल में ऑर्गन ट्रांसप्लांटेशन की टीम के सदस्यों में डॉ पंकज त्रिवेदी, डॉ कमल किशोर बिश्नोई, डॉ संजय गाँधी, डॉ अंकुर गाँधी, डॉ कल्पेश मिस्त्री, डॉ निलेश भटनागर, डॉ विनोद मेहता, डॉ गोविन्द मंगल, डॉ संजय पालीवाल की देखरेख में श्रीमती स्नेहलता के अंगों का दान किया गया। अंगदान के बाद अंगों को आज सांयकाल 7 बजे ग्रीन कॉरिडोर द्वारा लीवर व दो किडनियों को उदयपुर से जयपुर के एस.एम.एस हॉस्पिटल, एम.जी.एम हॉस्पिटल के लिए रवाना किया गया, इस प्रक्रिया के लिए जिला पुलिस उदयपुर,चित्तोगढ़ ,भीलवाड़ा, अजमेर, जयपुर का विशेष योगदान रहा। अंगों को 430 किलोमीटर की दूरी को लगभग 270 मिनट में पूरा किया। तत्पश्चात शाम 8 बजे रोगी के पार्थिव शरीर को सम्मानपूर्वक उनके परिवारजनों के साथ निवास स्थान की ओर प्रस्थान किया गया।

ललित कुमार दलाल ( अंगदाता के पति) ने कहा कि वह चाहते हैं कि सब लोग अंगदान के महत्व को समझें और इसके उपयोगिता को समझे। उनके अनुसार आज उनकी पत्नी के अंगदान से कितने लोगों को नयी जिंदगी मिलने जा रही है। मनन दलाल (अंगदाता के पुत्र) जो कि स्वयं नीट की तैयारी कर रहे हैं व डॉक्टर बनना चाहते हैं ने बताया कि उनकी बहन सुरभि दलाल दोनों ने निश्चय किया कि वह अंगदान में पूरा सहयोग देंगे क्यूंकि वो आज के युवा है, आज हर युवा को अंगदान के महत्व को समझना आवश्यक है।

## संक्षिप्त

### चाकसू में देर रात्रि को भूकंप के झटके

**चाकसू, (निसं)।** चाकसू व इसके आस-पास के गांवों में देर रात्रि को भूकंप के झटके आने से लोगों में दहशत मच गई और वह किसी हादसे से बचने के लिए घरों से बाहर निकल गए गौरतलब है चाकसू में रात्रि को 12 बजकर 37 मिनट पर लोगों ने भूकंप के झटके महसूस किए जिसकी तीव्रता 3.6 थी। वहीं भूकंप के झटके हल्के होने व नींद की वजह से ज्यादातर लोगों को पता नहीं चल सका। भूकंप की जानकारी लोगों ने एक दूसरे को फोन पर दी जिससे लोग घरों से बाहर निकलकर खुले मैदान में आ गए और रातभर दहशत के माहौल जागते रहे।

### स्वयं के खर्चे से दो गार्ड लगाये

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे में एक ओर जहाँ नगर परिषद् द्वारा सडक को चौड़ा कर मुख्य मार्गो पर डिवाईडर निर्माण का कार्य किया जा रहा है। वहीं दीपावली के त्योहार को लेकर बाजारों में भीड़ उमड़ने लगी है। जिसके चलते शहर में खरीददारी के लिए आने वाले ग्राहकों की वजह से जाम की समस्या आम हो गई है। विशेष तौर पर पूरानी नगर पालिका भवन से रामभवन तक व तिराहा से शनि मन्दिर तक तथा आजाद चौक तक के मार्ग पर वाहनों का जमावड़ा लगा रहता है। ऐसे में इन्द्रा बाजार के करीब 50 व्यापारियों ने स्वयं के खर्चे से आम सहमति बनाते हुए पार्किंग की व्यवस्था ना होने तक दो गार्ड लगाये हैं।

### न्यायाधीश का स्वागत किया

**कोटपूतली, (निसं)।** स्थानीय अपर जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में जिला एवं सैशन न्यायाधीश हरेन्द्र सिंह का अभिभाषक संघ द्वारा माला पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष एड. अशोक यादव, उपाध्यक्ष रणजीत कुमार मीणा, सचिव ओमप्रकाश सैनी, संयुक्त सचिव ज्योति शर्मा, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार अग्रवाल सहित अधिवक्ता उमाकांत भारद्वाज, बजरंग लाल शर्मा, रामजीलाल यादव, जयसिंह शेखावत, पीके जोशी, जितेन्द्र रावत, रविन्द्र सिंह शेखावत, रविन्द्र यादव, उदयसिंह तंवर सहित अन्य मौजूद थे।

### सड़क हादसों में दो घायल

**मालपुरा, (निसं)।** सोमवार को जयपुर भीलवाडा स्टेट हाईवे के डिग्गी मोड व दूदू छाण स्टेट हाईवे के बालापुरा मोड के पास हुए सडक हादसों में दो जने घायल हो गये। दूदू छाण स्टेट हाईवे के बालापुरा मोड के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाईक सवार पूरण मल निवासी डारडा गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एम्बूलेंस की सहायता से मालपुरा के सरकारी अस्पताल मे उपचार के लिए भर्ति करवाया गया। वहीं जयपुर भीलवाडा स्टेट हाईवे के डिग्गी मोड पर कार की टक्कर से बाईक चालक घायल हो गया।

### युवक का नहीं लगा सुराग

**मालपुरा, (निसं)।** शहर के आदर्श नगर निवासी जगदीश नारायण शर्मा का 26 वर्षिय बेटा सुनिल शर्मा घर से मंदिर के लिए निकला था जो कि रहस्यमय ढंग से गायब हो जाने के बाद परिजनों ने गुमशुदगी का मामला दर्ज करवाया। युवक के पिता ने दी रिपोर्ट मे बताया कि सुनिल बैंक अधिकारी की तैयारी कर रहा था।

# ग्राम पंचायत मंढा बस स्टैंड की भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाये

- वहीं पावटा प्रागपुरा नगर पालिका नदी क्षेत्र से हटाए गए अतिक्रमण
- राजस्व व पुलिस की मौजूदगी में कई घंटों चली कार्यवाही



पावटा में प्रशासन की मौजूदगी में अतिक्रमण हटवाये।

**पावटा, (निसं)।** पावटा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मंढा में बस स्टैंड की भूमि पर सोमवार को अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई।

राजस्व व पुलिस की मौजूदगी में बस स्टैंड पर बने टीन शेड व पक्के निर्माण को हटाया गया। 12 बजे से शुरू हुई अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान कुछ लोगों ने विरोध दर्ज कराया गया, लेकिन अमले की सख्ती के आगे उनकी एक नहीं चली।

बताया जाता है कि अधिकारियों ने अतिक्रमणकारियों को अपने टीन शेड व पक्के निर्माण हटाने चेतावनी दे रखी थी। लगभग एक सप्ताह पूर्व नोटिस जारी कर उन्हें चेतावनी भी दी जा चुकी थी। बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाये गए। जिस पर सख्ती दिखाते हुये प्रशासन उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह, तहसीलदार ओमप्रकाश गुर्जर सहित गिरदावर एवं चार हल्के के पटवारी व प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह मय जाप्ता, मंढा सरपंच विमला धीर सिंह, कारोली सरपंच श्रवण, प्रेमनगर सरपंच श्रीराम पलसानिया सहित ग्रामीणों की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई।

वही पावटा प्रागपुरा नगरपालिका के नदी क्षेत्र मे श्याम मंदिर के पीछे हो रहे अतिक्रमण को हटाया गया। अतिक्रमण में मकान निर्माण के लिए बनाई गई बाउंड्रियों पर पीला पंजा चलाया गया।

वही प्रशासन द्वारा बने हुए मकानों को अपने आप तोडने व अतिक्रमण हटाने के लिए 10 दिन का समय दिया गया। इस दौरान नायब तहसीलदार बी.एल.कुमावत, हल्का पटवारी विजय सिंह यादव, पावटा प्रागपुरा चेयरमैन प्रतिनिधि निर्मल पंसारी वार्ड पार्षद गोकुल खारवाल वार्ड पार्षद मोठू गढवाल, रामसिंह खारवाल सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### आग लगने से अफरा-तफरी मची



**फुलेरा, (निसं)।** फुलेरा कस्बे के बस स्टैण्ड के निकट स्थित जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (जलदाय विभाग) कार्यालय परिसर में बने कनिष्ठ अभियन्ता के निवास के पिछे दोपहर करीब 2 बजे अचानक आग लग गई, जिससे स्टाफ में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार आग पर जलदाय विभाग के कर्मचारियों व अग्नि-शमन विभाग के द्वारा आग पर काबू पाया गया। कनिष्ठ अभियंता मंजू चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि आगजनी में कोई जन-हानि या भारी नुकसान नहीं हुआ है। इस अवसर पर मंजू चौधरी, भंवर लाल मण्डावरिया, पुष्पा देवी चौधरी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों ने थाने में मामला दर्ज करवाया

**मालपुरा, (निसं)।** डिग्गी कस्बे में कल्याणजी महाराज के मंदिर के पिछवाडे जलदाय विभाग की पाईप लाईनो में हुए रिसाव से क्षतिग्रस्त हुए एक दर्जन से अधिक मकानों की विभाग के जिम्मेदार अधिकारी द्वारा मौका देख सुध नहीं लेने से गुस्साए पीड़ित नागरिकों ने जलदाय विभाग के विरूद्ध डिग्गी थाने मे मामला दर्ज करवाया। पिडित नागरिकों ने बताया कि जलदाय विभाग की वर्षो पुरानी लाईनों में हुए रिसाव से मकानों की छत व दिवारों में दरारें आ जाने तथा गिरने की कगार पर होने की उच्चाधिकारियों को सूचना देने तथा विधायक कन्हैयालाल चौधरी द्वारा मामले से जिला कलेक्टर को अवगत करवाये जाने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नही पहुंचे। सोमवार को विभाग के एईईएन ज्योति चौधरी व जेईईन हंसा चौधरी कॉलोनी में पहुंची तो कॉलोनीवासियों ने पेयजल सप्लाई शुरू कर मौका देखने की पुरजोर मांग की जिसके बाद सप्लाई चालू कर देखा गया तो मकान के सेफ्टी टैंक के गड्डे मे प्रेशर से पानी का रिसाव शुरू हो गया। जिसे देख दोनो ही अधिकारियो ने पाईप लाईन मे रिसाव होने व मकानो को नुकसान पहुंचने को स्वीकारते हुए उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया तथा जल्द नई पेयजल लाईन डालने का विश्वास दिला पुरानी लाईन में सप्लाई बंद की गई तो विधायक ने मामले को लेकर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के मंत्री से मिल पिडित नागरिको को हर सम्भव मदद की बात कही।

### 32 बीघा भूमि से हटवाया अवैध कब्जा

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम प्रतापनगर (धंवाली) स्थित श्री रघुनाथ मंदिर, बुढ़वाल की 32 बीघा जमीन पर हुए अवैध कब्जे को हटाते हुए सोमवार को कब्जे राज की कार्यवाही की गई। उल्लेखनीय है कि एसडीएम न्यायालय ने प्रकरण सं. 01/2022 उनवान सरकार जरिये थानाधिकारी पुलिस थाना पनियाला बनाम महंत सुरेश दास चेला चिरंजीदास वगैरह अन्तर्गत धारा 146 (01) में विगत 07 अक्टूबर को ग्राम प्रतापनगर के खसरा नं. 261, 262, 280, 280ध428, 281 लगायत 285, 289 लगायत 292 भूमि मंदिर श्री रघुनाथ वाके मोजा बुढ़वाल में कब्जा राज के आदेश दिये गये थे। जिस पर तहसीलदार भोमसिंह मीणा, पनियाला थाना प्रभारी हितेश शर्मा, भू अभिलेख निरीक्षक सत्यवीर मुक्कड़, हल्का पटवारी व पुलिस जाप्ते ने आदेशों की पालना करते हुए कुल 32 बीघा भूमि को अवैध कब्जा हटाते हुए कब्जे राज की कार्यवाही की गई। एसडीएम न्यायालय द्वारा उक्त भूमि की संयुक्त रिसिवरी तहसीलदार कोटपूतली व एसएचओ पनियाला को सौंपी गई है।

### चाकसू के हरीश बैरवा सम्मानित

**चाकसू, (निसं)।** मानवता व परोपकार के लिए समर्पित समर्पण संस्था ने दुर्गापुरा स्थित सियाम ऑडिटोरियम में आयोजित समर्पण समाज गौरव अवार्ड समारोह में देशभर से चयनित 60 विभूतियों को 14 श्रेणियों में समर्पण समाज गौरव 2022 और 18 युवाओं को समर्पण युवा जाठाति 2022 अवार्ड से सम्मानित किया। जिसमें चाकसू कस्बे के हरीश बैरवा पुत्र रामअवतार बैरवा, रोवर लीडर राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड को समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए समर्पण युवा जाठाति 2022 अवार्ड से सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सिक्किम के पूर्व राज्यपाल व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस एस एन भार्गव, समारोह की अध्यक्षता सेवानिवृत्त आई ए एस व राजस्थान लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष हनुमान प्रसाद, संस्था के संस्थापक अध्यक्ष आर्किटेक्ट डॉ. दौलत राम माल्या, पूर्व जिला न्यायाधीश व संस्था के मुख्य सलाहकार उदय चन्द बारूपाल, रविन्द्र कुमार पुलकित सचिव समर्पण संस्था के लोग मौजूद रहे।

# बहरोड़ पंचायत समिति की साधारण सभा की बैठक हुई

- बैठक में क्षेत्र के विकास एवं समस्याओं का निराकरण किया

**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** बहरोड़ पंचायत समिति की साधारण सभा की बैठक का आयोजन जिला प्रमुख बलवीर छिल्लर के मुख्य मुख्य आतिथ्य एवं प्रधान सरोज बस्तीराम यादव पंचायत समिति बहरोड़ की अध्यक्षता में की गई। जिसमें उपखंड अधिकारी बहरोड़ सचिन यादव, तहसीलदार उमेश चंद शर्मा एवं विकास अधिकारी अनीता यादव तथा पंचायत समिति के सभी सहायक विकास अधिकारी गण तथा शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग से अधिकारी, बिजली, पानी विभाग से अधिकारी गण, कृषि विभाग, मनरेगा से सभी अधिकारी गण, सभी पंचायत समिति सदस्य गण एवं ग्राम पंचायत सरपंच गण सहित जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया।

क्षेत्र के विकास एवं समस्याओं का निराकरण किया गया। वहीं बिजली विभाग से किसानों को बूंद बूंद सिंचाई वाले कनेक्शनों में सामान उपलब्ध नहीं हो पाने व किसानों के कृषि कनेक्शन शिफ्टिंग नहीं होने की चर्चा हुई। ढूंढाडिया सरपंच अशोक यादव ने विद्युत कनेक्शनों का सामान समय पर उपलब्ध नहीं हो पाने पर जिला प्रमुख ने जल्द समाधान हेतु कहा। पंचायत समिति सदस्यगण व सरपंचगण में पानी, बिजली, शिक्षा, चिकित्सा, स्वच्छता व सफाई एवं वन विभाग संबंधित समस्याओं को मजबूती से उठाया। जिनका समाधान करने के लिए अधिकारियों ने आश्वासन दिया। वहीं श्मशान घाट के रास्तों को खातेदारों की सहमति से ही निकाला जाने के बारे में उपखंड अधिकारी ने कार्रवाई करने की बात कही। बैठक में जलदाय विभाग, वन विभाग एवं क्रय विक्रय अधिकारीगण नहीं पहुंचने पर नोटिस दिया जाएगा के संबंध में चर्चा की गई एवं जनप्रतिनिधि सरपंच एवं पंचायत समिति सदस्य द्वारा ग्राम पंचायतों के विकास हेतु प्रस्ताव रखे गए। जिन पर प्रधान सरोज यादव ने उनको जल्द से जल्द करवाने हेतु कहा गया। पंचायत समिति कोटे से करीब सवा चार करोड़ रुपए देकर प्रत्येक ग्राम पंचायत के गांवों में पंचायत समिति सदस्य एवं सरपंच गण के प्रस्ताव पर जारी किए जिसके लिए सभी सरपंच और सदस्यगण ने प्रधान का आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रधान सरोज बस्तीराम यादव ने बैठक में उपस्थित सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान वेद कृष्णा सरपंच नांगल खोड़िया, सुरेश बेदी अनंतपुरा, तारावती यादव गंडाला, मदन सिंह सरपंच खरकड़ा, अमर सिंह यादव पंचायत समिति सदस्य, धर्मचंद उर्फ धर्मा पहलवान दुघेडा, बाबूलाल यादव पंचायत समिति सदस्य एवं गजराज सिंह उपप्रधान इत्यादि समस्त सरपंच एवं सदस्यों ने साधारण सभा की बैठक में भाग लिया।

# दो दिन से घर से गायब युवक की बांध में लाश मिली

- श्यामनगर थाने में थी गुमशुदगी की रिपोर्ट
- कम्पटीशन की तैयारी कर रहा था अरविंद

**चाकसू (निसं)।** सोमवार को उपखंड क्षेत्र ग्राम पंचायत चन्दलाई में स्थित रामसागर बांध में ग्रामीणों को एक युवक की तैरती हुई लाश दिखने से सनसनी मचा गई।

जिस पर ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी सूचना पर शिवदासपुरा थाना प्रभारी हरिपाल सिंह मय दल बल के मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगो के सहयोग से शव को बाहर निकाला और आस-पास के लोगों से शिनाख्त करवाई तो युवक आसपास के इलाके का नहीं होना पाया गया और शव को महात्मा गांधी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया जंहा मृतक की जेब मे मिले मोबाइल व अन्य दस्तावेज से उसकी शिनाख्त अरविंद कुमार पंवार पुत्र चेतराराम उम्र 27 देनाऊ बाडमेर हाल विवेक विहार श्यामनगर के रूप में हुई है।

थाना प्रभारी एवं सब इंस्पेक्टर हुसैन अली के अनुसार मृतक अरविंद कुमार जयपुर में रहकर कम्पीटिशन की तैयारियां में लगा हुआ था 2 दिन पहले उसकी पिता से बातचीत हुई थी लेकिन उसका फोन बंद आने पर उसके पिता चेतराराम चिंतित हुआ और वह गांव के जयपुर आ गया और जगह-जगह बेटे तलाश शुरू की। पर बेटे का कहीं पता नहीं चलने पर श्यामनगर थाने में गुमशुदगी का मामला दर्ज करवाया। मृतक अरविंद के मामले में पुलिस का प्रथम दृष्टि मानना है कि उसकी मृत्यु पानी मे डूबने से हुई है लेकिन वह जयपुर से इतनी दूर कैसे आया कई उसकी हत्या नहीं कर दी हो सहित कई पहलुओं पर पुलिस जांच कर रही है। शव का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है।

# अवैध रूप से हो रही है पेट्रोल व डीजल की बिक्री

- इसका मुख्य कारण हरियाणा में डीजल व पेट्रोल के दाम राजस्थान से कम होना है

**नारायणपुर, (निसं)।** कस्बे सहित क्षेत्र में खुलेआम मुख्य सड़क मार्ग बस अड्डे सहित जगह-जगह दुकानों पर हरियाणा से सस्ते दामों में लाकर ज्वलनशील पेट्रोल व डीजल की खुलेआम पेट्रोल बिक्री जारी है।

इसका मुख्य कारण हरियाणा में डीजल व पेट्रोल के दाम राजस्थान से कम होना है जिसके चलते प्रतिदिन हरियाणा से चोरी छिपे डीजल व पेट्रोल लाकर शहर के गली, मोहल्लों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में खुलेआम पेट्रोल बेचा जा रहा है। कस्बे में जगह जगह पेट्रोल बम लगे हुए हैं। और कई क्षेत्रों में दुकानदार पेट्रोल का अवैध भंडारण किए हुए हैं। ऐसे में इन क्षेत्रों में कभी भी किसी बड़े हादसे की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। यह गैरकानूनी तो है ही मिलावट का भी धंधा खूब फल फूल रहा है। बोतलों में बंद सड़क किनारे खुले में रखे पेट्रोल बेहद घातक सिद्ध हो सकते हैं। छोटी सी लापरवाही या किसी की बदमाशी तबाही मचा सकती है। यह सब प्रशासन की मिलीभगत से चल रहा है। गौरतलब है कि कस्बे के समीपवर्ती ग्राम पंचायत अजबपुरा में पूर्व में पेट्रोल व डीजल के स्टॉक में आग लगने से भारी जनहानि हुई थी। इसके बावजूद भी प्रशासन की शिथिलता के चलते कस्बे सहित क्षेत्र में अवैध पेट्रोल की बिक्री जोरों पर चल रही है। इतना ही नहीं टायर पंचर की दुकान हो या फिर परचून की दुकान सड़क के किनारे अधिकतर सभी दुकानों में अवैध तरीके से पेट्रोल की बिक्री बिना रोक-टोक की जा रही है। जिसके चलते कस्बे में कभी भी कोई बड़ी घटना घटित हो सकती है। इस विषय में प्रशासन भी पूर्ण तरह से चुप्पी साधे हुए है। इतना ही नहीं अवैध पेट्रोल विक्रेताओं के पास पेट्रोल का काफी मात्रा में स्टॉक भी मिलता है। इस मामले में थानाधिकारी अजय सिंह शेखावत से बात करने का प्रयास किया गया। लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

# 32 लाख के उपकरणों का लोकार्पण

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा टोडारायसिंह विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने सोमवार को राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र टोडारायसिंह मे विधायक कोष से लगवाये गये 32 लाख रूपये की लागत के स्वास्थ्य उपकरणो की अनावरण पट्टी का लोकार्पण किया।

विधायक के प्रवक्ता एडवोकेट अभिषेक पाराशर ने बताया कि टोडारायसिंह क्षैत्र की जनता को सरकारी अस्पताल मे त्वरित चिकित्सा सुविधाए मुहैया करवाने के लिए फोटोथैरेपी की मशीन, कार्डीयक मॉनीटर, 6 चैनल ईसीजी मशीन, सीबीसी मशीन, 50 किलोवाट का जनरेटर, डिजिटल एक्सरा मशीन के लिए विधायक कोष से 3130748 रूपये की राशि खर्च कर यह चिकित्सकीय उपकरण लगवाये है जिससे की जरूरतमंद रोगियो को त्वरित चिकित्सकीय उपचार मिल सके। सोमवार को आयोजित लोकार्पण समारोह मे पूर्व पालिका अध्यक्ष संत कुमार जैन, प्रधान प्रतिनिधि रामचन्द्र गुर्जर, पूर्व पालिका अध्यक्ष भरत लाल सैनी की उपस्थिति में विधायक ने अनावरण पट्टीका का लोकार्पण किया। अस्पताल प्रशासन ने विधायक चौधरी का आभार जताया।

# प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया

- मेघवाल समाज के छात्र-छात्राओं एवं गणमान्य वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया

**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** नेशनल हाईवे नंबर 48 पर स्थित होटल पर नवघोषित नगरपालिका क्षेत्र नीमराना में बहरोड़ विधायक बलजीत यादव के मुख्य आतिथ्य व पूर्व सरपंच सतीश मुद्गल की अगुवाई में राजस्थान मेघवाल परिषद जिला अलवर द्वारा जिला स्तरीय प्रतिभाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

जिला अध्यक्ष सुरेश चंद रेवाडीया ने बताया कि समारोह में अलवर के मेघवाल समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं एवं गणमान्य वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान होटल एनएच 48 नीमराणा में किया गया जिसमें 10वीं 12वीं एसटीसी, बीएड/ एमएड, छात्रा 75 प्रतिशत, छात्र 80 प्रतिशत, स्नातक, स्नातकोत्तर छात्रा 60 प्रतिशत व छात्र 65 प्रतिशत और सरकारी सेवा में चयन, उच्च उपाधि 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। समारोह में करीब 225 प्रतिभाओं को माला पहनाकर प्रतीक चिन्ह व भारतीय संविधान की प्रति भेंट की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बहरोड़ विधायक बलजीत यादव ने छात्र छात्राओं को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नीमराणा बाबा गरीब नाथ आश्रम के महंत ईकसारनाथ महाराज ने की व विशिष्ट अतिथि जयपुर से सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री के पर्सनल सेक्रेटरी सीनियर आर ए एस अधिकारी सुरेश कुमार बुनकर बीसीएमएचओ डॉ गजराज सिंह , सतीश हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. ज्ञानचंद, सहायक अभियंता गजानंद निमोरिया, सहायक विकास अधिकारी वीरेंद्र कुमार चौहान, प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय बहुजन समाजिक परिसंघ के राज पूरण आचार्य, राजस्थान मेघवाल परिषद प्रदेश अध्यक्ष कानाराम काटीवाल, सुमित्रा धर्मवीर टिकानियां, धर्मपाल गांधी, प्रभु दयाल मास्टर, मातादीन, छाजूराम मेघवाल, एडवोकेट अशोक पनवाल रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत रीण्डलिया बु.पं.स. मालपुरा (टोंक)

क्रमांक-निविदा/2022-23/143 दिनांक-17/10/22

### निविदा आमंत्रण सूचना

कार्यालय पंचायत समिति मालपुरा की अधीनस्थ ग्राम पंचायत रीण्डलिया के द्वारा सडकों, गलियों एवम् नाले-नालियों की साफ सफाई एवं कचरा निस्तारण कार्य एवं मृत पशुओं को उठाने का कार्य हेतु अंशकालीन (पार्ट टाईम) बेसीस पर मानव संसाधन की दर अनुबन्ध पर सेवा उपलब्ध करवाने हेतु मोहरबन्द निविदा पद्धति से निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। संवेदक निविदा से संबंधित विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल पर भी देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

NIB CODE : ZTN2223A0205
UBN CODE : ZTN2223SSOB00307

सरपंच
ग्राम पंचायत रीण्डलिया


# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का बगड़ी सीएससी से राज्य स्तरीय आगाज

- चिकित्सा मंत्री ने पांच लाख रुपए जनरेटर सेट खरीदने के लिए देने की घोषणा की



लालसोट के बगड़ी ग्राम स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ( बीच में ) ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का बालक को दवा पिलाकर राज्य स्तरीय शुभारंभ किया।

**लालसोट, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र के बगड़ी ग्राम स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा द्वारा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का बालक को दवा पिलाकर राज्य स्तरीय शुभारंभ कर कार्यक्रम का आगाज किया गया। इस दौरान चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा पाच करोड़ लागत से बनने वाले बगड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों में बनने वाले प्रति 41 लाख लागत से बनने वाले नए उप स्वास्थ्य केंद्र भवनों के भवन निर्माण की आधारशिला रखकर शिलान्यास किया।

मीणा ने बताया कि कृमि संक्रमण से बच्चों में खून की कमी हो जाती है और वे कुपोषण का शिकार हो जाते हैं। इस कारण वे हमेशा थकान महसूस करते हैं जो कि संपूर्ण शारीरिक और मानसिक विकास में बाधक होता है। इसलिए 1 से 19 साल तक के सभी बच्चों व किशोर किशोरियों को कृमि नाशक दवा अवश्य खानी चाहिए और परिजनो को बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाना चाहिए। मंत्री मीणा ने गंदगी जनित बीमारी से बचाव के लिए स्वच्छ रहने की भी अपील की गई। चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा कि बगड़ी में पीएसी के सियासी क्रमोन्नत होने से 24 घंटे स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि रात्रि के समय जिसकी ड्यूटी है वह चिकित्सक चिकित्सा कर्मी स्वास्थ्य केंद्रों पर ही रुके। वहीं चिकित्सा मंत्री द्वारा सीएचसी में चिकित्सा सुविधा बिजली के अभाव में नहीं हटके इसके लिए विधायक कोष से पाच लाख रुपए जनरेटर सेट खरीदने की लिए देने की घोषणा की गई.. चिकित्सा मंत्री मीणा ने सोमवार को बगड़ी सीएचसी के अलावा ग्राम पंचायत कुशलपुरा गागल्यावास बिदरखा, हेमल्यावाडा, गोपालपुरा आदि जगहों पर नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र के भवनों की आधारशिला रख कर शिलान्यास पट्टिका का अनावरण किया.. कार्यक्रम के दौरान प्रदेश स्वायत्त शासन संस्था के उपाध्यक्ष व खादी समिति अध्यक्ष पुर्व पालिका चेयरमैन दिनेश मिश्र, पीसीसी सदस्य रामविलास खेमावास, प्रधान एडवोकेट नाथू लाल मीणा, प्रधान कौशल्या मीणा, प्रधान सूरज कटारा, स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त निदेशक केपी शर्मा सीएमएचओ सुभाष बिलोनिया, डिप्टी सीएमएचओ राजपाल मीणा, बीसीएमएचओ धीरज शर्मा, बीपीएम बसंत कोशिक सहित कई अधिकारी जनप्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय नगरपालिका निम्बाहेड़ा जिला-चित्तौड़गढ़ ( राज. )

क्रमांक/नपानि/निर्माण/22-23/5403 दिनांक: 17/10/2022

### संशोधित निविदा सूचना न : 14/2022-23

नगरपालिका निम्बाहेड़ा द्वारा निम्नांलिखित कार्यों के नगरपालिका में पंजीकृत ठेकेदारों व अन्य विभागों में "AA", "A", श्रेणी में पंजीकृत एवं अनुभवी/ठेकेदारों से मोहर बन्द निविदाऐ आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र नगरपालिका कार्यालय निर्माण शाखा से विक्रय, प्राप्ति दिनांक व समय निम्नानुसार है। निविदा से संबंधित विवरण sppp.rajasthan.gov.in के NIB Code DLB2223A5660 पर भी देख सकते है।

| | |
|---|---|
| कार्य निविदा के कार्य | कुल 03 कार्य |
| निविदा की अनुमानित लागत | राशि 14.37 लाख रूपये |
| पोर्टल पर निविदा पब्लिश दिनांक | 13/10/2022 |
| टेण्डर कॉपी मिलने की दिनांक एवं समय | 21.10.2022 दोपहर 12.00 बजे तक |
| टेण्डर कॉपी जमा करने की अन्तिम दिनांक एवं समय | 21.10.2022 दोपहर 3.00 बजे तक |
| टेण्डर खोलने की दिनांक व समय | 21.10.2022 सांय 4.00 बजे तक |
| Unique Bid Number | (DLB2223SSRC18350) (DLB2223SSRC18356) (DLB2223WSRC18351) |

( सुभाषचन्द्र शारदा )
अध्यक्ष
नगरपालिका निम्बाहेड़ा

( सोरभ कुमार जिन्दल )
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका निम्बाहेड़ा

## संक्षिप्त

### एसडीएम को सम्मानित किया

**श्रीमाधोपुर।** उपखंड अधिकारी दिलीप सिंह राठौड़ को उत्कृष्ट कार्य करने पर व ज़िला स्तर पर सम्मानित होने पर महाकाल सेवा समिति श्रीमाधोपुर की ओर से साफ़ा पहनाकर व मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया गया ।इस अवसर पर महाकाल सेवा समिति सदस्य एसबीएन महाविद्यालय सचिव इंजी. प्रदीप धायल , कैलाश चंद सैनी हलवाई ,राजू बागवान ,प्रकाशचंद सैनी , लालचंद सैनी , मुकेश सैनी ने गुलदस्ता भेंट किया व मिठाई खिलाकर ख़ुशी ज़ाहिर की। उपस्थित गणमान्य लोगों द्वारा जनमानस के कल्याण हेतु इसी तरह निरंतर सेवा प्रदान करने हेतु निरंतर प्रयास करने व अपने कर्तव्य पालन को पूर्ण निष्ठा के साथ निभाने के लिए शुभाशिष दिया।

### प्रधानाध्यापक बुंदेल को विदाई दी

**टोंक** (नि.सं)। नामांकन और हरित पाठशाला के क्षेत्र में अग्रणी ब्लॉक के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय-ढाणी मुख्तार नगर (मण्डावर) के प्रधानाध्यापक सुरेश बुन्देल का स्थानान्तरण राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, शेरगढ (सरवाड- अजमेर) होने पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं और स्टाफ सदस्यों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। स्टाफ सदस्यों ने प्रधानाध्यापक सुरेश बुन्देल का माल्यार्पण, साफे, मिष्ठान्न और गिफ्ट के माध्यम से सम्मान किया। इस अवसर पर रेखा कोठारी, मो. आरिफ उमर खान, रजनेश गुर्जर, गीता कुलश्रेष्ठ, रामसहाय बैरवा, लालचन्द जाट आदि मौजूद रहे।

### तीन घंटे बिजली बंद रहेगी

**निवाई,** (निसं)। दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में विद्युत लाइनों की मरम्मत एवं रखरखाव कार्य के चलते शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में मंगलवार को 3 घंटे बिजली बंद रहेगी। विभाग के कनिष्ठ अभियंता लक्की गोठवाल ने बताया कि मरम्मत कार्य को लेकर मंगलवार को शहर में भगतसिंह कॉलोनी, बड़ी का मंदिर, हरिजन बस्ती, बड़ा बाजार, अहिंसा सर्किल, सिंधी कॉलोनी, जैन कॉलोनी, दीनदयाल कॉलोनी एवं ग्रामीण क्षेत्र में चैनपुरा, भावता, भावती इंद्रा न्यू कॉलोनी, नया मौजा जयसिंहपुरा एवं गांव संग्रामपुरा के आसपास क्षेत्र में सुबह 8:30 से 11:30 बजे तक बिजली बंद रहेगी।

### अवैध शराब बेचती महिला गिरफ्तार

**निवाई,** (निसं)। खण्देवत रोड से पुलिस ने सोमवार एक महिला को अवैध देशी शराब बेचते गिरफ्तार किया हैं। थानाधिकारी राजेंद्र खण्डेलवाल ने बताया कि सोमवार को मुखबीर से सूचना पर पुलिस ने खण्डदेवत रोड पर स्थित जलदाय विभाग के पंप हाऊस के पास से एक महिला अवैध देशी शराब के 52 पव्वें के साथ गिरफ्तार किया हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी सोना देवी सांसी पत्नी चरतलाल सांसी निवासी डांगरथल हाल निवासी पांच कुंआ खण्देवत रोड पर आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

### खुले नाले में गिरा सांड

**सांभरझील,** (निसं)। यहां सार्वजनिक निर्माण विभाग के डाक बंगले के बाहर 3 फुट खुले नाले में सोमवार की शाम करीब 7:00 बजे एक सांड गिरकर उल्टा हो गया। सांड़ इस कदर नाले में फंस गया कि वह सीधा होने के लिए छटपटाता रहा और इसी चक्कर में वह जगह जगह से छिल गया। मौके पर आसपास के लोगों की काफी भीड़ इकट्ठी हो गई और इसके पश्चात एक रस्से की सहायता से लोगों ने ही बड़ी मुश्किल से उसे बाहर निकाला।

### फरार वांछित वारंटी गिरफ्तार

**निवाई,** (निसं)। स्थानीय पुलिस ने 11 साल से फरार चल रहे स्थाई वंछित वारंटी को गिरफ्तार किया है। थानाधकारी राजेन्द्रकुमार खंडेलवाल ने बताया कि 11 वर्ष में फरार चल रहे रमेशचंद जाट निवासी जनता कॉलोनी को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि फरार चल रहे आरोपितो को गिरफ्तार करने के लिए अभियान जारी रहेगा।

### एक दिवसीय शिविर संपन्न

**खैरथल,** (निसं)। स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में एक दिवसीय शिविर विविध गतिविधियों के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आरम्भ प्राचार्य डॉ. अंजू रानी, सह आचार्य डॉ. विजय गुप्ता व अन्य स्टाफ सदस्यों ने मां सरस्वती की वंदना कर किया।

# 161 किलो अवैध डोडा-पोस्त बरामद, एक गिरफ्तार

**टोंक/देवली** (निसं)। पुलिस थाना घाड ने लग्जरी कार में नाकेबंदी के दौरान 161 किलो अवैध डोडा पोस्त बरामद कर एक जने को गिरफ्तार किया और वाहन चालक फरार हो गया। पुलिस ने कार को भी जब्त कर लिया है।

पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के निर्देशानुसार एएसपी मालपुरा राकेश कुमार, पुलिस उपाधीक्षक देवली सुरेश कुमार के सुपरविजन में जिले में जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस थानाधिकारी घाड राधाकिशन, उपनिरीक्षक रमेशचंद, हैडकास्टेबल भैरुलाल, विनोद कुमार, कानि. दयाल ने चौकी सरोली मोड एनएच 52 पर नाकाबन्दी के दौरान एक लग्जरी कार महिन्द्रा जिसमें भारी मात्रा में अवैध डोडा पोस्त 161 किग्रा परिवहन कर ले जाते हुये आरोपी अवतार सिंह पुत्र देवसिंह निवासी रामगढ जवन्दा थाना छाजली जिला संगरुर पंजाब को गिरफ्तार किया गया। अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त परिवहन में प्रयुक्त वाहन लग्जरी कार को जप्त किया गया। वाहन का शातिर वाहन चालक लवी पुत्र ज्ञानी निवासी चोहटन बाजार थाना सुनाम जिला संगरुर पंजाब मौका पाकर फसलों में होकर फरार हो गया। जिस मामला दर्ज जांच पुलिस थाना देवली जगदीश मीणा को सौंपी गई। आरोपी पुलिस की नजरों से बचने के लिये लग्जरी महिन्द्रा कार में अवैध डोडा-पोस्त छुपाकर झालावाड से पंजाब ले जा रहे थे।

- वाहन चालक फरार, कार को जब्त किया
- अवैध डोडा-पोस्त झालावाड से पंजाब ले जा रहे थे



पुलिस थाना घाड ने अवैध डोडा-पोस्त के साथ आरोपी को पकड़ा।

### हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

**बौंली- बामनवास** (निसं)। सवाई माधोपुर जिला पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार विश्नोई के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रकाश चंद सभी डिविजन गंगापुर सिटी के सुपरविजन में चलाए जा रहे जिले में फरार अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत बौंली पुलिस ने 8 लाइन एक्सप्रेस वे पर पुलिस बल पर जानलेवा हमला करने के चौथे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार 3 जून 2022 को पुलिस द्वारा 8 लाइन एक्सप्रेस वे पर अवैध बजरी परिवहन पर की गई कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम पर कुछ लोगों ने सामूहिक रूप से जानलेवा हमला कर दिया था। मामला दर्ज होने के बाद से ही आरोपी फरार चल रहे थे इस मामले में बौंली पुलिस थाने में मुकदमा नंबर 190/2022 आईपीसी की धारा 332, 353, 307 व 34 में दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया था। जिसमें पुलिस टीम में शामिल सहायक उप निरीक्षक हरिशंकर, कांस्टेबल सुरेंद्र सिंह व जावेद अली की टीम ने फरार चल रहे आरोपी राजेश यादव निवासी बड़ागांव सरोवर को गिरफ्तार कर घटना के समय काम में लिए गए जो ट्रैक्टर भी जप्त किए हैं इसमें तीन आरोपी पूर्व में गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

## किशनगढ़बास और खैरथल के लोग टोल फ्री क्यों नहीं : रामहेत

**किशनगढ़बास,** (निसं)। पूर्व विधायक रामहेत यादव ने पीडब्ल्यूडी मंत्री भजन लाल जाटव के खैरथल क्षेत्र में दौरे के उपरांत सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जब तिजारा विधायक अपने क्षेत्र में 10 किलोमीटर की परिधि में रहने वाले लोगों को टोल फ्री करा सकते हैं तो फिर किशनगढ़ बास विधायक दीपचंद खैरिया किशनगढ़ बास खैरथल व खैरथल कोटपूतली रोड पर लगे टोल नाके पर किशनगढ़ बास खैरथल की जनता के लिए टोल फ्री क्यों नहीं करा रहे हैं।

पूर्व विधायक यादव ने कहा पूर्ववर्ती भाजपा सरकार में टोल नाके हटा दिए गए थे। कांग्रेस सरकार के आते ही फिर से टोल नाके लगा दिए गए। किशनगढ़ बास खैरथल दोनों नगर पालिका क्षेत्र की दूरी केवल 8 किलोमीटर की है इसमें लगे टोल नाके पर खैरथल और किशनगढ़ बास की जनता से टोल वसूली की जा रही है। प्रतिदिन टोल वसूली को लेकर टोलकर्मियों व वाहन मालिकों के बीच विवाद की होता है। अधिवक्ताओं से लेकर कर्मचारी अधिकारियों को शिकायत कर चुके हैं।

मीडिया के माध्यम से पूर्व विधायक ने पीडब्ल्यूडी मंत्री से टोल हटाए जाने के साथ 4 साल पहले पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के राज में स्वीकृत किशनगढ़ बास खैरथल बाईपास पर डामीकरण कराए जाने तथा किशनगढ़ बास कोटकासिम सड़क मार्ग पर हुए निर्माण की गुणवत्ता की जांच कराए जाने की मांग रखी है। पूर्व विधायक यादव ने कहा प्रदेश सरकार के राज में किसानों को खाद नहीं मिल रहा है। किसान खाद के लिए भटकता घूम रहा है। दीपावली त्योहार के समय में गांवों के अंदर अंधेरा छाया हुआ है सिंगल फेस के ट्रांसफॉर्मर फुके पड़े हैं। गांव के लोग 2 महीने से ट्रांसफार्मर बदलवाने के लिए बिजली अधिकारियों के चक्कर काट रहे पर ट्रांसफार्मर नहीं बदले जा रहे हैं। शहर की रोड लाइट जगह-जगह खराब पड़ी है। सड़कों पर पानी बह रहा है सफाई का हाल बेहाल है लेकिन इस ओर किसी कोई ध्यान नहीं है।

## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 110 किलो से अधिक मिल्क केक जब्त किया

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। सरकार की ओर से चलाए गए शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत किशनगढ़ बास एसडीएम के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने खैरथल में नामी प्रतिष्ठानों पर छापे मारकर 110 किलो मिल्क केक जप्त कर मिठाई के सैंपल लिए और खामियों के तहत जुर्माना वसूल किया। एसडीएम के नेतृत्व में पहुंची टीम को देखकर मिठाई विक्रेताओं में हड़कंप मच गया और दुकानों को छोड़कर दुकानदार भाग गए।

एसडीएम गंगाधर मीणा ने बताया कि सोमवार को शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग के केशव कुमार गोयल खाद्य सुरक्षा अधिकारी लोकेश शर्मा रोशन यादव खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रशिक्षु, बाट माप अधिकारी रमन लाल डेयरी विभाग केस प्रतिनिधि योगेश वशिष्ठ ने किशनगढ़ बास क्षेत्र के कस्बा खैरथल में विजयश्री डेरी के गोदाम पर स्वीट केक का सैंपल एकत्र कर जांच हेतु भिजवाया साथ ही 45 किलो स्वीट केक सील कर, सैंपल रिपोर्ट आने तक जप्त किया गया। एवं 2000 का जुर्माना लगाया।

इसके अलावा अमन मिल्क शॉप खैरथल के कारखाने से जांच हेतु मिल्क केक का सैंपल लिया साथ ही 65 किलो मिल्क केक जांच आने तक मौके पर सील किया गया। एवं कारखाने में काम ले जाने वाली टोल की चार मशीनों को असत्यापित पाए जाने पर 2000 का जुर्माना लगाया गया। गणपति स्वीट होम से डोडा बर्फ़ी का सैंपल एकत्र किया एवं पैकिंग डिब्बे पर तोल गलत पाए जाने पर मौके पर 1000 का जुर्माना किया। मैसर्स एवन अभि के कारखाने से भी मिठाइयों का सैंपल एकत्रित किया गया। इस दौरान गठित टीम के साथ मौके पर नायब तहसीलदार किशनगढ़ बास वीरेंद्र सिंह नायब तहसीलदार खैरथल राम किशन एवं पटवारी मौजूद रहे।



एसडीएम के नेतृत्व में कार्रवाई करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।



अलवर में आयोजित जिला स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह में जिला कलेक्टर ने डॉ. मालती गुप्ता को भामाशाह पुरस्कार सम्मान से सम्मानित किया। जिला स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह की अध्यक्षता डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी जिला कलेक्टर अलवर ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर आदि रहे।

## एसडीएम के साथ टीम ने जांच के सैंपल भरे

**खैरथल,** (निसं)। खैरथल में उपखण्ड अधिकारी गंगाधर मीणा के नेतृत्व में शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रतिष्ठानों पर सघन कार्रवाई करते हुए जांच की गई।

एसडीएम गंगाधर मीणा की टीम में केशव कुमार गोयल खाद्य सुरक्षा अधिकारी, लोकेश शर्मा, रोशन यादव खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रशिक्षु और बाट माप अधिकारी रमन लाल, डेयरी विभाग के प्रतिनिधि योगेश वशिष्ठ व सहयोगियों ने किशनगढ़ बास व खैरथल में विजयश्री डेयरी के गोदाम पर स्वीट केक का सैंपल ले कर जांच हेतु भिजवाया साथ ही 45 किलो स्वीट केक सील कर, सैंपल रिपोर्ट आने तक जप्त किया गया। एवं तीन बाटों का असत्यापित पाए जाने पर 2000 रुपए का जुर्माना लगाया।

खैरथल में हीअमन मिल्क शॉप के कारखाने से जांच हेतु मिल्क केक का सैंपल लिया साथ ही 65 किलो मिल्क केक जांच आने तक मौके पर सील किया गया और कारखाने में काम ले जाने वाली तोल की चार मशीनों को असत्यापित पाए जाने पर 2000 रुपए का जुर्माना लगाया गया। कस्बे में संचालित गणपति स्वीट होम से डोडा बर्फ़ी का सैंपल एकत्र किया एवं पैकिंग डिब्बे पर तोल गलत पाए जाने पर 1000 रुपए का जुर्माना किया गया। मैसर्स एवन अभि के कारखाने से भी मिठाइयों का सैंपल एकत्रित किया गया। करवाई के दौरान गठित टीम के साथ मौके पर किशनगढ़बास व खैरथल के नायब तहसीदार वीरेंद्र सिंह व राम किशन एवं पटवारी टीम में शामिल रहे।

- शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत की गई कार्रवाई

# गोविंदगढ़ के पीजी महाविद्यालय में 1600 विद्यार्थियों का भविष्य अंधकार में

**गोविंदगढ़ /अलवर** (निसं)। राजकीय पीजी महाविद्यालय गोविंदगढ़ में चली आ रही स्टाफ की समस्या को देखते हुए विद्यार्थियों ने तहसीलदार विनोद कुमार मीणा को ज्ञापन सौंपा है और प्रशासन तथा राजस्थान सरकार को 31 अक्टूबर तक महाविद्यालय में स्टाफ लगवाने तथा कॉलेज से दूसरी जगह पर प्रतिनियुक्ति पर लग रहे स्टाफ की प्रतिनियुक्ति कैंसिल करवाने की मांग की है।

राजकीय पीजी महाविद्यालय के छात्रसंघ अध्यक्ष अंकित गुर्जर ने बताया कि महाविद्यालय में पिछले 10 वर्षों से इस टाइप की विकट समस्या चल रही है। मात्र तीन व्याख्याताओं के भरोसे पीजी महाविद्यालय चल रहा है और 1600 विद्यार्थी महाविद्यालय में पढ़ते हैं। लेकिन इस और राजस्थान सरकार का कोई ध्यान नहीं है राजस्थान सरकार को 1600 से छात्र-छात्राओं की इतनी चिंता नहीं है जितनी प्रतिनियुक्ति पर लग रहे कर्मचारियों की है राजस्थान सरकार कॉलेज से दूसरी जगहों पर गए स्टाफ की प्रतिनियुक्ति यही कैंसिल नहीं कर सकती तो वह स्टाफ तो तब लगाएंगे लेकिन छात्र संघ अध्यक्ष अंकित गुर्जर ने छात्रों के साथ तहसीलदार विनोद कुमार मीणा को ज्ञापन सौंपते हुए चेताया कि अगर 31 अक्टूबर तक प्रति नियुक्तियां कैंसिल नहीं होती है और महाविद्यालय में स्टाफ नहीं लगता है तो 1 नवंबर से छात्र-छात्राएं भगत सिंह सर्किल पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ जाएंगे जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह से प्रशासन की होगी वही छात्र नेता रवि कांत शर्मा ने कहा कि अगर राजस्थान सरकार को कॉलेज चलाना ही नहीं है तो इस कॉलेज पर ताला लटका दे 3 व्याख्याताओं के भरोसे एक पीजी महाविद्यालय को नहीं चलाया जा सकता ना तो विद्यार्थियों की पढ़ाई पूरी हो रही है और ना ही कॉलेज के और काम पूरे हो रहे हैं जिसकी वजह से महाविद्यालय का रिजल्ट खराब हो रहा है और क्षेत्र के लोग सबसे ज्यादा फेल हो रहे हैं या विषयों में बैक लग रहे हैं इसका खामियाजा यहां के विद्यार्थियों को उठाना पड़ रहा है विद्यार्थियों की चिंता राजस्थान सरकार को नहीं है अगर राजस्थान सरकार 31 अक्टूबर तक महाविद्यालय में स्टाफ की नियुक्ति नहीं करती है तो विद्यार्थी भूख हड़ताल पर बैठ जाएंगे। इस दौरान छात्रसंघ अध्यक्ष अंकित गुर्जर रविकांत शर्मा रवि गुर्जर गुरप्रीत सिंह चेतराम सैनी आदि मौजूद रहे।



राजकीय पीजी महाविद्यालय गोविंदगढ़ में स्टाफ की समस्या को देखते हुए विद्यार्थियों ने तहसीलदार विनोद कुमार मीणा को ज्ञापन सौंपा।

- मात्र तीन व्याख्याताओं के भरोसे पीजी महाविद्यालय चल रहा है
- महाविद्यालय में स्टाफ लगवाने के लिये तहसीलदार को दिया ज्ञापन

## सार-समाचार

### व्याख्यानमाला आयोजित



**चौमूं/कालाडेरा,** (निसं)। महात्मा ज्योतिबा फुले पशु चिकित्सा तथा पशु विज्ञान महाविद्यालय में सोमवार को पर्यावरण बचाओं व्याख्यानमाला कार्यक्रम में चाकुलिया प्रखंड के झारखंड की पर्यावरणविद् लेडी टार्जन, नारी शक्ति एवं पद्मश्री जमुना टुडू ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर पदमश्री टुडू ने महाविद्यालय परिसर में औषधीयुक्त पौधे लगाए, सीवरेज ट्रिटमेंट प्लांट एवं नवनिर्मित बॉस्केट बॉल मैदान का उद्घाटन किया। इसके बाद पदमश्री टुडू, एमजेएफ ग्रुप चैयरपर्सन कैलाश राज सैनी, मानसिंह टुडू, सतीश सिंगोदिया, महाविद्यालय प्रोफेसर डॉ आरएन कच्छावा, डॉ. पीके कपूर ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर व्याख्यानमाला कार्यक्रम की शुरूआत की। व्याख्यानमाला में लेडी टार्जन के नाम से प्रसिद्ध एवं पदमश्री से सम्मानित जमुना टुडू ने छात्र-छात्राओं को पर्यावरण बचाओं का संदेश दिया। इस अवसर पर एमजेएफ ग्रुप चैयरपर्सन कैलाश राज सैनी ने नारी शक्ति व पदमश्री टुडू व अतिथियों को माला, साफा पहनाकर एवं स्मृति चिंह भेंट कर सम्मान किया। अंत में चैयरपर्सन ने आए हुए अतिथियो का आभार प्रकट किया। मंच का संचालन डॉ. सुनील बोगिया ने किया। इस मौके पर महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ प्रदीप कुमार कपूर, प्रोफेसर डॉ आर.एन. कच्छावा, डॉ शिवांगी पाण्डेय, डॉ मीनु सैनी सहित स्टॉफ एवं विद्यार्थीगण मौजूद थे।

### कार्यक्रम का आयोजन

**टोंक** (निस)। वर्ल्ड ऑर्गनाइजेशन एंड रिलीजन नॉलेज ने आज मानवता के उपकारक हजरत मुहम्मद साहब के जन्म एवं निर्वाण दिवस के उपलक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस भारत में सतयुग के आगमन में हमारी भूमिका का आयोजन एक निजी स्कूल मिल्लत स्कूल में किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संचालिका ब्रह्माकुमारीज,सेवा केंद्र जिला टोंक ब्रह्मकुमारी अपर्णा दीदी, संयोजक पं.जगदीश नारायण स्मृति मंच एवं वेदिक शोध संस्थान डां.पं.पवन सागर एडवोकेट, जन सरोकार मंच देवेन्द्र जोशी, भैय्याजी शिक्षा समिति नरेंद्र शर्मा, सुरेश बुंदेल(लेखक), फाउंडर डायरेक्टर मिल्लत स्कूल टोंक मौलवी आमिर सिद्दीकी, अध्यक्ष भीम सेना टोंक अशोक बैरवा) इत्यादि ने भाग लिया। अभिनंदन समारोह में वर्क की और सभी मंचासीन को स्मृति चिन्ह तथा प्रमाण पत्र दिए गए। आगुंतको के साथ है सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मौलवी आमिर सिद्दीकी के अलावा आरिफ खान, हिदायत रसूल,अमृतलाल, महेश,हीना कौसर रिजवी, तबस्सुम परवीन, एहसान अली इत्यादि सम्मिलित रहे।

### स्वच्छता की शपथ दिलाई

**टोंक,** (निस)। राजकीय महाविद्यालय टोंक में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई प्रथम व द्वितीय के स्वयंसेवकों व विद्यार्थियों को स्वच्छ भारत अभियान 2.0 के तहत अपने आस-पास के परिवेश को प्लास्टिक कचरा मुक्त बनाने की शपथ दिलवायी गई। इस अवसर पर सहायक आचार्य डॉ. इन्दर सिंह मीना ने उपस्थित स्वयंसेवकों को प्लास्टिक कचरे से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। पॉलिथीन के स्थान पर कपडे व कागज की थैलियों के उपयोग हेतु प्रेरित किया। जिला समन्वयक सम्पत सिंह मीना ने बताया कि प्रत्येक स्वयंसेवकों को स्वच्छ भारत अभियान 2.0 के अन्तर्गत 4 किग्रा प्लास्टिक कचरे का निस्तारण करना है। एनएसएस प्रभारी डॉ. अजय कुमार मीना व महावीर सिंह ने बताया कि स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय के खेल मेदान व इस आस- पास के परिवेश से 60 किग्रा प्लास्टिक कचरा इकट्ठा कर उसका निस्तारण किया।

### डॉ.शिवजीराम यादव सम्मानित

**टोंक** (नि.सं)। केलिफोर्निया यूनिवर्सिटी (यूएसए) से डॉ शिवजी यादव को पीएचडी की मानद उपाधि मिलने पर अध्यक्ष जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष मंच करौली-सवाई माधोपुर देवकरण गुर्जर सहित कई लागों ने साफा बंधवाकर सम्मान किया। इस मौके पर बाबू सिंह रिटा. व्याख्याता, जसवंत सिंह नरूका कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष प्रगतिशील शिक्षक संघ, धन सिंह प्रधानाध्यापक रा.मा.वि.संडीला एवं जिलाध्यक्ष प्रगतिशील शिक्षक संघ टोंक, एडवोकेट राजकिशोर गुर्जर, रामधन यादव महामंत्री यादव महासभा टोंक, धर्मराज खटीक प्राचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोलाईपुरा, जे.पी. टेलर राणोली मुकेश बैरागी व्याख्याता कोठी नातमाम टोंक आदि मौजूद थे।

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पूनिया का स्वागत



**श्रीमाधोपुर।** लक्ष्मणगढ़ विशाल किसान सम्मेलन के दौरे पर जाते हुए प्रदेश अध्यक्ष डॉ सतीश पूनिया का रींगस बीकानेर स्टैंड पर श्याम चौधरी के नेतृत्व में स्वागत किया गया जहां सैकड़ों कार्यकर्ता हरफूल पूनिया, बद्री प्रसाद नेताजी, चेताराम सैनी, सोहन रूंडला, नाथूराम, एडवोकेट रामजीलाल, भोमाराम पीटीआई सिमाला कोटडी, मालीराम बोहरा लिसाडिया, संतु सिंह मूंडरू, पूरण कुमावत मूंडरू, अर्जुन सैनी मूंडरू, गणपत सैनी मूंडरू, बन्ना लाल यादव मूंडरू , सुरेश यादव अरनिया,भंवर सिंह मूंडरू, नाथूराम यादव,मुकेश मुंड, ओंकार जांगिड़ फुटला, रघुवीर जांगिड़ मूंडरू, जालिम सिंह सिमरला, श्याम चौधरी की पूरी टीम के द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

### चित्र प्रदर्शनी लगाई

**राजगढ़/अलवर।** कस्बे के महाविद्यालय में महिला अध्ययन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में कन्या भ्रूण हत्या पर पोस्टर प्रतियोगिता एवं चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ राव सज्जन सिंह की अध्यक्षता में चित्र प्रदर्शनी एवं पोस्टर प्रतियोगिता के आयोजन में प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ रजनी मीणा ने समाज में व्याप्त सामाजिक बुराई के प्रति चेतना जागृत करने एवं शिक्षा के माध्यम से इसे समाप्त करने का आव्हान किया। सकारात्मक सोच एवं जन चेतना जागृत करने को लेकर कन्या भ्रूण हत्या विषय पर चित्र प्रदर्शनी का आयोजन करवाया जिसमें छात्राओं ने ाग लिया। इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इसमें प्रतिभागियों ने चित्रांकन से अपनी प्रतिभा की अभिव्यक्ति की।स्लोगन के माध्यम से छात्राओं ने रूढ़िवादी कुरीति कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ अपने मनोभावों को व्यक्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में चेल्सी वर्मा प्रथम, पुष्पा कुमारी शर्मा एवं उषा सैनी संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान तथा लवीना वर्मा तृतीय स्थान पर रही।

### सीएलजी की बैठक आयोजित

**चौरु/उनियारा।** उनियारा उपखंड क्षेत्र के सोप थाना परिसर में सी एलजी सदस्यों की बैठक थाना प्रभारी नरेन्द्र सिंह राजावत के सानिध्य में आयोजित की गई। रविवार को आयोजित बैठक में सीएलजी सदस्यों, पुलिस मित्रों ,सुरक्षा सखीयों, गाँव रक्षकों ने भाग लिया। जिसमें आगामी दीपावली के त्योहार की तैयारियों को लेकर सदस्यों से चर्चा की गई। थाना प्रभारी राजावत ने बताया कि दीपावली के त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मानने और किसी भी अप्रिय अनहोनी से बचने को लेकर थाना परिसर पर सीएलजी सदस्यों, ग्राम रक्षकों, पुलिस मित्रों, सुरक्षा सखीयों के साथ बैठक कर उनसे आगामी त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। वहीं उन्होंने बताया कि गांवों में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियां, असामाजिक तत्वों, अवैध रूप से हथियार रखने वाले लोगों की सूचना पुलिस को देने की भी अपील की। ताकि दीपोत्सव त्यौहार पर किसी भी प्रकार की घटना ना हो और त्यौहार शांति पूर्ण रूप से मने।



बुमराह का नहीं होना बड़ा नुकसान है क्योंकि हमें निश्चित तौर पर एक स्ट्राइक गेंदबाज चाहिए। एक ऐसा वास्तविक तेज गेंदबाज जो बल्लेबाजों पर हावी होकर विकेट ले सके। शमी इसे साबित कर चुका है और वह आदर्श विकल्प नजर आता है।''

- सचिन तेंदुलकर

पूर्व भारतीय क्रिकेटर, टी-20 विश्वकप में बुमराह की जगह शमी को शामिल किये जाने पर

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी ▸ एमबापे



पेरिस सेंट जर्मैन फुटबॉल क्लब यानी पीएसजी के फॉरवर्ड कीलियान एमबापे ने उन खबरों का खंडन किया है कि वह जनवरी में ट्रांसफर विंडो के दौरान फ्रेंच लीग क्लब छोडना चाहते थे। फ्रांस और स्पेन में प्रकाशित लेखों की एक सीरीज में कहा गया है कि एमबापे पेरिस में निराश हैं और एक रास्ता तलाश रहे हैं। पीएसजी ने मार्सिले को 1-0 से हराने के बाद पारक डेस प्रिंसेस स्टेडियम में एमबापे ने संवाददाताओं से कहा, ''मैं बहुत खुश हूं, मैंने जनवरी में कभी जाने का विचार नहीं बनाया।'' उन्होंने कहा, ''कुछ लोग सोच सकते हैं कि मैं इसमें शामिल था, लेकिन मैं बिल्कुल नहीं था।''

**क्या आप जानते हैं ?...** प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर का विश्व रिकॉर्ड ब्रायन लारा के नाम है। लारा ने 1994 में वारविकशायर की तरफ से डरबन के खिलाफ 501 रन की नाबाद पारी खेली।

# अभ्यास मैच में चमके शमी, भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराया

ब्रिस्बेन, 17 अक्टूबर । भारत ने केएल राहुल (57) और सूर्यकुमार यादव (50) के अर्द्धशतकों के बाद आखिरी ओवर में मोहम्मद शमी की असाधारण गेंदबाजी की बदौलत आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 के अभ्यास मैच में सोमवार को ऑस्ट्रेलिया को छह रन हराया।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 20 ओवर में 187 रन का लक्ष्य दिया, जिसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया 180 रन पर ऑलआउट हो गयी।

ऑस्ट्रेलिया ने 187 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 18 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 171 रन बना लिये थे और उन्हें जीत के लिये 12 गेंदों पर सिर्फ 16 रनों की दरकार थी। हर्षल पटेल ने 19वें ओवर में पांच रन देकर ऐरन फिंच (79) को आउट किया जबकि विस्फोटक बल्लेबाज टिम डेविड रनआउट हो गये। कप्तान रोहित शर्मा ने आखिरी ओवर में 11 रनों की रक्षा करने की जिम्मेदारी पिछले एक साल से एक भी टी20 अंतरराष्ट्रीय न खेलने वाले मोहम्मद शमी को दी। शमी ने इस ओवर में केवल चार रन देकर तीन विकेट लिये जबकि ऐश्टन ऐगर के रनआउट के साथ ऑस्ट्रेलिया 180 रन पर ऑलआउट हो गयी। इससे पहले, भारत को मज़बूत स्कोर तक पहुंचाने के लिये केएल राहुल ने 33 गेंदों पर छह चौकों और तीन छक्कों की बदौलत 57 रन बनाये जबकि सूर्यकुमार ने 33 गेंदों पर छह चौके और एक छक्का लगाकर 50 रन की पारी खेली।

भारत ने टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए पारी की विस्फोटक शुरुआत की। रोहित एक छोर पर शांत रहे जबकि राहुल ने ताबडतोड बल्लेबाजी करते हुए छठे ओवर में अपना अर्द्धशतक पूरा किया। दोनों के बीच पहले विकेट के लिये 48 गेंदों पर 78 रन की साझेदारी हुई, जिसमें राहुल ने 33 गेंदों पर छह चौकों और तीन छक्कों के साथ 57 रन का योगदान दिया। आठवें ओवर में राहुल का विकेट गिरने के बाद रोहित भी नौवें ओवर में 14 गेंदों पर 15 रन बनाकर पवेलियन लौट गए।

भारत का स्कोर सात ओवरों में 75 रन था लेकिन इसके बाद पारी की रफ्तार धीमी पड़ गयी। विराट कोहली ने सूर्यकुमार यादव के साथ तीसरे विकेट के लिये 42 रन जोड़े, हालांकि कोहली (19), हार्दिक पांड्या (02) और दिनेश कार्तिक (20) ने एक के बाद एक अपना विकेट गंवाया।

इसके बाद सूर्यकुमार ने पारी की रफ्तार बदली और 32 गेंदों पर छह चौकों और एक छक्के के साथ अपना अर्द्धशतक पूरा किया। सूर्यकुमार आखिरी ओवर में अपना अर्द्धशतक पूरा करते ही आउट हो गये जिसके बाद रविचंद्रन अश्विन ने छक्का लगाकर भारत को 20 ओवर में 186/7 के स्कोर तक पहुंचाया। अक्षर पटेल छह रन बनाकर नाबाद रहे।

ऑस्ट्रेलिया के लिये केन रिचर्डसन ने चार ओवर में 30 रन देकर चार विकेट लिये। इसके अलावा मिचेल स्टार्क, ग्लेन मैक्सवेल और ऐश्टन ऐगर को एक-एक विकेट हासिल हुआ।

वॉर्नर की गैर-मौजूदगी में ऑस्ट्रेलियाई पारी की शुरुआत करने उतरे मिचेल मार्श ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए टीम को 4.4 ओवर में ही 50 रन तक पहुंचा दिया। मार्श ने 18 गेंदों पर चार चौके और दो छक्के लगाकर 35 रन बनाये और ऐरन फिंच के साथ पहले विकेट के लिये 64 रन जोडे।

मार्श का विकेट गिरने के बाद फिंच ने पारी को आगे बढाते हुए अपना अर्द्धशतक पूरा किया, जबकि स्टीव स्मिथ (11), ग्लेन मैक्सवेल (23) और मार्कस स्टॉयनिस (07) इस दौरान उनका साथ देने में असफल रहे। ऑस्ट्रेलिया को 12 गेंदों पर 16 रन की आवश्यकता थी। भारतीय गेंदबाजों ने यहां डेथ ओवरों की गेंदबाजी से जुडी आलोचनाओं को शांत किया।

हर्षल ने 19वें ओवर की पहली गेंद पर 54 गेंदों पर सात चौकों और तीन छक्कों के साथ 76 रन बनाने वाले फिंच को आउट किया। दूसरी ही गेंद पर डेविड के रनआउट के साथ मैच रोमांचक हो गया, जबकि इस ओवर में केवल पांच रन आये।

आखिरी ओवर में 11 रनों की रक्षा की जिम्मेदारी शमी के पास थी, जिन्होंने आठ नवंबर 2021 के बाद



कोई टी20 अंतरराष्ट्रीय नहीं खेला था। बुमराह के चोटठास्त होने के बाद टीम में शमी के चयन पर कई सवाल उठ रहे थे, लेकिन शमी ने आखिरी ओवर में केवल चार रन देकर तीन विकेट चटकाये और आलोचकों को शांत कर दिया। शमी ने 20वें ओवर में जॉश इंगलिस, पैट कमिंस और केन रिचर्डसन को आउट किया, जबकि ऐगर रनआउट हुए। ऑस्ट्रेलिया की पारी 20 ओवर में 180 रन पर सिमट गयी और भारत ने यह अभ्यास मैच 180 रन से जीत लिया। भारत के लिये शमी के अलावा भुवनेश्वर ने तीन ओवर में 20 रन देकर दो विकेट लिये। अर्शदीप सिंह, हर्षल और युज़वेंद्र चहल को एक-एक विकेट हासिल हुआ।

## स्कॉटलैंड के आगे विंडीज पस्त

होबार्ट, 17 अक्टूबर। स्कॉटलैंड ने जॉर्ज मंसी (66 नाबाद) के अर्द्धशतक और मार्क वॉट (12/3) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत वेस्ट इंडीज़ को टी20 विश्व कप 2022 के प्रारंभिक दौर में सोमवार को 42 रन से हराकर उलटफेर किया।

स्कॉटलैंड ने ग्रुप-बी मुकाबले में मंसी के 53 गेंदों पर नौ चौकों के साथ बनाये गये 66 रनों की बदौलत वेस्ट इंडीज को 161 रन का लक्ष्य दिया, जिसके जवाब में विंडीज 118 रन पर ऑलआउट हो गयी। जेसन होल्डर ने 33 गेंदों पर चार चौके और एक छक्का लगाकर 38 रन की जुझारू पारी खेली लेकिन उन्हें किसी का साथ नहीं मिला।

स्कॉटलैंड ने टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए पारी की मज़बूत शुरुआत की। मंसी ने माइकल जोन्स (20) के साथ मिलकर पहले विकेट के लिये 55 रन जोड़े। इसके बाद कप्तान रिची बेरिंगटन (16), कैलम मैकलियोड (23) और क्रिस ठीव्स (16) ने मंसी के साथ मिलकर स्कॉटलैंड को 20 ओवर में 160/5 के स्कोर तक पहुंचाया।

वेस्ट इंडीज के लिये जेसन होल्डर ने तीन ओवर में 14 रन देकर दो विकेट लिये, जबकि अल्ज़ारी जोसेफ़ ने चार ओवर में 28 रन देकर दो विकेट चटकाये। चार ओवर में 31 रन देने वाले ओडियन स्मिथ ने एक विकेट अपने नाम किया। वेस्ट इंडीज़ 161 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए लगातार विकेट गंवाने के कारण मैच से बाहर होती गयी। काइल मेयर्स (20),एविन लेवाइस (14) और ब्रैंडन किंग (17) ने अच्छी शुरुआत के बाद निराशाजनक रूप से अपना विकेट गंवाया, जबकि कप्तान निकोलस पूरन चार रन बनाकर आउट हुए। रोवमैन पॉवेल के रूप में वेस्ट इंडीज का पांचवां विकेट गिरने के बाद क्रीज पर आये होल्डर ने टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचाने का प्रयास किया लेकिन शमारह ब्रूक्स, अकील हुसैन, अल्ज़ारी जोसेफ़ और ओडियन स्मिथ उनका साथ नहीं दे सके। पारी के 19वें ओवर में होल्डर का विकेट गिरते ही वेस्ट इंडीज की पारी समाप्त हो गयी और स्कॉटलैंड ने मैच 42 रन से जीत लिया।

## शमी को चुनौती देना चाहते थे : रोहित

ब्रिस्बेन, 17 अक्टूबर। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अभ्यास मैच का आखिरी ओवर मोहम्मद शमी को सौंपने के बारे में कहा कि वह लंबे समय बाद मैदान में लौट रहे शमी को ''एक चुनौती'' देना चाहते थे।

पिछले साल संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित टी20 विश्व कप के बाद एक भी टी20 अंतरराष्ट्रीय न खेलने वाले शमी पूरे मैच के दौरान मैदान से गायब रहे। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की पारी के शुरुआती 19 ओवरों में एक भी गेंद नहीं फेंकी, लेकिन रोहित ने 20वें ओवर में 11 रनों की रक्षा की जिम्मेदारी उनको दी। शमी ने सभी को हैरान करते हुए इस ओवर में केवल चार रन देकर तीन विकेट अपने नाम किये।

रोहित ने सोमवार को मैच के बाद कहा, ''वह लंबे समय बाद वापसी कर रहे हैं, इसलिये हम उन्हें एक ओवर देना चाहते थे। यह शुरू से हमारी योजना थी कि वह डेथ ओवरों में आकर गेंदबाजी करें। हम जानते हैं कि वह नई गेंद के साथ कितने घातक हो सकते हैं, तो हम उन्हें डेथ ओवर में गेंदबाजी करने की चुनौती देना चाहते थे, और हमने देखा कि वह कैसा था।''

शमी के तीन विकेटों के अलावा 20वें ओवर में एश्टन एगर रनआउट हुए और ऑस्ट्रेलिया लक्ष्य से छह रन पीछे रह गई। कप्तान ऐरन फिंच ने ऑस्ट्रेलियाई पारी की अगुवाई करते हुए 54 गेंदों पर 76 रन बनाये जबकि सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श ने 18 गेंदों पर 35 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया 18 ओवर में 171 रन बनाकर लक्ष्य के बेहद करीब थी, लेकिन 19वें ओवर में फिंच और टिम डेविड का विकेट गिरने से मैच रोमांचक हो गया। इसके बाद शमी ने 20वें ओवर में बची कुची कसर पूरी कर दी।

रोहित ने कहा, ''निश्चित रूप से सुधार की गुंजाइश है। मुझे यकीन है कि हम इस पर काम कर रहे हैं लेकिन मैं गेंद के टप्पे में और अधिक नियमितता देखना चाहता हूं। जब आप ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों में खेल रहे हैं तो आपको अपनी रणनीति और टप्पे को बदलने की जरूरत होगी।''

## स्वियातेक ने साल का आठवां खिताब जीता

सैन डिएगो (कैलिफोर्निया), 17 अक्टूबर। पोलैंड की टॉप सीड इगा स्वियातेक ने सैन डिएगो ओपन फाइनल में डॉना वैनिक को हराकर साल का आठवां खिताब जीत लिया है। स्वियातेक ने यहां रविवार को खेले गये एकतरफा मुकाबले में वैनिक को 6-3, 3-6, 6-0 से मात दी। शीर्ष रैंकिंग वाली स्वियातेक ने अपने करियर का 11वां डब्ल्यूटीए एकल खिताब जीतने के लिये एक घंटे 47 मिनट का समय लिया।

स्वियातेक ने पहला सेट आसानी से अपने नाम किया लेकिन दूसरे सेट में वैनिक के आक्रामक खेल ने उन्हें कई अप्रत्याशित गलतियां करने के लिये मजबूर किया। स्वियातेक ने आखिरी सेट में वापसी की और लंबी रैलियां जीतते हुए सेट और मैच अपने नाम किया। यह इस साल स्वियातेक की 64वीं जीत है। साल 2013 में सेरेना विलियम्स की 78 विजयों के बाद स्वियातेक ने एक सीज़न में (डब्ल्यूटीए टूर इवेंट्स और बिली जीन किंग कप प्ले सहित) सबसे अधिक मैच जीते हैं।

## गांगुली को आईसीसी चेयरमैन पद पर चुनाव लड़ने की अनुमति दें मोदी : ममता

कोलकाता 17 अक्टूबर। पूर्व भारतीय कप्तान सौरभ गांगुली को 'राष्ट्र का गौरव' की संज्ञा से नवाजते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह करेंगी कि वह भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्वतमान अध्यक्ष को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के चेयरमैन पद के लिये चुनाव लडने की अनुमति प्रदान करें।

उत्तरी बंगाल की यात्रा पर रवाना होने से पहले नेताजी सुभाष चंद्र बोस हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बातचीत में बनर्जी ने कहा सौरभ गांगुली बंगाल के ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिये गौरव हैं। उच्चतम न्यायालय ने सौरभ गांगुली और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पुत्र जय शाह को तीन साल का सेवा विस्तार दिया था। जय शाह तो अभी भी बीसीसीआई सचिव के पद पर कार्य कर रहे हैं लेकिन गांगुली को अध्यक्ष पद से हटा दिया गया। इसका कारण फिलहाल साफ नहीं हो सका है।

गौरतलब है कि मंगलवार को बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक में गांगुली के स्थान पर 1983 विश्वकप विजेता टीम के सदस्य रहे रोजर बिन्नी को बीसीसीआई का नया अध्यक्ष चुना जाना तय है। बनर्जी ने कहा मुझे जय शाह के बीसीसीआई सचिव पद पर बने रहने पर कोई आपत्ति नहीं है। वह भाजपा से सदस्य नहीं हैं। वह काम अच्छा करेंगे तो मै उनका निश्चय ही समर्थन करूंगी लेकिन काम नहीं करेंगे तो सवाल उठना लाजिमी है। गांगुली को अध्यक्ष पद से हटा कर उनके साथ अन्याय किया गया है। मैं और पूरे देश के क्रिकेट प्रशंसक जानना चाहते हैं कि उनके साथ ऐसा किसके कहने पर किया गया।

उन्होंने कहा कि बीसीसीआई के अध्यक्ष पद से हटाये जाने के एवज में गांगुली का नाम आईसीसी चेयरमैन के पद के चुनाव के लिये दिया जाना चाहिए। इससे पहले भी जगमोहन डालमिया और शरद पवार ने बीसीसीआई में अपना कार्यकाल पूरा होने के बाद आईसीसी का नेतृत्व किया है। उन्होंने कहा, मेरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से विनम्र अनुरोध है कि सौरव गांगुली को आईसीसी पद के लिए चुनाव लड़ने की अनुमति दें। वह राष्ट्र के अनमोल रत्न है, उन्हे बीसीसीआई अध्यक्ष पद से हटाना अनुचित है। देश में खेलों के भविष्य के आलोक में इस मामले पर मोदी विचार करें। सौरव बंगाल के दादा हैं, वह बंगाल के भाई हैं और किसी राजनीतिक दल से संबद्ध नहीं हैं। केंद्र से मेरा अनुरोध है कि इस मामले को राजनीतिक या प्रतिशोधी नहीं माना जाना चाहिये। उन्होंने कहा सौरव गांगुली न केवल भारत में बल्कि पूरी दुनिया में क्रिकेट की एक बेहद लोकप्रिय और सम्मानित हस्ती हैं। क्रिकेट खेलने वाला हर देश उनके बारे में जानता है।

## एशियाई कप 2023 की मेज़बानी क़तर के हवाले

कुआला लंपुर, 17 अक्टूबर। एएफसी एशियाई कप 2023 की मेज़बानी क़तर फुटबॉल एसोसियेशन (क्यूएफए) करेगा। एशियाई फुटबॉल संघ (एएफसी) ने सोमवार को यह घोषणा की।

एएफसी अध्यक्ष शेख सलमान बिन अब्राहिम अल खलीफा ने एएफसी कार्यकारी समिति की 11वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए क्यूएफए को उनकी सफल बोली पर बधाई दी। उन्होंने एशियाई फुटबॉल परिवार की ओर से इंडोनेशियााई फुटबॉल एसोसिएशन (पीएसएसआई) और कोरिया फुटबॉल एसोसिएशन (केएफए) की सराहना की। उनके प्रस्तावों के लिए।

शेख सलमान ने कहा, तैयारी में कम समय होने के कारण कड़ी मेहनत तुरंत शुरू हो जाती है। हमें विश्वास है कि क़तर अपने विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे और बेजोड़ मेज़बानी क्षमताओं के साथ एशिया के मुकुट रत्न की प्रतिष्ठा और कद के अनुरूप एक योग्य प्रदर्शन आयोजन करेगा।''

## रजा के दम पर ज़िम्बाब्वे की विजयी शुरुआत

होबार्ट, 17 अक्टूबर। ज़िम्बाब्वे ने सिकंदर रज़ा (82 रन, एक विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन और ब्लेसिंग मुज़रबजानी (23/3) की धारदार गेंदबाजी की बदौलत आयरलैंड को टी20 विश्व कप 2022 के पहले दौर में सोमवार को 31 रन से मात दी।

ज़िम्बाब्वे ने ग्रुप-बी एक अपने पहले मुकाबले में आयरलैंड को 175 रन का लक्ष्य दिया। इसके जवाब में आयरलैंड 143 रन ही बना सकी।

आयरलैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज रेजिस चकबवा को पारी की पहली ही गेंद पर आउट कर दिया। क्रेग इरविन और वेस्ले माधेवेरे ने दूसरे विकेट के लिये 37 रन जोड़े, लेकिन दोनों ही 37 रन के कुल स्कोर पर आउट हो गये।

पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे रज़ा ने इसके बाद ज़िम्बाब्वे की पारी की अगुवाई की और 48 गेंदों पर पांच चौकों और पांच छक्कों के साथ 82 रन बनाये। इसके अलावा शॉन विलियम्स ने 12(11) रन, मिल्टन शुम्बा ने 16(14) रन जबकि ल्यूक जॉन्वे ने 20(10) रन का योगदान दिया। आयरलैंड की ओर से जोशुआ लिटिल ने चार ओवर में 24 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि मार्क एडेयर (चार ओवर, 39 रन) और सिमी सिंह (तीन ओवर, 31 रन) को दो-दो विकेट हासिल हुए।

आयरलैंड ने 175 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 22 रन पर चार विकेट गंवा दिये। कर्टिस कैम्फर और जॉर्ज डॉकरेल ने पांचवें विकेट के लिये 42 रन जोड़े लेकिन ज़िम्बाब्वे के स्पिनरों ने इन्हें आउट करके आयरलैंड की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। डॉकरेल 20 गेंदों पर तीन चौकों के साथ 24 रन बनाकर रज़ा का शिकार हुए जबकि कैम्फर को 22(20) के स्कोर पर विलियम्स ने आउट किया। गैरेथ डेलानी (24) और बैरी मैकार्थी (22 नाबाद) ने कुछ अच्छे शॉट खेले लेकिन वे सिर्फ आयरलैंड की हार का अंतर कम कर सके।

## वेस्टइंडीज के कोच ने बल्लेबाजों को नींद से जागने को कहा

होबार्ट, 17 अक्टूबर। स्कॉटलैंड के खिलाफ हार से निराश वेस्टइंडीज के कोच फिल सिमंस ने सोमवार को अपने खिलाडियों को नींद से जागने और टी20 विश्व कप में जिंबाब्वे के खिलाफ करो या मरो के मुकाबले के लिए तैयार होने को कहा।

वेस्टइंडीज के सिर्फ चार बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंच पाए और निकोलस पूरन की अगुआई वाली टीम स्कॉटलैंड के 161 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 18.3 ओवर में 118 रन पर ढेर हो गई।

सिमंस ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''निश्चित तौर पर हमारी बल्लेबाजी थोडी गैर पेशेवर थी। हमें नींद से जागना होगा और बल्लेबाजी करते हुए जितना संभव हो उतना पेशेवर बनना शुरू करना होगा।''

उन्होंने कहा, ''गेंदबाज कडी मेहनत कर रहे हैं और हमें अच्छी स्थिति में ला रहे हैं लेकिन बल्लेबाज लगातार निराश जर रहे है।''

सिमंस ने कहा, ''काफी बल्लेबाज आसानी से विकेट गंवा रहे हैं। मुझे लगता है कि बल्लेबाज के रूप में आपको अपने विकेट पर अधिक ध्यान देना होगा। हर बार जब भी हम खेलते हैं तो हम रन रेट बरकरार रखते हैं।'' नियमित अंतराल पर विकेट गंवाना इस हार का एक प्रमुख कारण रहा।

कोच ने कहा, ''इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि हम किसके खिलाफ खेल रहे हैं लेकिन हम विकेट गंवा रहे हैं और आसानी से गंवा रहे हैं। मुझे लगता है कि मैं पिछले कुछ महीनों से इसे ठीक करने की कोशिश कर रहा हूं लेकिन ऐसा नहीं लगता कि हम ऐसा कर पाए हैं।''

अपने गेंदबाजों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए सिमंस ने कहा, ''गेंदबाज बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। मुझे लगता है कि अगर हम आंकडों को देखें तो पिछले साल हमने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है।'' दो बार के टी20 विश्व चैंपियन वेस्टइंडीज का सामना अब बुधवार को यहां करो या मरो के मुकाबले में जिंबाब्वे से होगा।

सिमंस ने कहा, ''हमें पहले जिंबाब्वे को हराना होगा। आगे बढ़ते हुए यह हमारे लिए पहला कदम होगा। जब हम बुधवार को यहां वापस आएंगे तो हम उन सभी चीजों पर बहुत अलग सोच रहे होंगे जिनके बारे में आपने बात की थी।'' सोमवार को दूसरे ग्रुप बी मैच में जिंबाब्वे ने आयरलैंड को 31 रन से हरा दिया। सिमंस को हालांकि भरोसा है कि उनकी टीम सुपर 12 में जगह बनाएगी। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीम अगले चरण में जगह बनाएंगी।

## हार के साथ समाप्त हुआ अंडर-17 महिला विश्व कप में भारत का सफर

भुवनेश्वर, 17 अक्टूबर। भारत को फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप 2022 के अपने आखिरी मैच में सोमवार को ब्राज़ील के हाथों 5-0 की हार का सामना करना पड़ा। कलिंगा स्टेडियम पर खेले गये मैच में विजेता टीम के गोल गैब्रियेला बर्कान (11वां मिनट), एलिने गोम्स (40वां, 51वां मिनट) और लारा डांटस (86वां, 90 2 मिनट) ने किये। भारत की ओर से कोई खिलाड़ी बॉल को नेट तक नहीं पहुंचा सका। भारत को ग्रुप स्टेज के अपने पहले दो मुकाबलों में अमेरिका (8-0) और मोरक्को (3-0) के हाथों हार मिली थी।

## शमी ने अफरीदी के साथ गुर साझा किए, गावस्कर ने दी बाबर को सलाह

ब्रिस्बेन, 17 अक्टूबर (भाषा) भारत और पाकिस्तान के बीच टी20 विश्व कप के बहुप्रतीक्षित मुकाबले से पहले सोमवार को यहां मोहम्मद शमी और शाहीन शाह अफरीदी जैसे खिलाड़ियों को आपस में गुर साझा करते हुए देखा गया जो कि दोनों देशों के क्रिकेट प्रेमियों को एक सकारात्मक संदेश भी देता है।

शमी और अफरीदी ने जहां गेंदबाजी को लेकर एक दूसरे से बातें की वहीं अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम को बल्लेबाजी के गुर सिखाए।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने ट्विटर पर एक वीडियो जारी किया है जिसमें शाहीन को सीम के साथ गेंदबाजी करने की शमी की काबिलियत की तारीफ करते हुए दिखाया गया है।

शाहीन ने कहा,'' जब से मैंने गेंदबाजी शुरू की है तब से आप का अनुसरण कर रहा हूं। आप की कलाई की पोजीशन और सीम का जवाब नहीं।'' इसके जवाब में शमी ने कहा,'' अगर रिलीज पॉइंट (हाथ से गेंद छोड़ने का समय) अच्छा हो जाएगा तो सीम भी ठीक हो जाएगी।'' शमी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अभ्यास मैच में 20वें ओवर में गेंद संभाली और तीन विकेट लेकर भारत को छह रन से जीत दिलाई। पाकिस्तान एक अन्य अभ्यास मैच में इंग्लैंड से छह विकेट से हार गया था। शमी भारत की मूल टीम में शामिल नहीं थे लेकिन जसप्रीत बुमराह के चोटिल होने के कारण उन्हें बाद में टीम में लिया गया। शमी और अफरीदी दोनों ने नेट पर एक साथ अभ्यास किया। भारत टी20 विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत 23 अक्टूबर को मेलबर्न में पाकिस्तान के खिलाफ करेगा। सुपर-12 के इस ग्रुप की दो अन्य टीमें दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश हैं। एक अन्य वीडियो में गावस्कर को पाकिस्तान की रन मशीन और कप्तान बाबर आजम को गुर सिखाते हुए दिखाया गया है। बाबर एक निजी पार्टी के दौरान भारतीय दिग्गज से मिले थे, जिसमें गावस्कर ने इस पाकिस्तानी खिलाड़ी को अपने हस्ताक्षर वाली एक कैप भेंट की थी।

## एशियाई कप 2027 की मेज़बानी के लिये भारत, सऊदी अरब आमने-सामने

कुआला लंपुर, 17 अक्टूबर। भारत और सऊदी अरब एएफसी एशियाई कप 2027 की मेज़बानी के अधिकारों के लिये एक दूसरे के लिये मुकाबला करेंगे। एशियाई फुटबॉल संघ (एएफसी) ने सोमवार को यह घोषणा की। यदि भारत यह नीलामी जीत जाता है तो वह पहली बार एशियाई कप की मेजबानी करेगा। सऊदी अरब ने यह खिताब तीन बार जीता है, हालांकि उसे एक बार भी मेजबानी का अवसर नहीं मिला है। भारत और सऊदी अरब के अलावा ईरान, उज्बेकिस्तान और क़तर भी इस दौड में शामिल थे। ईरान ने कुछ दिनों पहले अपनी बोली वापस ली जबकि उज्बेकिस्तान ने दिसंबर 2020 में ही अपना नाम वापस ले लिया था। कतर ने सोमवार को 2023 के आयोजन की मेज़बानी मिलने के बाद 2027 संस्करण के लिये बोली वापस ले ली। एएफसी ने एक बयान में कहा, एएफसी कार्यकारी समिति ने एएफसी एशियाई कप 2027 के लिए बोली प्रस्तावों पर विचार किया और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) और सऊदी अरब फुटबॉल महासंघ (एसएएफएफ) को अंतिम दो बोलीदाताओं के रूप में चुना। अगले मेजबान के बारे में एएफसी फरवरी में होने वाली बैठक में फैसला करेगी। भारत 2023 एएफसी एशियाई कप की मेज़बानी की दौड में शामिल था, लेकिन अक्टूबर 2018 में जल्दी ही बाहर हो गया। साल 2017 में पुरुषों के अंडर-17 विश्व कप का सफलतापूर्वक आयोजन करने के बाद भारत इस साल अंडर-17 महिला विश्व कप की मेजबानी कर रहा है। बयान में कहा गया है, यह निर्णय क्यूएफए के बोली प्रस्ताव को बंद कर देता है, जिन्होंने बोली नियमों के अनुसार 2023 की सफल बोली के बाद 2027 से अपना नाम वापस ले लिया है।

## अभ्यास मैच में प्रोटियाज के आगे कीवी धराशाई

ब्रिस्बेन, 17 अक्टूबर। दक्षिण अफ्रीका ने गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन और राइली रूसो (54 नाबाद) के अर्द्धशतक से न्यूजीलैंड को टी20 विश्व कप 2022 के एकतरफा अभ्यास मैच में सोमवार को नौ विकेट से मात दी।

न्यूजीलैंड पहले बल्लेबाजी करते हुए 17.1 ओवर में 98 रन पर ऑलआउट हो गयी। दक्षिण अफ्रीका ने 99 रन का लक्ष्य 11.2 ओवर में हासिल कर लिया।

प्रोटियाज के कप्तान डेविड मिलर ने टॉस जीतकर फील्डिंग चुनी और गेंदबाजों ने उन्हें निराश नहीं किया। केशव महाराज ने तीन ओवर में 17 रन देकर तीन विकेट लिये। वेन पार्नेल और तबरेज़ शम्सी ने दो-दो विकेट लिये जबकि एडेन मार्करम और कागिसो रबाडा ने एक-एक विकेट निकालकर कीवी टीम को 98 रन पर समेट दिया। दक्षिण अफ्रीका ने लक्ष्य तक पहुंचने के लिये रीज़ा हेंड्रिक्स (27) का विकेट गंवाया। राइली रूसो ने 32 गेंदों पर नौ चौकों और एक छक्के के साथ 54 रन बनाये और 12वें ओवर की दूसरी गेंद पर चौका लगाकर टीम को जीत दिलाई।

## इंग्लैंड का मध्यक्रम पाक पर भारी

ब्रिस्बेन, 17 अक्टूबर। इंग्लैंड ने मध्यक्रम की ताबडतोड बल्लेबाजी की बदौलत पाकिस्तान को टी20 विश्व कप 2022 के वर्षाबाधित अभ्यास मैच में सोमवार को छह विकेट से मात दी।

पाकिस्तान ने इंग्लैंड को 19 ओवर में 161 रन का लक्ष्य दिया, जिसे इंग्लैंड ने 26 गेंद शेष रहते हुए हासिल कर लिया। सलामी बल्लेबाज़ फ़िल सॉल्ट और एलेक्स हेल्स के क्रमशः एक और नौ रन पर आउट होने के बाद बेन स्टोक्स और लायम लिविंग्सटन ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। स्टोक्स ने 18 गेंदों पर दो चौकों और तीन छक्कों की बदौलत 36 रन बनाये जबकि लिविंग्सटन ने 16 गेंदों पर एक चौका और दो छक्के लगाकर 28 रन की पारी खेली। इन दोनों बल्लेबाजों के बाद हैरी ब्रूक और सैम करन ने विस्फोटक पारियां खेलकर इंग्लैंड को लक्ष्य तक पहुंचाया। ब्रूक ने 24 गेंदों पर दो चौकों और चार चक्कों की बदौलत नाबाद 45 रन बनाये, जबकि सैम करन ने 14 गेंदों पर दो चौकों और तीन छक्कों की बदौलत 33 रन की पारी खेली।

लिविंग्सटन के आउट होने के समय इंग्लैंड का स्कोर 10.3 ओवर में 104 रन था, लेकिन ब्रूक-करन ने 26 गेंदों पर 59 रन की विस्फोटक साझेदारी करके 14.4 ओवर में ही टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। इससे पहले पाकिस्तान ने टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए 19 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 160 रन बनाये। शान मसूद ने 22 गेंदों पर सात चौकों सहित 39 रन बनाकर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई लेकिन मध्यक्रम इसका फायदा नहीं उठा सका। इफ्तिखार अहमद ने 22(18), शादाब खान ने 14(14) जबकि आसिफ अली ने 14(12) रन का योगदान दिया। अंत में मोहम्मद वसीम जूनियर ने 16 गेंदों पर तीन चौके और एक छक्का लगाकर 26 रन बनाये और पाकिस्तान को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

## पहली राष्ट्रीय लीग में दिखेंगी बर्मिंघम 2022 मेडलिस्ट तुलिका मान

नयी दिल्ली, 17 अक्टूबर। राष्ट्रमंडल खेल 2022 की रजत पदक विजेता तुलिका मान और विश्व कैडेट जूडो चैंपियनशिप की गोल्ड मेडलिस्ट लिंथोई चानमबम 20 अक्टूबर से होने वाली पहली खेलो इंडिया महिला जूडो राष्ट्रीय लीग में हिस्सा लेंगी। राष्ट्रीय खेल प्राधीकरण (साई) ने सोमवार को इसकी जानकारी देते हुए कहा कि प्रतियोगिता में कुल 496 जुडोका अपनी दावेदारी पेश करेंगी। राष्ट्रीय लीग के लिए प्रतियोगियों का चयन उनकी रैंकिंग और उनके संबंधित क्षेत्रों (उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम) से प्रदर्शन के आधार पर किया गया है।



*माइक्रो प्लास्टिक हालांकि इंसान का अपेक्षाकृत नूतन अविष्कार है, लेकिन, पृथ्वी के हरेक इकोसिस्टम में इसने घुसपैठ कर ली है। वैज्ञानिकों को मिट्टी, नदी, भोजन, बोतल बंद पानी और मानव शरीर में माइक्रो प्लास्टिक के अंश मिल चुके हैं। अब स्लोवाकिया की युनिवर्सिटी ऑफ प्रेशोव के वैज्ञानिकों की एक टीम ने पहली बार ''प्लांट लीफ एक्सिल्स'' (पौधे के तने का वो भाग जहाँ से पत्ता विकसित होता है) में भी माइक्रो प्लास्टिक पाया है। शोधकर्ताओं को ईस्टर्न स्लोवाकिया के छोटे-छोटे तालाबों में रहने वाले सूक्ष्म जीवों का अध्ययन करते समय गोखरु की पत्तियों के एक्सिल, जहां पत्ती शाख से जुड़ी होती है, में माइक्रो प्लास्टिक मिला। गोखरु (टीज़ल) की पत्तियां इस तरह से उगती हैं कि एक प्याला सा बन जाता है जिसे टैलमाटा कहते हैं, इसमें पानी एकत्रित होता है। वैज्ञानिकों को हैरानी हुई, जब उन्हें टैलमाटा में अलग-अलग रंग के सूक्ष्म टुकड़े व रेशे मिले, जिनकी पहचान बाद में माइक्रो प्लास्टिक के रुप में की गई। शोधकर्ताओं ने लिखा कि, ''टीज़ल फायटोटैलमाटा'' काफी आम किन्तु उपेक्षित ''एक्वैटिक माइक्रोकॉज़्म'' हैं जो तीन या चार माह के लिए ही नज़र आते हैं। ये बहुत छोटे होते हैं और इनका जीवनकाल बहुत छोटा होता है। सवाल यह है कि इतनी कम अवधि में भी उनमें माइक्रो प्लास्टिक प्रदूषण कैसे हुआ? चूंकि, आसपास के पर्यावरण में प्रदूषण का कोई स्रोत नहीं मिला। इसलिए सर्वाधिक संभावना यही लगती है कि, प्रदूषित वातावरण से माइक्रो प्लास्टिक आया होगा। हालांकि शोधकर्ताओं का कहना है कि, दूसरा स्पष्टीकरण यह हो सकता है कि, स्नेल्स (घोंघे) अपने शरीर के अंदर या ऊपर जमीन से या अन्य पौधों से माइक्रोप्लास्टिक लाए होंगे। वैज्ञानिकों ने कहा, ''छोटे-छोटे अस्थायी तथा पौधों द्वारा सृजित जलाशयों में माइक्रोप्लास्टिक मिलना इस बात का सबूत है कि, इस तरह का प्रदूषण विभिन्न तरीकों से फैलता है और पृथ्वी का कोई भी पर्यावरण इनसे सुरक्षित नहीं है। दूसरी ओर टीज़ल फायटोटैलमाटा पर रिसर्च के हमारे नतीजे बेहद असाधारण हैं तथा इसमें आगे रिसर्च की गई संभावनाएं हैं।''*

# 137 साल पुरानी कांग्रेस में मात्र 6 बार ही हुआ अध्यक्ष का चुनाव

## इस बार पार्टी के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे का अध्यक्ष बनना तय माना जा रहा है। खड़गे का मुकाबला केरल के सांसद शशि थरूर से है

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 17 अक्टूबर। सोमवार को होने वाला कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव पार्टी के 137 साल के इतिहास में इस पद के लिये होने वाला छठाँ चुनाव है। चुनाव में खड़े होने के लिये, राज्यसभा के विपक्ष के नेता पद से इस्तीफा देकर 80-वर्षीय मल्लिकार्जुन खड़गे, केरल सांसद शशि थरूर को तगड़ी शिकस्त देने की तैयारी में दिखाई दे रहे हैं। अगर अतीत में दो बाद हुये उलटफेर जैसी किसी चीज़ की कोई संभावना दिखाई नहीं दे रही।

- **कांग्रेस का पहला चुनाव 1939 में हुआ था, जब महात्मा गांधी समर्थित प्रत्याशी पट्टाभि सीतारमैया को सुभाष चन्द्र बोस ने हराया था।**
- **आजादी के बाद 1950 में हुए चुनाव में नेहरू समर्थित आचार्य कृपलानी पुरूषोत्तम दास टंडन से हार गए थे।**

बहुत पहले, 1939 में हुये पहले चुनाव में, महात्मा गांधी-प्रेरित-पोषित उम्मीदवार पी. सीतारमैया, नेताजी सुभाष चन्द बोस से हार गये थे। आज़ादी के बाद 1950 में हुये चुनाव में, प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू द्वारा प्रेरित-पोषित आचार्य कृपलानी, पुरुषोत्तम दास टंडन से हार गये थे। टंडन को सरदार वल्लभ भाई पटेल का समर्थन प्राप्त था।

1977 में, देवकांत बरुआ, जिन्होंने पार्टी अध्यक्ष के रूप में ''इंदिरा भारत है और भारत इंदिरा है'' का नारा दिया था, के इस्तीफे के बाद, के. ब्रह्मानन्द रेड्डी ने डॉ. करण सिंह तथा सिद्धार्थ शंकर रॉय को हरा दिया था।

इसके बाद अगले चुनाव की जरूरत 20 वर्ष बाद 1997 में पड़ी, जब ए.आई.सी.सी. कोषाध्यक्ष सीताराम केसरी ने त्रिकोणीय संघर्ष में शरद पवार एवं राजेश पायलट को हरा दिया था। महाराष्ट्र तथा उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों के अलावा, कांग्रेस की सभी राज्य इकाइयों ने केसरी का समर्थन किया था, जिसके फलस्वरूप उन्हें पार्टी प्रतिनिधियों के 6224 वोट मिले थे, जबकि पवार मात्र 882 वोटों तक सीमित रह गये थे और पायलट को उनसे भी बहुत कम, मात्र 354 वोट ही मिले थे। एक अन्य चुनाव 2000 में हुआ था। यह पहला और एकमात्र अवसर था, जब गांधी-परिवार के किसी व्यक्ति को चुनाव में चुनौती दी गई थी, लेकिन वह चुनौती सफल नहीं हो पाई थी क्योंकि जितेन्द्र प्रसाद, जो ए.आई.सी.सी. के उपाध्यक्ष थे, की सोनिया गांधी के हाथों करारी हार हुई थी। सोनिया गांधी ने 7400 से ज्यादा वोट अर्जित किये थे, जबकि प्रसाद को मात्र 94 वोट मिले बताये जाते हैं।

लेकिन शशि थरूर ने हिम्मत नहीं हारी है, जबकि सारी स्थितियाँ-परिस्थितियाँ उनके प्रतिकूल हैं। उन्होंने रविवार को चुनाव अधिकारी को ज्ञापन देते हुये, उनके द्वारा प्रतिनिधियों से कहे जाने के प्रति विरोध जताया कि प्रतिनिधि जिस उम्मीदवार को वोट देना चाहते हैं, उसके नाम के आगे "1" अंकित कर दें। उनके विरोध व्यक्त किये जाने का मूल कारण यह था कि यह निर्देश खड़गे की जीत की संभावनाओं को बढ़ाने का अप्रत्यक्ष तरीका है, क्योंकि खड़गे का नाम मतपत्र पर पहले नम्बर पर है। गुजरात के पूर्व सांसद मधुसूदन मिस्त्री ने चुनाव अधिकारी पर लगे इस आरोप को दूर करने के लिये तुरन्त कदम उठाया तथा निर्णय लिया कि प्रतिनिधि जिसे वोट देना चाहते हैं, उसके नाम पर टिक लगा दें।

खड़गे, जिन्हें गांधी-परिवार और पार्टी के इंकार के बावजूद, पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार के रूप में देखा जा रहा है, ने कहा कि पार्टी को चलाने के लिये सामूहिक नेतृत्व की जरूरत है। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार से सलाह लेने में कोई गलत बात नहीं है क्योंकि इस परिवार ने संघर्ष किया, कुर्बानियाँ दी हैं तथा पार्टी को खड़ा किया है। थरूर ने कहा है कि पार्टी को मजबूत करने के लिये राज्य कांग्रेस अध्यक्षों को अधिकार दिये जाने चाहिये। उन्होंने कहा कि ये लोग इंदिरा गांधी के समय से नज़र अंदाज होते आ रहे हैं।

# 'सचिन पायलट की उम्र में गहलोत मुख्यमंत्री बन गए थे'

## गुढ़ा ने इस संदर्भ में यह भी कहा कि, उस समय परसराम मदेरणा, नवल किशोर शर्मा सहित 20 से 30 नेताओं को साइडलाइन करके एक लाइन के प्रस्ताव से सी.एम. बनाया गया था गहलोत को

जयपुर, 17 अक्टूबर (का.प्र.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से युवा नेताओं की रगड़ाई की बातों को लेकर जहां तंज कसे गए, वही मंत्री राजेंद्र गुढ़ा ने इन बातों का जवाब दिया। इसी के साथ गुढ़ा ने यह भी कहा कि ''बहुत जल्द सचिन पायलट का टाइम आने वाला है।''

गहलोत की ओर से बार-बार उम्र को लेकर बातें कहे जाने के बाद गुढ़ा ने कहा कि सचिन पायलट की उम्र में गहलोत मुख्यमंत्री बन गए थे। उनके जमाने में परसराम मदेरणा, नवलकिशोर शर्मा सहित 20 से 30 नेताओं को साइडलाइन करके एक लाइन के प्रस्ताव से गहलोत को सीएम बनाया गया था। गहलोत पहली बार सीएम बने तो काम भी अच्छा किया, क्योंकि नौजवान थे,तो काम अच्छा किया।

- **उन्होंने कहा, अनुभव को साइडलाइन नहीं कर सकते, लेकिन यूथ को भी साइडलाइन नहीं कर सकते। आदि शंकराचार्य ने 33 साल की उम्र में नाम किया, विवेकानन्द 36 साल में दुनिया से चले गए, सिकंदर ने 27 की उम्र में दुनिया जीत ली थी।**

गुढ़ा ने कहा कि ''अनुभव को साइडलाइन नहीं कर सकते हैं, लेकिन यूथ को भी साइडलाइन नहीं कर सकते।

आदि शंकराचार्य 33 साल की उम्र में नाम करके चले गए थे। विवेकानंद 36 साल में दुनिया से चले गए थे, सिकंदर 27 साल की उम्र में दुनिया जीतकर चला गया था। नौजवानों ने रिज़ल्ट दिए हैं।''

गुढ़ा ने कहा कि ''पायलट का समय जल्दी आएगा। पायलट सीएम बनेंगे।

अध्यक्ष के चुनाव के बाद पायलट का समय आएगा। जो नेता पहले कह रहे थे कि आलाकमान को नहीं मानेंगे, आज वे माफी मांग रहे हैं। हमारे सचेतक को ले लीजिए, धारीवाल को ले लीजिए और धर्मेंद्र राठौड़ को ले लीजिए अब माफी मांग रहे हैं। मैं अपने स्टेंड पर कायम हूं।''

मुख्यमंत्री द्वारा बार-बार रगड़ाई की बातें कहे जाने को लेकर मंत्री प्रताप सिह खाचरियावास ने कहा कि ''मुख्यमंत्री कुछ कह रहे हैं तो उसका मतलब होगा, लेकिन मैं तो खुद खूब रगड़ाई कर चुका हूं, इसलिए मुझे चिंता नहीं है।''

### स्मार्त ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बैंच ने कहा कि ''कई लोग अद्वैत दर्शन का अनुसरण करते हैं। इस मामले में यदि अल्पसंख्यक का दर्जा दे दिया गया तो हमारा देश अल्पसंख्यकों का देश हो जाएगा।''

हाई कोर्ट ने 7 जून 2022 को कहा था कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 26 (धार्मिक स्वतंत्रता) के अंतर्गत स्मार्त ब्राह्मण लाभांवित होने के अधिकारी नहीं है।

''स्पष्ट है कि स्मार्त ब्राह्मण या अन्य किसी नाम से कोई सामान्य संगठन नहीं है। यह एक जाति या समुदाय है जिसके साथ ऐसी कोई विशेष खासियत नहीं जुड़ी है जो उन्हें तमिलनाडू के अन्य ब्राह्मणों से अलग करती हो।''

हाई कोर्ट ने कहा था कि ''अत: वे स्वयं को एक धार्मिक सम्प्रदाय नहीं कहलवा सकते। परिणामत: वे भारत के संविधान के अनुच्छेद 26 के तहत लाभांवित होने के अधिकारी नहीं है। अपीलार्थियों के सभी ठोस कानूनी प्रश्नों का जवाब दे दिया गया है।

### नया अध्यक्ष...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

चुनाव में कांग्रेस के बुजुर्ग नेता मल्लिकार्जुन खड़गे (80), पार्टी सांसद शशि थरूर (65) को बड़ी आसानी से हरा देंगे। खड़गे के सबसे प्रिय होने का कारण यह है कि वे गांधी परिवार के नज़दीक माने जाते हैं तथा अधिकांश वरिष्ठ नेता उनका समर्थन कर रहे हैं, जबकि थरूर ने स्वयं को परिवर्तनवादी उम्मीदवार के रूप में पेश किया है, जबकि 9000 से अधिक प्रतिनिधियों में परिवर्तन को गृहण एवं स्वीकार करने वाला चन्द लोगों के अलावा और कोई भी नहीं है।

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी तथा उनकी पुत्री एवं ए.आई.सी.सी. महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने ए.आई.सी.सी. मुख्यालय में बनाये गये मतदान केन्द्र में अपने वोट डाले। सोनिया ने कहा कि ''वे लम्बे समय से इस स्थिति की प्रतीक्षा कर रही थीं कि कोई गैर-गांधी नेता अब पार्टी को सँभाले।''

लेकिन, अभी तक नये अध्यक्ष को आसनारूढ़ करने के लिये तथा कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सी.डब्ल्यू.सी.) चुनाव कराने के लिये, ए.आई.सी.सी. के अधिवेशन की कोई तिथि तय नहीं हुई है।

### राज्यपाल व ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

विश्वविद्यालय कानूनों में संशोधन का विधेयक है। इसके अन्तर्गत केरल के विश्वविद्यालयों में कुलपतियों के चयन में राज्य सरकार को प्रमुखता दी गई है और राज्यपाल से यह अधिकार छीन लिया गया है। सरकार के इस कदम को हल्के में ना लेते हुए राज्यपाल ने इस विधेयक पर अपनी मंजूरी देने से इंकार कर सरकार के निर्णय को अवरूद्ध कर दिया। इससे दोनों पक्षों के बीच और विवाद गहरा गया है।

कुछ मंत्रियों ने राज्यपाल की आलोचना करने के बाद सोमवार को राज्यपाल ने ट्वीट करके मंत्रियों को चेतावनी दी कि जो लोग राज्यपाल के पद की गरिमा कर रहे हैं उनके विरूद्ध कार्रवाई हो सकती है जिसमें मंत्री पद से हटाया जाना भी शामिल है। राज्यपाल के कार्यालय ने एक ट्वीट के जरिए कहा कि ''मुख्यमंत्री और उनकी मंत्रिपरिषद को राज्यपाल को सलाह देने का पूरा अधिकार है, लेकिन कुछ मंत्रियों के बयान जो राज्यपाल पद की गरिमा गिराते हैं, पर कार्रवाई हो सकती है, जिसमें उनकी बर्खास्तगी भी शामिल है।''

राज्यपाल का यह रूख कि ''जो नियुक्ति दे सकता है, वह पद से भी हटा सकता है'', पर सी.पी.एम. और राज्य सरकार के मंत्रियों ने कठोर प्रतिक्रिया दी, उन्होंने कहा कि मंत्रियों को हटाने की राज्यपाल के पास कोई तानाशाही पूर्ण शक्तियां नहीं है। सी.पी.एम. के पोलित ब्यूरो ने कहा कि संविधान ने राज्यपाल को ऐसी अधिनायकवादी शक्तियां नहीं दी हैं। वास्तव में, पोलित ब्यूरो ने कहा कि राज्यपाल का बयान सिर्फ उनका राजनीतिक झुकाव और एल.डी.एफ. सरकार के प्रति उनका बैरभाव दर्शाता है। पोलित ब्यूरो ने इस मामले में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हस्तक्षेप की मांग करते हुए यह सुनिश्चित करना चाहा कि राज्यपाल ऐसे गैर संवैधानिक और गैर लोकतांत्रिक बयान ना दें।

# राज ठाकरे व शरद पवार का ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

समर्थन देना चाहिये ताकि वे चुनाव जीत जायें।

यह बात सबसे पहले राज ठाकरे ने उठाई थी। राज ठाकरे ने उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस को संबोधित पत्र में लिखा था, ''प्रिय मित्र देवेन्द्र, स्व. रमेश लटके की मृत्यु के बाद, उनकी पत्नी रुतुजा लटके चुनाव लड़ रही हैं। मैं रमेश लटके की एक कार्यकर्ता से लेकर विधायक तक की यात्रा का मैं साक्षी रहा हूँ। उनकी मृत्यु के बाद, उनकी पत्नी का विधायक चुना जाना स्वर्गीय आत्मा के प्रति श्रद्धांजलि होगी।''

उन्होंने आगे लिखा था, ''मेरे विचार से तो ऐसा करके हम इस स्वर्गीय जनप्रतिनिधि को श्रद्धांजलि दे रहे होंगे। ऐसा करना हमारे महाराष्ट्र की महान संस्कृति के अनुरुप भी होगा आशा करता हूँ कि आप मेरा अनुरोध स्वीकार कर लेंगे।''

राज ठाकरे के पत्र के जवाब में फड़नवीस ने कहा कि यह निर्णय वे अकेले नहीं ले सकते।

इससे पूर्व पवार यह कह चुके थे, ''नये सदस्य (विधायक) का कार्यकाल मात्र डेढ़ साल का होगा। यह उपचुनाव रमेश लटके की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु के कारण हो रहा है। उनके योगदान को ध्यान में रखा जाना चाहिये।''

इस भावनात्मक कदम से पहले टीम ठाकरे ने एकनाथ शिंदे गुट पर आरोप लगाते हुये कहा था कि शिंदे गुट उनके प्रत्याशी का खेल बिगाड़ने के लिये, मुम्बई के स्थानीय प्रशासन को प्रभावित करके श्रीमती लटके के त्याग पत्र संबंधी काम में विलम्ब करा रहा है।

लटके, जो बृहन्मुम्बई म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन (बी.एम.सी.) में क्लर्क थीं, इस उपचुनाव में अपना पर्चा तभी भर सकती थीं, जब कोई अदालत बी.एम.सी. को उनका त्याग पत्र स्वीकार करने का आदेश दे।

भाजपा लम्बे समय से राज ठाकरे को अपनी ओर खींचने की कोशिश कर रही थी क्योंकि उनके समर्थन से आगामी बी.एम.सी. चुनाव जीतने में पार्टी को मदद मिलने की संभावना थी। उद्धव ठाकरे के विरोधी चचेरे भाई की अपील पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देकर भाजपा ने मुम्बई के मतदाताओं को यह संकेत देने की कोशिश की है कि भाजपा के लिये उद्धव ठाकरे से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण राज ठाकरे हैं। सूत्रों का कहना है कि यह सब कुछ राज ठाकरे तथा उनके मित्र फड़नवीस का मिला-जुला खेल था क्योंकि भाजपा का मानना था कि उसके लिये अंधेरी (पूर्व) जीतना पक्का नहीं है क्योंकि शिव सेना के उम्मीदवार के प्रति जनता की अपार सहानुभूति है तथा एन.सी.पी., कांग्रेस, वाम दल तथा अन्य राजनैतिक संगठन उनका समर्थन कर रहे हैं।

इस प्रकार, भाजपा ने एक तीर से दो निशाने साधे हैं- जहाँ उसने अपनी संभावित पराजय को शर्म से बचा लिया है, वहीं उसने राज ठाकरे पर भी एक एहसान थोप दिया है।

# 'हथियारों के आयातक से निर्यातक बना भारत'

अहमदाबाद 17 अक्टूबर (वार्ता) रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत ने हथियारों के बड़े आयातक से 25 बड़े निर्यातक देशों में शामिल होने की यात्रा तय की है और आने वाले महीनों में देश का रक्षा निर्यात 20 हजार करोड़ रूपए को पार कर जाएगा। सिंह ने आज यहां गांधीनगर में आयोजित रक्षा प्रदर्शनी से संबंधित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारत ने पिछले कुछ वर्षों में हथियारों के तथा अन्य रक्षा उत्पादों के सबसे बड़े आयातक की पहचान को पीछे छोड़ कर हथियारों का बड़ा निर्यातक देश बनने की यात्रा तय की है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष केवल छह महीनों में भारत ने 8000 करोड़ रुपए के रक्षा उत्पादों का निर्यात किया है। उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ महीनों में यह आंकड़ा 20,000 करोड़ रुपए को पार कर जाएगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि वर्ष 2024-25 तक भारत का रक्षा निर्यात 35 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच जाएगा और उसकी गिनती दुनिया के बड़े रक्षा निर्यातक देश के रूप में की जाएगी। भारत सरकार की 'मेक इन इंडिया' महत्वाकांक्षी योजना को आगे बढ़ाते हुए अब 'मेक फॉर वर्ल्ड' की भूमिका में आ गया है। उन्होंने कहा, रक्षा प्रदर्शनी का 12 वा संस्करण इस दिशा में आगे बढ़ ने के साथ-साथ भारत को रक्षा क्षेत्र में पूरी तरह से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

### खिलाड़िया...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

टरकाया जा रहा है, ऐसे प्रतिभावान खिलाड़ियों के साथ यह घिनौना मजाक है। सराफ ने मुख्यमंत्री से मांग की व खिलाड़ियों को दिए गए चैक की राशि का भुगतान तुरंत किया जाये, एवं दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, जिससे भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति ना हो।

# 'डिस्कॉम की यह धमकी नाजायज़ है कि वह पवन व सौर ऊर्जा मनमानी दर पर खरीदेंगे'

## 'बिजली की रेट निर्धारण करना विद्युत नियामक आयोग का कार्य क्षेत्र है'

**-यादवेंद्र शर्मा-**

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट में ''रिन्युएबल एनर्जी सर्टिफिकेट'' (आर.ई.सी.) नीति के तहत बने पवन ऊर्जा व सौर ऊर्जा के प्लांट को अप्रेल-2019 से बिजली उत्पादन करने के लिये राज्य सरकार द्वारा कोई भुगतान नहीं करने के मामलों पर आज न्यायाधीश एम.एम श्रीवास्तव और न्यायाधीश विनोद कुमार भारवानी की खंडपीठ के समक्ष सुनवाई हुई। जैसा कि विदित है कि इस मामले में 108 याचिकाकर्ता हैं, जिन्हें पिछले तीन वर्ष से बिजली उत्पादन के लिये सरकार द्वारा भुगतान नहीं किया जा रहा है। अनुमान लगाया जा रहा है कि केवल इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आई.ओ.सी.) को ही बिजली उत्पादन के लिये 2 से 2.5 हजार करोड़ रुपये का भुगतान किया जाना है। इस मामले में आई.ओ.सी. के अलावा केंद्र सरकार की कई अन्य इकाईयां और प्राइवेट उद्योगपति भी हैं, जिन्हें भी भुगतान किया जाना है।

- **आर.ई.सी. नीति के तहत बने अक्षय ऊर्जा पावर प्लान्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता आर.एन. माथुर ने कहा कि, डिस्कॉम ने नीति व कानून के विरूद्ध जाकर उत्पादकों को पत्र लिखा है कि, वह उनसे पुरानी दरों पर बिजली नहीं खरीदेगी।**
- **उन्होंने कहा कि इस पत्र में जाहिर होता है कि, डिस्कॉम चाहती थी कि आयोग 10 से 15 दिन के भीतर अक्षय ऊर्जा खरीदने की नई दरें तय करे।**
- **उन्होंने कहा कि आयोग ने भी अपने दायित्व को न निभाते हुए और उत्पादकों की आपत्तियों को नज़र अंदाज किया और नयी दरें तय कर दीं तथा प्रोजैक्ट की बची अवधि के लिए कानून के विरूद्ध जाकर बिजली का ''प्राइस फिक्स'' कर दिया।**
- **इस तर्क के साथ ही आर.ई.सी. नीति के तहत बने अक्षय ऊर्जा पावर प्लान्ट के संचालकों ने अपनी बहस खत्म की। अब इस मामले में राज्य सरकार अपना पक्ष रखेगी।**

आज सुनवाई के दौरान आईओसी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आर.एन. माथुर ने पैरवी जारी रखी। उन्होंने अदालत के समक्ष तर्क प्रस्तुत किये कि मार्च 2019 में राजस्थान विद्युत नियामक आयोग द्वारा यह फैसला लिया जाना, कि आर.ई.सी. नीति के तहत पवन व सौर ऊर्जा से बिजली बनाने वाले प्लांट से प्रदेश की डिस्कॉम्स 3.14 रुपये प्रति यूनिट से ही खरीद सकती हैं, आयोग की अधिकार क्षेत्र से बाहर है।

उन्होंने अदालत को बताया कि बिजली की दरें कुछ वर्षों के अन्तराल में आयोग द्वारा उत्पादकों और ग्राहकों के हित को समझते हुए तय की जाती हैं। इलेक्ट्रिसिटी एक्ट-2003 की धारा 61-64 के तहत आयोग पर एक गहरी जिम्मेदारी होती है कि वह दरें तय करते समय बिजली उत्पादकों की लागत संबंधी आपत्तियों को सुने और फिर ही निर्णय ले। परंतु मार्च 2019 में आयोग ने फैसला लिया कि आर.ई.सी. नीति के तहत बने पावर प्लांटों की बची हुई 22 साल की अवधि के दौरान 3.14 रुपये प्रति यूनिट से ही बिजली ली जायेगी। आयोग के इस फैसले से बिजली दरों की ''प्राइस कैपिंग'' कर दी गई, जो कानून के खिलाफ है और इससे यह भी साफ जाहिर होता है कि आयोग के अधिकारी बिजली निर्माताओं की बातें व आपत्ति सुनकर दरें तय करना नहीं चाहते थे।

आर.एन. माथुर ने अदालत को यह भी बताया कि आयोग पर राज्य सरकार ने दवाब बनाया था कि वह आर.ई.सी. नीति के तहत बने पावर प्लांट से पुरानी दर (3.67 रुपये प्रति यूनिट) पर बिजली नहीं खरीदेंगे। यह तथ्य इस बात से साबित होता है कि डिस्कॉम ने बने इन पावर प्लांट को पत्र लिखा था कि वह उनके साथ 1 अप्रेल 2019 से परचेज़ पावर एग्रीमेंट (पी.पी.ए.) यानी बिजली खरीदने का अनुबंधन नहीं करेगी यदि पुरानी दरें लागू रहेंगी तो। डिस्कॉम द्वारा पत्र लिखे जाने के 10 से 15 दिनों के भीतर ही आयोग ने नई दर (3.14 रु. प्रति युनिट) तय कर दी और उत्पादकों की किसी भी आपत्ति को नहीं सुना।

यहां पाठकों को यह बताना जरूरी है कि आर.ई.सी. नीति केंद्र सरकार की सोलर तथा विंड पॉलिसी-2012 के तहत लाई गई थी, जिसमें राजस्थान में सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा में निवेश किये जाने पर प्रोत्साहन दिया जाता है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि इस नीति के तहत स्थानीय डिस्कॉम्स को राज्य के आयोग द्वारा तय की गई दरों पर अक्षय ऊर्जा से बनीं बिजली को खरीदना अनिवार्य है। आर.एन. माथुर ने यह सभी तथ्य अदालत के सामने पेश किये और कहा कि राजस्थान की डिस्कॉम्स ने नीति का उल्लंघन करते हुए इन सभी प्लांट संचालकों को पत्र लिखा था कि वह उनसे बिजली नहीं खरीदेंगे।।

उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार ने थर्मल पावर स्टेशन चलाने वाली या उससे संबंधित लोगों को फायदा पहुंचाने के लिये, आर.ई.सी. नीति के तहत सौर ऊर्जा मे निवेश कर चुकी कंपनियों को भुगतान करने के लिये गैर वाजिब दरें तय की हैं और फिर मुआवजा भी नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने बिजली की दर तय करते समय यह तो बताया कि 2020 में ओपन मार्केट में टेंडर जीत चुकी कंपनी सस्ते दरों पर बिजली उत्पादन कर सकती है परंतु प्रदेश की 75 प्रतिशत बिजली थर्मल प्लांट से बनाई जाती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अपनी ''पूल रेट'' (सभी उत्पादकों से मिल रही बिजली की औसत दर) में थर्मल पावर प्लांट से बनने वाली बिजली की औसत दर को नहीं जोड़ा है, जो करीब 5 रुपये प्रति यूनिट से भी अधिक है। यह दर आर.ई.सी. नीति से बनी प्लांट्स से बनी बिजली से कहीं अधिक है। परंतु फिर भी राज्य सरकार इन्हीं प्लांट्स का हाथ मरोड़ने में लगी हुई है जबकि नीति के अनुसार उन्हें सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा में निवेश के लिए प्रोत्साहन देना चाहिये।

# नकाबपोश बदमाशों ने बैंक लूटा

सपोटरा/करौली, 17 अक्टूबर (नि.सं.)। सपोटरा के अमरगढ़ कस्बे में स्थित पंजाब नेशनल बैंक में सोमवार को दोपहर 3 बजे के करीब तीन नकाबपोश बदमाशों ने 4 लाख रुपए लूट लिए। हथियारों से लैस बदमाशों ने उपभोक्ताओं को बाहर निकालकर बैंक कर्मचारियों पर रिवाल्वर तान दी और बैंक में फायर किया।

- **रिवॉल्वर से फायर कर बैंक कैशियर सहित वसूली एजेन्ट को घायल किया।**
- **बताया जाता है कि, डकैत चार लाख रू. लूट ले गए।**

बैंक कैशियर दयाराम मीणा दाएं पैर में गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। पास में खड़े वसूली एजेंट कुंजबिहारी के ऊपर भी बदमाशों ने फायर किया, गोली कुंज बिहारी के कंधे को छूती हुई निकल गई जिससे कुंज बिहारी भी घायल हो गया।

उधर शाखा प्रबंधक नमोनारायण मीणा को भी बदमाशों ने रिवाल्वर दिखाई व बैंक से करीब 4 लाख रुपया लूट कर ले गए। घटना की खबर हवा की तरह कस्बे में फैल गई। घायल कैशियर, वसूली एजेंट को सपोटरा अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार देकर उन्हें करौली रैफर कर दिया गया। वहीं करौली अस्पताल में कैशियर दयाराम मीणा को भर्ती कर उपचार किया।

सूचना मिलते ही भरतपुर से बैंक के सर्किल हैड राजेंद्र सिंह राठौड, जिला समन्वयक विनय कुमार मीणा, यूनियन सेक्रेटरी भजन लाल मीणा, अमरगढ़ शाखा प्रबंधक नमोनारायण मीणा, करौली सामान्य चिकित्सालय पहुंचे। जहां उन्होंने घायल कैशियर से पूरी घटना की जानकारी ली। उधर शाखा प्रबंधक ने सपोटरा थाने पर घटना की रिपोर्ट दी।

तीन दिन पहले करौली जिला मुख्यालय स्थित क्षेत्रीय अरावली बड़ौदा ग्रामीण बैंक, अनाज मंडी, में रोशनदान की जाली काटकर अंदर प्रवेश कर बदमाशों ने बैंक को लूटने का काफी प्रयास किया। शाखा प्रबंधक नमोनारायण मीणा ने घटना की जानकारी दी। घटना की सूचना पर सपोटरा थाना पुलिस, जिला पुलिस अधीक्षक नारायण टोगस और अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद भी मौके पर पहुंचे।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908